जबलपुर, गुरुवार
02 अप्रैल 2026
वर्ष 31 अंक 276
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 3.00
www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

**सुविचार**
'जिंदगी अपने बल पर जियें, सहारा इंसान को खोखला कर देता है और उमीदें उसे कमजोर बनाती हैं।'

2 उत्साह, हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ ...
5 जनजातीय कल्याण का स्वर्णिम...
7 ईरान युद्ध दो से तीन हफ्तों में खत्म...
11 शासकीय स्कूलों के प्रति अभिभावकों...

## सरकार की प्राथमिकता जनजातीय वर्ग का समग्र विकास : राज्यपाल

### जनजातीय नृतक दल ने पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत कर राज्यपाल का अभिनंदन किया

मण्डला(स्वतंत्रमत)

बुधवार को मण्डला जिले के विकासखंड बिछिया के कन्हारीकला गांव में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे राज्यपाल मंगु भाई पटेल का भड़ंगा में बनाए गए हेलीपैड पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उनके आगमन पर क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला। राज्यपाल का स्वागत कैबिनेट मंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सम्पतिया उइके द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। इस अवसर पर जनजातीय नृतक दल ने पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत कर राज्यपाल का अभिनंदन किया जिससे स्थानीय संस्कृति की सुंदर झलक देखने को मिली। वहीं उनके साथ राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल का भी आगमन हुआ। विकासखंड बिछिया के कन्हारीकला गांव में आयोजित मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना और स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम में पहुंचे। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केन्द्र सरकार जनजातीय वर्ग के कल्याण के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। सरकार की प्राथमिकता जनजातीय वर्ग का समग्र विकास, स्वास्थ्य सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण है। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान पीएम जनमन के अंतर्गत जनजातीय क्षेत्रों में चल रही स्वास्थ्य एवं विकास योजनाएं इसी का उदाहरण है। वर्तमान समय जनजातीय समाज के विकास का स्वर्णिम काल है। केंद्र सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान योजना जनजातीय समाज के समग्र विकास और सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष




प्रफुल्ल मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा भी मंचासीन रहे कार्यक्रम की शुरूआत में राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान का भी सामूहिक गायन किया गया कार्यक्रम में मंडला जिले के 50 डिंडौरी जिले के 24 एवं बालाघाट जिले के 20 बैगा जनजाति के कुल 94 हितग्राहियों को मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना के तहत पशु प्रदान किए। साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए। राज्यपाल श्री पटेल ने पशुपालकों एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्नत नस्ल के पशुओं से प्रतिदिन लगभग 9 लीटर तक दूध उत्पादन संभव है जिससे करीब 500 रुपये प्रतिदिन की आय अर्जित की जा सकती है। उन्होंने कहा कि पशुओं की देखभाल बच्चों की तरह ही करनी चाहिए। समय पर चारा पानी और बीमारी होने पर दवाइयों का ध्यान रखना आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि पहले बच्चों के पोषण के लिए दूध का उपयोग करें जिससे कुपोषण दूर होगा, और उसके बाद अतिरिक्त दूध बेचकर आय बढ़ाएं। इस दौरान यहां मौजूद ग्रामीण महिला के बच्चों राज धुर्वे एवं रूबी धुर्वे को दुलार करते हुए उन्हें बेहतर शिक्षा प्रदान करने की बात की। इस दौरान कार्यक्रम में नगर परिषद बिछिया अध्यक्ष श्रीमती रजनी मरावी, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जनपद अध्यक्ष बिछिया शकुना उइके, सरपंच श्रीमती शालिनी उइके सहित अन्य जनप्रतिनिधि, प्रमुख सचिव पशुपालन उमाकांत उमराव, एमडी एनएचएम डॉ. सलोनी सिडाना, कमिश्नर जबलपुर संभाग धनंजय सिंह, आईजी ललित साक्यवार, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, सीईओ जिला पंचायत शाश्वत सिंह मीना, एसमडीएम बिछिया सुश्री सोनाली देव सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में हितग्राही एवं ग्रामीणजन मौजूद थे।

### देश की पहली डिजिटल जनगणना आज से शुरू

**नयी दिल्ली** । देश की जनगणना का पहला फेज आज से शुरू हो रहा है. यह दुनिया का सबसे बड़ा जनगणना अभ्यास होगा और यह पहली बार डिजिटल तरीके से किया जाएगा। यह भारत की 16वीं जनगणना है और आजादी के बाद 8वीं जनगणना है। इस बार जनगणना में स्व-गणना की सुविधा भी दी गई है, जिससे नागरिक खुद ऑनलाइन अपनी जानकारी भर सकेंगे. जनगणना 2027 की संदर्भ तिथि 1 मार्च 2027 की मध्यरात्रि (00:00 बजे) होगी। हालांकि, लद्दाख, जम्मू-कश्मीर के बर्फीले गैर-समकालिक क्षेत्रों, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के लिए संदर्भ तिथि 1 अक्टूबर 2026 की मध्यरात्रि तय की गई है।

### होर्मुज के रास्ते 94,000 टन एलपीजी लेकर 2 जहाज पहुंचे भारत

**नयी दिल्ली** । 94000 मीट्रिक टन के 2 एलपीजी वाहक जहाज, बीडब्ल्यू टायर और बीडब्ल्यू एल्म, सुरक्षित रूप से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजर चुके हैं और भारत की ओर बढ़ रहे हैं। बीडब्ल्यू टायर मुंबई की ओर बढ़ रहा है और इसके 31 मार्च 2026 को पहुंचने की उम्मीद है, जबकि बीडब्ल्यू एल्म न्यू मैंगलोर की ओर जा रहा है और इसके 1 अप्रैल 2026 को पहुंचने का अनुमान है। सुरक्षा में भारतीय नौसेना पूरी तरह से तैनात है। इससे पहले 27 मार्च को भी भारतीय झंडे वाले जग वसंत नाम का एलपीजी टैंकर कांडला पोर्ट पहुंचा था।

### एएसआई सर्वे की वीडियोग्राफी और आपत्तियों पर हाईकोर्ट ही करेगा विचारः सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** उच्चतम न्यायालय ने मध्य प्रदेश के धार के ऐतिहासिक भोजशाला-कमल मौला मस्जिद परिसर मामले में बुधवार को स्पष्ट किया कि वह मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की कार्यवाही में इस स्तर पर हस्तक्षेप नहीं करेगा और उसे भरोसा है कि वह भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के सर्वे के दौरान दर्ज की गई मुस्लिम पक्ष की उन आपत्तियों पर पूरी गंभीरता और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के तहत विचार करेगा, जो सर्वे की वीडियोग्राफी में दर्ज हैं।

## आंध्र प्रदेश पुनर्गठन विधेयक लोकसभा में ध्वनिमत से पारित

### विधेयक पर करीब दो घंटे चली चर्चा

नयी दिल्ली (वार्ता)

लोकसभा ने अमरावती को आंध्र प्रदेश की राजधानी बनाने वाले आंध्र प्रदेश पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक 2026 को बुधवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया। गृहराज्य मंत्री नित्यानंद राय ने इस पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि विधेयक पर करीब दो घंटे चर्चा चली जिसमें 13 से ज्यादा सदस्यों ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव इसमें रखे हैं और लगभग सभी सदस्यों ने इस विधेयक का समर्थन किया है। उन्होंने बताया कि अमरावती को आंध्र प्रदेश की राजधानी बनाने को लेकर आंध्र प्रदेश विधानसभा ने जो प्रस्ताव केंद्र को भेजा था उस प्रस्ताव में अमरावती को राज्य की राजधानी बनाने के लिए नामित कर अमरावती को राज्य की राजधानी बनाने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश सरकार ने 2015 में इसके लिए अधिसूचना जारी करते हुए कहा था कि अमरावती राज्य की राजधानी होगी। इस संबंध में गत 28 मार्च को एक प्रस्ताव केंद्र सरकार ने पारित किया जिसमें अमरावती को आंध्र प्रदेश की राजधानी के रूप में वैधानिक दर्जा देने के लिए यह पुनर्गठन संशोधन विधेयक लाया गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विधेयक में प्रावधान है कि आंध्र प्रदेश की राजधानी अमरावती होगी। आंध्र प्रदेश विधानसभा के संकल्प को प्रभावी बनाने और प्रदेश की राजधानी अमरावती को वैधानिक रूप देने के लिए कुछ संशोधनों के साथ यह विधेयक लाया गया है।



### विदेशी अंशदान संशोधन विधेयक के विरोध में विपक्ष का प्रदर्शन

कांग्रेस तथा अन्य कई विपक्षी दलों के सांसदों ने संसद भवन परिसर में बुधवार को लोकसभा में पेश होने वाले विदेशी अंशदान विनियमन संशोधन विधेयक 2026 के विरोध में प्रदर्शन किया और सरकार से इसे वापस लेने की मांग की। विपक्षी दलों के सांसदों ने हाथों में बैनर लेकर नारेबाजी की और कहा कि यह विधेयक गैर सरकार संगठन (एनजीओ) तथा संस्थाओं को लक्ष्य करने की मंशा से लाया जा रहा है इसलिए सरकार को इसे तत्काल वापस लेना चाहिए।

### जन विश्वास विधेयक भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी को बढावा देगा : कांग्रेस

कांग्रेस ने लोकसभा में आज जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) विधेयक 2026 को भ्रष्टाचार और अक्षमता को बढावा देने वाला करार देते हुए कहा कि यह किसानों, कामगारों और शिल्पकारों का विरोधी है। कांग्रेस के चमाला किरण कुमार रेड्डी ने विधेयक पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि यह विधेयक भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी और अक्षमता को बढावा देने वाला है जो सुधार के नाम पर लाया गया है लेकिन यह उसके विपरीत काम करेगा। सरकार कई कानूनों में दंड के प्रावधान को खत्म करने के लिए इसे लेकर आयी है जो बहुत बड़ी समस्या बन सकता है। हमारे यहां महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने के लिए कठोर कानून का प्रावधान है लेकिन इससे महिला सुरक्षा कमजोर होगी। उन्होंने कहा कि इससे फर्जी दवा बनाने वालों को संरक्षण प्राप्त होगा। फर्जी दवा बनाने का बड़ा रैकेट चल रहा है और इस विधेयक से इस तरह की गतिविधियों को बढावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि किसान, कामगार और शिल्पकार देश की रीढ़ है। ये लोग पहले से ही दबाव में काम कर रहे हैं और इस विधेयक से ये वर्ग और दबाव में आ जाएंगे। सरकार ने किसानों के हितों को अनदेखा करते हुए उनके अधिकारों को छीनने का काम किया है।

### विपक्ष ने कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल विधेयक वापस लेने की मांग

राज्य सभा में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सामान्य प्रशासन) विधेयक 2026 पर आज दूसरे दिन की चर्चा में विपक्ष ने इस विधेयक को इन बलों के काडर के अधिकारियों के प्रोन्नति के अवसरों को सीमित करने वाला बताते हुए इसे वापस लिए जाने की मांग को दोहराया जबकि सत्ता पक्ष ने कहा कि विधेयक इन बलों की सामान्य प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण सुधार है और इसमें न्यायालय के निर्देशों और सुरक्षा की जरूरतों का पूरा ध्यान रखा गया है। विधेयक पर दूसरे दिन की चर्चा शुरू करते हुए तृणमूल कांग्रेस के साकेत गोखले ने कहा कि सिविल पुलिस और अर्धसैनिक बलों के कार्य की प्रकृति अलग अलग है। दोनों के लिए परीक्षा देने वालों की सोच



अलग-अलग होती है और जब कोई संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा पास कर आईपीएस संवर्ग का चयन करता है तो वह सिविल पुलिस में काम करना चाहता है। इसके विपरीत केंद्रीय बल सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षा का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय पुलिस बलों का अधिकारी 17-18 साल की सेवा के बाद कमांडेट होता है जो सिविल पुलिस के अधीक्षक के रैंक का होता है। एक आईपीएस इसी दौरान डीआईजी रैंक का होता है। उन्होंने इन बलों में आईपीएस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति को इनके काडर के अधिकारियों के साथ एक अन्याय बताते हुए सवाल किया कि क्या कभी कमांडेट को सिविल पुलिस में पुलिस अधीक्षक बनाया गया है? श्री गोखले ने कहा कि यह विधेयक आईपीएस अधिकारियों के लिए पार्किंग का अवसर बढ़ाने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि सरकार को इस विधेयक को वापस ले कर केंद्रीय पुलिस बलों के कर्मियों के कल्याण पर ध्यान देना चाहिए।



## कंबाइन हार्वेस्टरों को मिलेगी टोल से छूट : डॉ. यादव

**भोपाल स्वतंत्र मत।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार किसान कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। किसान कल्याण वर्ष 2026 में समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश के विचार को सार्थक करते हुए किसान हित में अनेक निर्णय लिए जा रहे हैं। अब कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग किये जाने वाले कंबाइन हार्वेस्टरों को मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के टोल प्लाजा पर शुल्क संग्रहण से छूट रहेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि फसल कटाई में प्रयुक्त होने वाला कंबाइन हार्वेस्टर आवश्यक कृषि उपकरण है। टोल मार्गों पर टोल छूट दिए जाने से हार्वेस्टर की परिवहन लागत में कमी आएगी। जिसका सकारात्मक प्रभाव कृषि उपज के मूल्य पर होगा, यह निर्णय कृषकों के लिए हितकर सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह निर्देश मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के संचालक मंडल की बैठक में दिए। समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में आयोजित बैठक में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, मुख्य सचिव अनुराग जैन उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में हुई संचालक मंडल की बैठक में इंदौर-उज्जैन ग्रीन फील्ड मार्ग और उज्जैन-जावरा ग्रीन फील्ड मार्ग के नॉन एक्सेस कंट्रोल परियोजना के रूप में निर्माण को अनुमोदन प्रदान किया गया। संचालक मंडल ने पश्चिम भोपाल बायपास के परिवर्तित एलाइनमेंट को अनुमोदन प्रदान कर निर्माण की सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की। बैठक में वार्षिक लेखों तथा अन्य प्रबंधकीय विषयों पर विचार-विमर्श हुआ तथा निर्णय लिए गए। बैठक में अपर मुख्य सचिव संजय दुबे, मनीष रस्तोगी, प्रमुख सचिव लोक निर्माण सुखबीर सिंह, प्रमुख सचिव वन संदीप यादव तथा प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम भरत यादव उपस्थित थे।

**मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के संचालक मंडल की हुई बैठक**

### पंजाब भाजपा मुख्यालय के बाहर धमाका

**चंडीगढ़** । पंजाब व हरियाणा की राजधानी चंडीगढ़ में बम ब्लास्ट हुआ है। बुधवार दोपहर बाद सेक्टर-37 स्थित भाजपा मुख्यालय के बाहर धमाका होने से वहां अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि धमाके की आवाज दूर तक सुनाई दी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, दमकल विभाग और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं और जांच शुरू कर दी गई है। इस घटना के बाद वहां दशहत का माहौल बना हुआ है। पुलिस ने पूरे इलाके को सील कर जांच शुरू कर दी है। वहीं आसपास के सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं।

## आरबीआई का बड़ा कदमः यूपीआई और डिजिटल पेमेंट्स के लिए टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन अनिवार्य

**नई दिल्ली।** भारत में बढ़ते डिजिटल लेन-देन के बीच ऑनलाइन धोखाधड़ी को रोकने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सख्ती बढ़ा दी है। 1 अप्रैल 2026 से लोकप्रिय यूपीआई (यूपीआई) प्लेटफॉर्म सहित सभी डिजिटल पेमेंट्स के लिए टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन अनिवार्य हो गया है। आरबीआई के इस कदम से अब केवल पिन डालकर पेमेंट




करना संभव नहीं होगा, इससे ग्राहकों की गाढ़ी कमाई पहले से कहीं अधिक सुरक्षित हो जाएगी।आरबीआई के निर्देशों के अनुसार, बैंक और गैर-बैंक संस्थाओं सहित सभी भुगतान प्रणाली सेवा का संचालन करने वाली कंपनियों और प्रतिभागियों को 1 अप्रैल, 2026 तक इन दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करना अनिवार्य था। केंद्रीय बैंक ने बैंक धोखाधड़ी को कम करने और जवाबदेही में सुधार के लिए यह व्यवस्था लागू की है।

## ईरान ने बहरीन में अमेजन ऑफिस पर हमला किया

### माइक्रोसॉफ्ट-एपल, गूगल भी निशाने पर



तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन

ईरान ने बहरीन में आज अमेरिकी कंपनी अमेजन वेब सर्विस के एक डेटा सेंटर पर हमला किया। फाइनेंशियल टाइम्स के मुताबिक, हमले के बाद उस जगह पर आग लग गई। इससे पहले बहरीन के गृह मंत्रालय ने भी बताया था कि एक कंपनी की इमारत में आग लगी है, जिसे फायर ब्रिगेड की टीम बुझा रही थी। हालांकि उस समय कंपनी का नाम नहीं बताया गया था। यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब एक दिन पहले ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने मिडिल ईस्ट में काम कर रही 18 अमेरिकी कंपनियों को निशाना बनाने की धमकी दी थी। इनमें माइक्रोसॉफ्ट, एपल, गूगल, मेटा जैसी कंपनियां शामिल हैं। वहीं डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ युद्ध खत्म करने के लिए किसी समझौते (डील) की जरूरत नहीं है। अमेरिका यह युद्ध 2 से 3 हफ्तों में खत्म कर सकता है।

### जंग से मिडिल ईस्ट को 18 लाख करोड़ का नुकसान

यूनाइटेड नेशन डेवलपमेंट प्रोग्राम ने कहा है कि मध्य पूर्व में चल रहा युद्ध पूरे इलाके की अर्थव्यवस्था को बहुत बड़ा नुकसान पहुंचा सकता है। उनकी रिपोर्ट के मुताबिक यह संघर्ष अब सिर्फ कुछ देशों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए बड़ा संकट बन गया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि ईरान के राष्ट्रपति ने अमेरिका से सीजफायर की मांग की है। ईरान की नई लीडरशिप पहले के मुकाबले कम कट्टर और ज्यादा समझदार है। हालांकि, ट्रम्प ने साफ किया कि अमेरिका तुरंत सीजफायर नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि जब तक होर्मुज स्ट्रेट पूरी सुरक्षित नहीं हो जाता, तब तक अमेरिका अपना मिलिट्री ऑपरेशन जारी रखेगा।

## मोदी ने असम में राजग की हैट्रिक का किया दावा

गोगामुख/डिब्रूगढ़,(वार्ता)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को असम के गोगामुख में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार की हैट्रिक (लगातार तीसरी जीत) का दावा करते हुये कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। प्रधानमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुये कहा कि कांग्रेस ने अपने लंबे शासनकाल में ब्रह्मपुत्र नदी के दोनों किनारों को जोड़ने के लिए केवल तीन पुल बनाए, जबकि भारतीय जनता पार्टी-राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (भाजपा-राजग) की डबल इंजन की सरकार ने पिछले 11 वर्षों में पांच नए पुलों का निर्माण कर लोगों की समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि बोगीबील



पुल और भूपेन हजारिका सेतु जैसी परियोजना ने असम के लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव लाया है। श्री मोदी ने कहा कि पहले सर्वानंद सोनोवाल और अब हिमंता बिस्वा सरमा के नेतृत्व में असम की जनता ने पिछले 10 वर्षों में सेवा और सुशासन का नया दौर देखा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह चुनाव विकसित असम से विकसित भारत बनाने का चुनाव है। श्री मोदी ने जनसभा में उमड़ी भारी भीड़ को भाजपा-राजग की जीत का संकेत बताते हुए कहा कि इस बार राज्य में हैट्रिक तय है, जबकि कांग्रेस को लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी हार का शतक बनाने की ओर बढ़ रही है। असम चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद पहली जनसभा का जिक्र करते हुए श्री मोदी ने कहा कि जनता के आशीर्वाद से उन्हें प्रधानमंत्री के रूप में तीसरी बार सेवा करने का अवसर मिला है और अब असम में भी भाजपा सरकार तीसरी बार बनने जा रही है। श्री मोदी ने अपने संबोधन में जोर देकर कहा, आज असम की जनता के सामने मैं कांग्रेस की एक चाल का पर्दाफाश करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि 2014 के चुनाव से पहले कांग्रेस की केंद्र सरकार ने एक सांप्रदायिक हिंसा (कम्यूनल वायलेंस) कानून बनाने का प्रयास किया था।

# उत्साह, हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ मनाया गया प्रवेशोत्सव कार्यक्रम

## शिक्षक, विद्यार्थियो को पूरी ईमानदारी, लगन और समपर्ण के साथ दें शिक्षा - कलेक्टर

शहडोल (स्वतंत्रमत)



जिला मुख्यालय के शासकीय रघुराज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्कूल चले हम अभियान के तहत कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, सदस्य योजना योजना समिति अमिता चपरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष फूलवती सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियो, अधिकारियो, अभिभावको एवं विद्यार्थियो की उपस्थिति में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास, उत्साह एवं उमंग के साथ प्रवेशोत्सव सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मॉ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने प्रवेशोत्सव कार्यक्रम को सम्बोंधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी देश के भविष्य है इनके योगदान से ही हमारे समाज और देश का उत्थान संभव है। प्रत्येक बच्चे को शिक्षित करना शासन की मंशा है, यह तभी संभव होगा जब हम सब मिलकर बच्चे को शिक्षा के लिए प्रेरित करेंगे, शिक्षा से अनुशासन, सोच और सकारात्मक दिशा में बढने की क्षमता बढती है। उन्होने कहा कि बच्चो के अभिभावक विद्यालय के शिक्षको से बड़ी उम्मीदे रखते है कि मेरे बच्चे पढ़कर लिखकर नाम रोशन करेंगे इन उम्मीदो को पूरा करना शिक्षको का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि शिक्षक पूरी ईमानदारी, लगन और समर्पण के साथ विद्यार्थियो को शिक्षा दें जिससे आगे चलकर वे देश और समाज के विकास और उन्नति में अपने योगदान दे सकें। कलेक्टर ने कहा कि बच्चो को शिक्षा ग्रहण के लिए हमेशा प्रेरित करे जिससे कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहें। उन्होंने कहा कि अभिभावक शासन द्वारा संचालित योजनाओ का लाभ लेते हुए अपने बच्चो को बेहतर से बेहतर शिक्षा दिलाएं और उनका भविष्य मजबूत करें। छोटे छोटे बच्चो को ऑगनवाड़ी केंद्रो के माध्यम से भी बच्चो को प्राथमिक विद्यालयो के प्रवेश भी दिलाया जाता है। सदस्य, जिला योजना समिति श्रीमती अमिता चपरा ने प्रवेशोत्सव कार्यक्रम को सम्बोंधित करते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार विद्यार्थियो को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा देने के लिए कार्य कर रही है। बच्चो को शिक्षित करना हम सबका नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियो को नि:शुल्क साइकिले, पाठ्य सामग्री, छात्रवृत्ति, गणवेश जैसी अन्य सुविधा नि:शुल्क प्रदाय की जा रही है। विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को स्कूटी तथा 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि इन सुविधाओ का लाभ लेते हुए अभिभावक अपने बच्चो को नियमित रूप से विद्यालय भेजे तथा बच्चों की पढ़ाई में सहयोग करें। कार्यक्रम को जिला पंचायत उपाध्यक्ष फूलवती सिंह, अध्यक्ष नगरपालिका घनश्याम जायसवाल ने भी सम्बोंधित किया। कार्यक्रम में उपस्थिति जनप्रतिनिधियो एवं अधिकारियो ने नवप्रवेषित विद्यार्थियो को तिलक, पुष्पवर्षा एवं फूलमाला पहनाकर स्वागत, कक्षा 9वीं प्रवेषित बच्चियो को साइकिल वितरित, उच्चतम अंको से परीक्षा उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियो को प्रमाण पत्र भी वितरित किये गए। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा एवं सुना गया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अमृता गर्ग, जनपद पंचायत अध्यक्ष हीरावती कोल, संयुक्त संचालक लोक शिक्षण मेश कुमार धुर्वे, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनंद राय सिंहा, डीपीसी अमरनाथ सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी आर.के. मंगलानी, समाजसेवी रवींद्र वर्मा, प्रियम त्रिपाठी, ए.पी.सी. अरविंद पाण्डेय सहित विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक, अभिभावक, विद्यार्थियो सहित अन्य लोग उपस्थित रहें। कार्यक्रम को संचालन जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पाण्डेय ने किया।

## प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन



**ब्यौहारी (स्वतंत्रमत)।** विकास खण्ड ब्यौहारी अंतर्गत शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय निपनिया और नगरीय क्षेत्र मे शासकीय पीएमश्री कन्या उच्च. मा. विद्यालय ब्यौहारी मे स्कूल चले अभियान के तहत उत्साह, हर्षोउल्लास एवं उमंग के साथ प्रवेशोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय निपनिया मे बीआरसीसी मनोज केशरवानी, निपनिया सरपंच विश्वकर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष आकांक्षी सिंह, पपौंध मण्डल अध्यक्ष श्याम पाल तिवारी, प्रचार्य सुनील कुमार साकेत सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, अधिकारियो, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति मे प्रवेशोउत्सव कार्यक्रम हर्षउल्लास के साथ सम्पन्न हुआ साथ ही नगरीय क्षेत्र के शासकीय पीएमश्री कन्या उच्च. मा. विद्यालय ब्योहारी मे नगर परिषद अध्यक्ष कृष्ण गुप्ता के मुख्य अतिथि, मण्डल अध्यक्ष विनय कुमार गुप्ता उर्फ़ मोनू के अध्यक्षता मे विकास खण्ड शिक्षाधिकारी ब्रम्हानंद श्रीवास्तव तथा प्रचार्य प्रक्सेद एक्का की उपस्थिति मे प्रवेश उत्सव कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के छायाचित्र मे माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। जनपद पंचायत अध्यक्ष आकांक्षी सिंह ने प्रवेश उत्सव कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य होता है इनके योगदान से ही हमारे देश और समाज का उत्थान संभव है। बच्चों को शिक्षित करना शासन की मनसा है। यह तभी संभव होगा ज़ब हम सब मिलकर बच्चों को शिक्षा के लिये प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों के अभिवावक बड़ी उम्मीद रखते है कि हमारे बच्चे पढ़ लिख कर नाम रोशन करेंगे। इन उम्मीदों को पूरा करना शिक्षको का कर्तव्य है। शिक्षक पूरी ईमानदारी,लगन और समर्पण के साथ विद्यार्थियों को शिक्षा दे जिससे आगे चलकर वे देश और समाज के विकास और उन्नति मे अपने योगदान दे सके। बीआरसीसी मनोज केशरवानी ने कहा कि बच्चों को शिक्षा ग्रहण के लिये हमेशा प्रेरित करें जिससे कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। अभिभावक शासन की योजनाओ का लाभ लेते हुए अपने बच्चों को बेहतर से बेहतर शिक्षा दिलाये और उनका भविष्य मजबूत करे। विद्यार्थियों को नि रू शुल्क साईकिले, पाठ्य समाग्री, छात्रवृत्ती एवं गणवेश जैसी अन्य सुविधाएं शासन द्वारा नि रू शुल्क प्रदाय की जा रही है।

## श्री हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर धुरवार हनुमान मंदिर में विशेष पूजा पाठ व भंडारे का होगा आयोजन



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** जिला मुख्यालय से जुड़े ग्राम धुरवार में स्थित हनुमान मंदिर अपनी धार्मिक महत्ता और पहचान के कारण श्रद्धालुओं के बीच विशेष आस्था का केंद्र बना हुआ है। दूर-दराज से भक्त यहां पहुंचकर भगवान हनुमान जी के दर्शन कर अपनी मनोकामनाएं पूरी होने की प्रार्थना करते हैं। मंदिर में स्थापित हनुमान जी की प्रतिमा अत्यंत प्रभावशाली मानी जाती है, जिसे लेकर स्थानीय लोगों में गहरी श्रद्धा है। क्षेत्रवासियों का विश्वास है कि यहां सच्चे मन से मांगी गई मन्नत अवश्य पूरी होती है और सभी कष्टों का निवारण होता है। यह मंदिर शांत और स्वच्छ वातावरण के लिए भी जाना जाता है। मंदिर में प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल होते हैं। वहीं, हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर यहां भव्य भंडारे का आयोजन किया जाता है, जिसमें क्षेत्र सहित दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करते हैं। श्री हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर ग्रामीण एवं क्षेत्र के भक्तजनों के द्वारा हनुमान जी का विशेष पूजन पाठ कर विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया है। जिसमें समिति के सभी भक्तजनों के द्वारा भण्डारे में प्रसाद ग्रहण करने हेतु आग्रह किया गया है।

## चार पुलिस-कर्मचारी अधिकारियों को दी गई भावभीनी विदाई, शानदार सेवाओं के लिए किया गया सम्मानित



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** पुराने पुलिस कंट्रोल रूम में एक गरिमामय सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस विभाग में अपनी लंबी और उत्कृष्ट सेवाएं देने के बाद सेवानिवृत्त हो रहे। चार पुलिस कर्मचारी अधिकारियों को विभाग की ओर से भावभीनी विदाई दी गई। सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस अधिकारियों में निम्नलिखित नाम शामिल हैं। कार्य. निरीक्षक मुन्नालाल राहंगडाले। कार्य. उनि. मवासी सिंह। कार्य. उनि. सूर्यप्रताप सिंह कार्य. प्रआर. राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय, समारोह की अध्यक्षता करते हुए पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने सेवानिवृत्त हो रहे सभी 4 पुलिस अधिकारियों को फूलमाला पहनाकर तथा शॉल, श्रीफल, स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि, पुलिस कर्मचारी/अधिकारियों ने अपने पूरे सेवाकाल के दौरान जो अनुशासन और समर्पण दिखाया है, वह विभाग के युवा कर्मचारियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

## आँगन को फिर से चहकने दें विश्वविद्यालय में प्राणिशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित विश्व गौरैया दिवस 2026 का भव्य जागरूकता कार्यक्रम

शहडोल (स्वतंत्रमत)




पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय के प्राणिशास्त्र विभाग द्वारा 24 मार्च को विश्व गौरैया दिवस 2026 के अवसर पर एक भव्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य संदेश और थीम आँगन को फिर से चहकने दें। मुख्य अतिथियों का गरिमामयी सानिध्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संकयाध्यक्ष प्रो. प्रवीण शर्मा और उनके साथ विभागाध्यक्ष प्रो.अमित निगम ,प्रो.उमा सिंह, प्रो. ममता प्रजापति और सहायक प्राध्यापक वंदना राम ने विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। सभी वरिष्ठ अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और अपने अनुभवों के माध्यम से छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन के लिए गौरैया जैसी छोटी प्रजातियों का बचना अनिवार्य है। छात्रों ने पर्यावरण के अनुकूल सामग्री से बर्ड हाउस तैयार किए और उन्हें विश्वविद्यालय परिसर के सुरक्षित स्थानों पर स्थापित किया। कलात्मक प्रतियोगिताएं परिसर में रंगोली, पोस्टर मेकिंग और ड्राइंग के माध्यम से गौरैया संरक्षण का संदेश दिया गया। साहित्यिक प्रस्तुति छात्रों ने कविता पाठ और कहानी वाचन के जरिए प्रकृति के प्रति अपनी संवेदनाएँ व्यक्त कीं विशेष सत्र में विभाग की सदस्य अर्पिता मिश्रा ने अपने प्रेजेंटेशन, जिसका विषय जिले में कृषि विस्तार और शहरीकरण का घरेलू गौरैया पर प्रभाव के माध्यम से बताया कि किस प्रकार बढ़ते शहरीकरण से शहडोल में गौरैया के प्राकृतिक आवास प्रभावित हो रहे हैं, जो कि उनका खुद का अध्ययन रहा हैं। इस सफल कार्यक्रम का आयोजन सहायक प्राध्यापक किशोर श्रीवास्तव, डॉ. पूजा गौड़, अर्पिता मिश्रा और विधि शुक्ला की देखरेख में किया गया। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता अंकित शुक्ला द्वारा की गई। यह कार्यक्रम गौरैयों के संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने और छात्रों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने के उद्देश्य से मनाया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों ने संकल्प लिया कि वे अपने घरों और छतों पर दाना-पानी रखेंगे ताकि हमारे घरों का आँगन एक बार फिर गौरैया की चहचहाहट से गूँज उठें।

## जिले में बड़ी कार्रवाई: होटल में पकड़े गए घरेलू गैस सिलेंडर, 5 जब्त

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** जिले में अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देश पर खाद्य विभाग की टीम ने करंजिया क्षेत्र में छापामार कार्रवाई करते हुए घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग का मामला उजागर किया है। सहायक आपूर्ति अधिकारी शमीम खान के नेतृत्व में टीम ने करंजिया स्थित माँ नर्मदा भोजनालय का निरीक्षण किया। जांच के दौरान पाया गया कि घरेलू उपयोग के लिए



जारी एलपीजी सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा था, जो नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। मौके से 5 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त कर उन्हें अम्बे एचपी गैस, करंजिया की सुपुर्दगी में दिया गया। संबंधित मामले में द्रविकृत पेट्रोलियम गैस प्रदाय एवं वितरण विनियमन आदेश 2000 के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस प्रकार की अवैध गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है।

# गैस की किल्लत, पेट्रोल डीजल की कमी और बिजली के बढ़ते दामों को लेकर सड़क पर उतरी कांग्रेस

ब्यौहारी (स्वतंत्रमत)




मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के आह्वान पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष अजय अवस्थी के मार्गदर्शन व जिला संगठन महासचिव विनोद ताम्रकार के उपस्थित मे ब्लाक कांग्रेस कमेटी ब्यौहारी अध्यक्ष सतेन्द्र त्रिपाठी उर्फ़ पिंटू की अगुआई मे सत्ताधीन सरकार के जन विरोधी नीतियों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करते हुए लोगों को होने वाले गैस की किल्लत , पेट्रोल डीजल की कमी से निजात दिलाने और बिजली के बढ़ते दामों को कम करने की मांगो को लेकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए महामहिम राजयपाल के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ब्योहारी को ज्ञापन सौंपा है। प्रदर्शन के दौरान ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सतेन्द्र त्रिपाठी ने सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश मे आज मंहगाई चरम पर है। यंहा लूट खसोट की सरकार है। गैस सिलेंडर की कमी से लोगों को गैस आसानी से उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। बिजली विभाग मनमाने तरीके से बिल बढ़ाचढ़ा कर आम जनता को शॉक दे रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने आम आदमी की रसोई पर डांका डाला है। बिजली की दरे बढ़ाना और इर्धन की किल्लत पैदा करना सरकार की प्रशासनिक बीफलता का प्रमाण है।

**ये रहे मौजूद**-धरना प्रदर्शन के दौरान मुख्य रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बुढ़वा अध्यक्ष सच्चिदानंद सिंह, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पपौंध अध्यक्ष सुरेश विश्वकर्मा, जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र पटेल,अखिलेश सोनी,चिरंजीव लाल चंचलानी, मंडलम बाणसागर अध्यक्ष श्रीकांत पांडे, नरेंद्र पांडे, आदित्य सिंह, विनय द्विवेदी,हरिशंकर कोरी, अनुपम सक्सेना, राजभान मिश्रा, अनिल नामदेव, कमला कोरी, पप्पू साकेत, सतीश कुमार पांडे, इंद्र कुमार पाठक, बिहारी कोरी,पुष्पेंद्र परौहा,नगर कांग्रेस अध्यक्ष हरि सिंह, राजेंद्र सोनी, प्रियदर्शी तिवारी, गीता कोल, इस्लाम खान, अंकित गुप्ता बल्ली, युवक कांग्रेस के अध्यक्ष विक्रम कोल, आयूष ताम्रकार, बसंत साहू, एनएसयूआई के अध्यक्ष अनुराज तिवारी,सूर्य प्रकाश पाठक, निक्की मिश्रा,अम्बुज पाठक, मुकेश चतुर्वेदी, रवि सोनी, विकास बंसल, राजेंद्र प्रसाद सोनी सहित कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शहपुरा-डिंडौरी मार्ग निर्माण में अनियमितता, कलेक्टर ने ठेकेदार को किया कारण बताओ नोटिस जारी



डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर डिंडौरी ने शहपुरा-डिंडौरी मार्ग पर हो रहे सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता एवं अनुबंध की शर्तों के उल्लंघन के मामले में संबंधित ठेकेदार फर्म को च्कारण बताओज् नोटिस जारी किया है। सूचना के अनुसार, राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 45 के शहपुरा-डिंडौरी खंड में निर्माणाधीन पुल और पुलियों के पास कार्य में गुणवत्ता का पालन नहीं किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि बिना पर्याप्त मजबूती के पाइप डालकर निर्माण किया जा रहा है, जो अनुबंध की शर्तों और ठेकेदार के दायित्व का उल्लंघन है। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भी कार्य की गुणवत्ता पर असंतोष जताया। इसके अलावा सोशल मीडिया में वायरल शिकायतों ने भी मामले को गंभीर रूप दिया। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री टीम ने 31 मार्च 2026 को स्थल निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट में खामियां पाई। कलेक्टर ने फर्म को 7 अप्रैल 2026 तक उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। समयसीमा में संतोषजनक जवाब न मिलने पर अनुबंध निरस्त कर फर्म को ब्लैकलिस्ट करने की एकपक्षीय कार्रवाई की संभावना है। इस मामले में प्रमुख अभियंता एवं संबंधित अधिकारियों को भी आवश्यक कार्यवाही के लिए सूचित किया गया है।

## फंड जारी होने के बावजूद नहीं हुई पुताई-सफाई डीपीओ का सख्त एक्शन, पर्यवेक्षक को नोटिस

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में पुताई एवं साफ-सफाई कार्य में अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी (डीपीओ) ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित पर्यवेक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। जानकारी के अनुसार, परियोजना शहपुरा के सेक्टर मानिकपुर अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र लालपुर दादर टोला एवं लालपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि विभाग द्वारा राशि जारी किए जाने के बावजूद पुताई एवं साफ-सफाई का कार्य नहीं कराया गया। साथ ही केंद्रों की स्थिति भी संतोषजनक नहीं मिली और संबंधित पर्यवेक्षक को मामले की समुचित जानकारी तक नहीं थी। इस लापरवाही को गंभीर मानते हुए पर्यवेक्षक लक्ष्मी शिव को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, जिले के अन्य सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में जहां पुताई एवं साफ-सफाई के लिए राशि उपलब्ध कराई जा चुकी है, वहां शीघ्र कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।



## 2 महीने से बंद सड़क पर भड़के विधायक, बीच सड़क खड़े होकर हटवाए बैरिकेड्स, यातायात कराया बहाल




डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

जिले के शहपुरा नगर में दो महीने से बंद पड़े मुख्य मार्ग को लेकर आखिरकार स्थानीय विधायक ओमप्रकाश धुर्वे का गुस्सा फूट पड़ा। बुधवार सुबह विधायक खुद मौके पर पहुंचे और बीच सड़क पर खड़े होकर रास्ता खुलवाया। जानकारी के मुताबिक नगर के अंदर का मुख्य कच्चा मार्ग डिवाइडर निर्माण के नाम पर पिछले दो महीनों से बंद था। इससे व्यापारियों और आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। आए दिन जाम की स्थिति बन रही थी और लोगों को मजबूरी में रॉन्ग साइड से वाहन चलाना पड़ रहा था, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया था। स्थानीय लोगों ने इस समस्या को लेकर विधायक ओमप्रकाश धुर्वे से शिकायत की थी। इसके बाद विधायक ने खुद पहल करते हुए मौके पर पहुंचकर रास्ते को बंद करने के लिए लगाए गए पाइप और बैरिकेड्स हटवाए और आम जनता के लिए मार्ग को खोल दिया। विधायक धुर्वे ने इस मामले में प्रशासन की कार्यशैली पर नाराजगी जताई। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि डिवाइडर निर्माण कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा है और अनावश्यक बैरिकेड्स के कारण यातायात पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द कार्य पूरा करने या अनावश्यक अवरोध हटाकर यातायात सुचारु करने के निर्देश दिए। इस कार्रवाई के बाद स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने राहत की सांस ली है और विधायक के इस कदम






# शराब दुकान खोलने के विरोध में सड़कों पर आए स्थानीय नागरिक और विद्यार्थी

## मदन महल स्थित लाड़ली पथ का मामला, देर रात तक चला हंगामा

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

नई शराब दुकान को लेकर स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। दरअसल एक अप्रैल से नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत के साथ ही दुकानों की शिफ्टिंग के बीच मदन महल लिंक रोड (लाड़ली पथ) पर प्रस्तावित दुकान का लोगों ने देर रात विरोध किया गया। गुस्साए लोगों ने कर्मचारियों को वहां से भगा दिया और दुकान न खुलने की चेतावनी दी। सूचना मिलते ही पुलिस और आबकारी विभाग मौके पर पहुंचा और समझाइश के बाद दुकान को फिलहाल सील कर दिया गया। बताया जा रहा है कि पुरानी शराब दुकान को करीब आधा किलोमीटर दूर उस स्थान पर शिफ्ट किया जा रहा था, जहां पहले कोचिंग सेंटर संचालित होता था। रात करीब 12 बजे शिफ्टिंग की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए और विरोध शुरू कर दिया। स्थानीय निवासियों ने कहा कि यह बेहद शर्मनाक है कि जिस सड़क को कुछ दिन पहले ही लाड़ली पथ के रूप में विकसित करने की बात कही गई, उसी पर अब शराब दुकान खोली जा रही है। जब इसकी जानकारी मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री तक पहुंचेगी, तो इसका क्या संदेश जाएगा। भूमाफिया और शराब माफिया मिलकर लाड़ली पथ को 'शराब पथ' बनाने में लगे हैं। यह इलाके के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया कि भूमाफिया और शराब माफिया मिलकर इस इलाके का माहौल खराब कर रहे हैं। लोगों ने साफ कहा कि किसी भी कीमत पर यहां दुकान नहीं खुलने दी जाएगी। विरोध बढ़ता देख पुलिस और आबकारी विभाग की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। सहायक आबकारी अधिकारी डीसी चतुर्वेदी ने बताया कि फिलहाल दुकान को सील कर दिया गया है और कलेक्टर के आदेश के बाद ही आगे निर्णय लिया जाएगा कि दुकान कहां संचालित होगी।

### विद्यार्थियों ने किया शराब दुकान का विरोध

इसी प्रकार कछपुरा ब्रिज स्थित लाडली पथ पर शराब दुकान के विरोध में छात्रों द्वारा जमकर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने बताया कि जिस जगह पर यह शराब दुकान खोली जा रही है, ठीक उसी जगह उनकी कोचिंग संस्थान है। जहां पर वे प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए पढ़ने आते हैं। छात्रों का कहना है कि इसी माह अप्रैल से उनकी पीएससी परीक्षा शुरू होने जा रही है। ऐसे समय में उसी स्थान शराब दुकान खुलने की सूचना से छात्र चिंतित हैं। कोचिंग संचालक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि कलेक्टर से मुलाकात में दुकान नहीं खुलने का आश्वासन मिला था। इसके बावजूद रात में परिसर में बीयर की कैरेट रखवा दी गई। छात्रों और स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के हित में इस स्थान से शराब दुकान का प्रस्ताव तत्काल निरस्त किया जाए।

फोटो : अनिल तिवारी

## प्रदेश स्तर पर आंदोलन की तैयारी में किसान संघ

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत किसानो से जुडी समस्यों के लिए मैदान में उतरने तैयार हो गया है संघ के महामंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि भोपाल में किसान मंच की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई थी। इस बैठक में रबी सीजन में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी सहित कई मुद्दों को लेकर चर्चा की गई। भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत की तरफ से मुख्यमंत्री के समक्ष एक ज्ञापन प्रस्तुत किया गया था, जिसमें भू-अधिग्रहण कानून, गेहूं खरीदी, सहकारिता, राजस्व, विद्युत विभाग एवं नहर से जुड़े विषय प्रमुख रूप से शामिल थे। लेकिन अब तक सरकार की तरफ से इन समस्याओं के समाधान को लेकर कोई ठोस प्रतिक्रिया सामने नहीं आने के कारण सरकार के इस रवैये से नाराज किसान संघ ने प्रदेश स्तर पर आंदोलन की रणनीति तैयार की है। इसके तहत 8 अप्रैल को मध्यप्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया है। महाकौशल प्रांत की दो दिवसीय महत्वपूर्ण बैठक 2 एवं 3 अप्रैल को रीवा जिले में आयोजित की जाएगी। इस बैठक में आगामी वार्षिक कार्ययोजना के साथ-साथ भविष्य की रणनीति पर विचार-विमर्श किया जाएगा।



नरवाई न जलाकर सुपर सीडर से सीधे बोआई कर रहे किसान

# किसानों ने जानी सुपर सीडर की अहमियत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जिले में जहां एक ओर 1.9 लाख हेक्टेयर विशाल गेहूं रकबा जिले की कृषि संपन्नता का प्रतीक है, वहीं दूसरी ओर नरवाई जलाने की घटनाएं जिले के पर्यावरण को प्रभावित भी करती है। ऐसी स्थिति में जिले के विकासखण्ड पाटन के ग्राम मुर्रई का मॉडल पूरे समाधान की राह दिखाता है। कृषि अधिकारियों के अनुसार ग्राम मुर्रई के लगभग सभी किसान पिछले करीब तीन वर्षों से नरवाई न जलाकर सुपर सीडर से सीधे बोआई कर रहे हैं। अनुविभागीय कृषि अधिकारी पाटन डॉ इंदिरा त्रिपाठी क्षेत्र निरीक्षण के दौरान आज ग्राम मुरई पहुंची, जहां कृषक आदित्य पटेल गेहूं फसल के बाद नरवाई जलाए बिना ही सुपर सीडर से उड़द फसल की बोनी कर रहे थे।

कृषक आदित्य पटेल ने बताया कि वे विगत तीन वर्षों से गेहूं फसल के बाद नरवाई में आग लगाने की बजाय सुपर सीडर से बोनी कर रहे हैं। इससे खेत की जुताई का खर्च कम हो रहा है और सीधे बुआई संभव हो पा रही है। नरवाई को न जलाने से फसल कटाई के बाद बचे अवशेष खाद के रूप में मिट्टी को पोषण प्रदान करते हैं और नमी सरंक्षण में सहायक होने के बीजों का अंकुरण बेहतर होता है। सुपर सीडर से और पुरानी पद्धति से बोआई में मुख्य अंतर बताते हुये आदित्य ने कहा कि सुपर सीडर से बोआई में समय की बचत होती है। जबकि, नरवाई जलाने के बाद खेत तैयार करने में दस दिन लगते हैं। पुरानी पद्धति से केवल खेत की जुताई पर खर्च तीन हजार रुपये से चार हजार रुपये प्रति एकड़ आता है। वहीं, सुपर सीडर से मात्र 1 हजार 200 रुपये से 1 हजार 500 रुपये प्रति एकड़ में खेत की जुताई से लेकर बोआई तक का काम पूरा हो जाता है। पुरानी पद्धति में खाद अलग से डालनी पड़ती हैए जबकि सुपर सीडर से बीज और खाद एक साथ सही गहराई पर गिरते हैं। पुरानी पद्धति में बीजों का अंकुरण 70 से 80 प्रतिशत और सुपर सीडर स बीजों का अंकुरण 90 से 95 होता है। इसके साथ ही आदित्य ने बताया कि उनके गांव में 14 सुपर सीडर, 12 स्ट्रॉ रीपर एवं 6 हार्वेस्टर जैसे यंत्र है, जो किसानों विभागीय योजनाओं के तहत अनुदान पर प्राप्त हुए। इनके फलस्वरूप गांव के अन्य किसान भी नरवाई प्रबंधन हेतु सुपर सीडर का उपयोग कर पर्यावरण का संरक्षण तो कर ही रहे है साथ ही लागत में कमी होने दे अधिक आय की और बढ़ रहे है।

# अब 62 वर्ष तक सेवाएं दे सकेंगे विद्युत वितरण कंपनियों के लाइन परिचारक

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** प्रदेश की विद्युत वितरण कंपनियों में कार्यरत लाइन परिचारकों की सेवा निवृत्त आयु अब 62 वर्ष सभी के समान कर दी गई है। उत्त्काशय की घोषणा ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह ने की। पहले ऊर्जा विभाग मप्र शासन के अंतर्गत बिजली कंपनियों में कर्मचारियों की सेवा निवृत्त आयु के अलग-अलग आदेश, नियम है। फेडरेशन ने बताया कि सभी श्रेणियों के कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए सेवा निवृत्त आयु 62 वर्ष निर्धारित की गई है। वहीं बिजली कंपनियों में कार्यरत कंपनी कैडर लाईन परिचारकों की सेवा निवृत्त आयु 55 वर्ष निर्धारित की गई है, जो कि न्यायोचित नहीं है। इस विसंगति के कारण कंपनी कैडर लाइन परिचारक 55 वर्ष की सेवा आयु पूर्ण कर सेवा निवृत्त हो रहें हैं। उपरोक्त संदर्भ में मप्र विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन के महामंत्री राकेश डीपी पाठक ने मुख्यमंत्री, ऊर्जा मंत्री, अतरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा आदि से अनुरोध किया था। राकेश डीपी पाठक ने कहा आपकी सकारात्मक सोच और संवेदनशील रवैए से बिजली सेक्टर की कंपनियों में कर्मचारियों के हित में लगातार कार्य हों रहें हैं, अच्छे निर्णय लिए जा रहे हैं।

फेडरेशन इसके लिए आपका आभार व्यक्त करता है। फेडरेशन के महामंत्री राकेश डीपी पाठक, यूके पाठक, दिनेश दुबे, अनूप वर्मा, उमाशंकर दुबे, सीताराम कुरचानिया, केदारनाथ अग्निहोत्री, श्याम मोहन वर्मा, अवनीश तिवारी आदि ने मुख्यमंत्री, ऊर्जा मंत्री, अतरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा और सभी एमडी का आभार व्यक्त किया है।

# नए भारत के भाग्य विधाता बन रहे युवा : विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के विजन को धरातल पर उतारने के उद्देश्य से आयोजित 'युवा विधायक सम्मेलन' वैचारिक मंथन संपन्न हुआ। इस सम्मेलन के समापन सत्र में हरवंश नारायण सिंह, नरेंद्र सिंह तोमर और कैलाश विजयवर्गीय विशेष रूप से उपस्थित रहे। उत्तर मध्य विधानसभा से विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय को सदन के सभापति के रूप में सदन के संचालन का अवसर प्राप्त हुआ। उनके मार्गदर्शन में राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के युवा विधायकों ने विकास की राजनीति और भविष्य की चुनौतियों पर सकारात्मक चर्चा की और बहुमूल्य सुझाव साझा किए। सम्मेलन के अंतिम सत्र को संबोधित करते हुए डॉ.



अभिलाष पाण्डेय ने कहा की 'लोकतंत्र केवल वोट डालने का अधिकार नहीं, बल्कि यह विश्वास है कि मेरी बात सुनी जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज युवा केवल मतदाता नहीं, बल्कि नए भारत के भाग्य विधाता बन रहे हैं। भारत का चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना और गरीबी दर का 25 प्रतिशत से घटकर 11 प्रतिश पर आना इस बदलाव का जीवंत प्रमाण है।' साथ ही '5 एस ' मॉडल शिक्षा, स्वास्थ्य, सेवा, सुरक्षा और संस्कार का जिक्र करते हुए कहा कि 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए केवल केंद्र सरकार ही नहीं, बल्कि हर पंचायत और विधानसभा को सक्रिय होना होगा।

उन्होंने 'टीम एमपी, टीम इंडिया' की भावना पर जोर देते हुए कहा कि जब विधायक सत्ता की जगह सेवा और राजनीति की जगह राष्ट्रनीति को प्राथमिकता देंगे, तभी भारत आत्मनिर्भर बनेगा।यह सम्मेलन त्रिकोणीय संगम है जो कि मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के युवा विधायकों का साझा वैचारिक मंच है। सम्मेलन के अंत में सभी युवा विधायकों ने अपनी-अपनी विधानसभाओं को विकास का 'आदर्श मॉडल' बनाने और 2047 तक भारत को विश्व गुरु बनाने का सामूहिक संकल्प लिया।

# 15 मई तक बढ़ाई गई विद्युत समाधान योजना की अवधि

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

मप्र सरकार की समाधान योजना 2025-26 के द्वितीय व अंतिम चरण को 15 मई तक बढ़ा दिया गया है। पूर्व में यह योजना 31 मार्च तक लागू थी। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष 3 नवम्बर को समाधान योजना 2025-26 की शुरुआत हुई थी। मध्यप्रदेश सरकार की विद्युत समाधान योजना में 31 मार्च तक 27 लाख 47 हजार बिजली उपभोक्ताओं ने सरचार्ज में छूट का लाभ लिया है। कुल 1336 करोड़ 46 लाख रूपए जमा किए गए हैं, जबकि 450 करोड़ 31 लाख रूपये का सरचार्ज माफ किया गया है। बकायादार उपभोक्ताओं के लिए योजना बनी वरदान-यह योजना उन बकायादार उपभोक्ताओं के लिए वरदान बनी है जो सरचार्ज के कारण मूलधन राशि जमा नहीं कर पा रहे थे। अब उन्हें समाधान योजना में सरचार्ज में 50 से लेकर 90 प्रतिशत तक छूट के साथ एकमुश्त अथवा किस्तों में भुगतान करने का विकल्प मिल रहा है। समाधान योजना में तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्ताओं को एकमुश्त राशि जमा करने पर 90 प्रतिशत तक सरचार्ज में छूट का लाभ दिया जा रहा है।

# कलेक्टर, निगमायुक्त ने किया नवनिर्मित मछली मार्केट का निरीक्षण

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

मप्र शासन की मंशा अनुसार शहर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने और व्यापारियों को एक कार्यस्थल प्रदान करने की दिशा में प्रशासन ने एक बड़ा कदम उठाया है। गुरंदी में नवनिर्मित आधुनिक मछली मार्केट अब पूरी तरह तैयार है, जिसे लेकर स्थानीय व्यापारियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने प्रशासनिक टीम के साथ मार्केट का सघन निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया। कलेक्टर एवं निगमायुक्त ने निरीक्षण के दौरान बताया कि अब



मछली व्यापारियों को सड़कों के किनारे, धूल और अव्यवस्था के बीच बैठने की जरूरत नहीं होगी। उन्हें एक सुसज्जित और सुरक्षित छत मिलेगी, जिससे उनका व्यापार और सामाजिक सम्मान दोनों बढ़ेगा। सड़कों के किनारे से दुकानें हटने के कारण शहर का यातायात सुगम होगा और राहगीरों को आवाजाही में सुगमता होगी। मार्केट को आधुनिक मानकों के अनुरूप बनाया गया हैए जिससे क्षेत्र में गंदगी की समस्या समाप्त होगी और खरीदारों को भी एक स्वच्छ वातावरण मिलेगा। सभी प्रमुख मछली विक्रेताओं के एक स्थान पर आने से यह क्षेत्र मछली व्यापार के एक बड़े केंद्र के रूप में विकसित होगा, जिससे व्यापारियों की आय में भी वृद्धि की संभावना है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि व्यापारियों की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाए ताकि उन्हें शिफ्टिंग में कोई समस्या न हो।

# सिहोरा में विशाल गदा यात्रा का आयोजन



**सिहोरा।** सिहोरा में समस्त हिंदू सेवा समिति के तत्वावधान में भव्य गदा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। यात्रा के दौरान जय श्रीराम के गगनभेदी उद्घोष से पूरा नगर भक्तिमय हो उठा। इस दौरान राम दरबार की आकर्षक झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही, जिसे देखने के लिए लोग मार्गों पर उमड़ पड़े। गदा यात्रा की शुरुआत नरसिंह मंदिर से हुई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुराने बस स्टैंड पर संपन्न हुई। यात्रा बाबा ताज, मै कुआं, महावीर चौक, काल भैरव चौक, झंडा बाजार और आजाद चौक जैसे प्रमुख स्थानों से होकर गुजरी। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। यात्रा के दौरान भक्तों में विशेष उत्साह देखा गया। युवा, महिलाएं और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए और भक्ति भाव से जयकारे लगाते हुए वातावरण को धार्मिक रंग में रंग दिया। आयोजन समिति द्वारा यात्रा की व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित की गईं, जिससे कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



# छात्राओं को सहसम्मान नए शैक्षिक सत्र में कराया गया प्रवेश

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नवीन शैक्षिक सत्र की शुरुआत स्कूल चलें अभियान प्रवेश उत्सव कार्यक्रम से हुई. विघालय प्राचार्य रुक्मणी कनौजिया की अध्यक्षता एवं बीएसी अजय रजक के विशिष्ट आतिथ्य में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम उत्साहपूर्वक मनाया गया. प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में विद्यार्थियों का स्वागत तिलक ,माला और आरती के साथ किया गया. सभी छात्राओं को पुस्तकें दी गयी साथ ही प्राचार्य ने छात्राओं की उपस्थिति और नामांकन बढ़ाने, शाला त्यागी ,अप्रवेशी बच्चों को शाला में प्रवेश दिलाने के लिये अभिभावकों से संपर्क करने शिक्षकों को निर्देशित किया। सभी शिक्षक पाठ्यक्रम अनुसार योजनाबद्ध डेली डायरी , प्रत्येक विद्यार्थी का पोर्टफोलियो रिकार्ड सभी शिक्षकों के पास हो, इसमें बच्चेवार अकादमिक जानकारी,स्तर, ग्रेड, पिछली कक्षा का अध्यापन स्तर के साथ छात्रों की समग्र आईडी, आधार कार्ड, अपारआईडी, छात्रवृत्ति, मैपिंग, अभिभावकों से संपर्क संबंधित अन्य जानकारियां भी शामिल करें।

कार्यक्रम में मंजूषा मैराल, शमिता जग्गी,सीके मेहरा, आदित्य पचौरी सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उनके अभिभावक समस्त शिक्षक-शिक्षिकायें उपस्थित रहे।

## श्रेयश पांडेय का सुयश

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** सेंट अलोयसिस सीनियर सेकेंडरी स्कूल के क्लास 2 के छात्र श्रेयश पांडेय ने 91 प्रतिशत अंक अर्जित कर सफलता प्राप्त की है। श्रेयश सिद्ध नवग्रह मन्दिर के संस्थापक , ज्योतिषाचार्य पं नरेंद्र पांडेय के प्रपौत्र व अंकित पांडेय नेहा पांडेय के सुपुत्र है। श्रेयश अपनी ढाई साल की आयु से ही वेद मंत्रो का भाव पूर्ण वाचन कर पूजा पाठ करते आ रहे है।



## अग्रिमा शुक्ला का सुयश

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** दा रॉयल हैरिटेज पब्लिक स्कूल की कक्षा एलकेजी की छात्रा अग्रिमा शुक्ला ने सर्वाधिक अंक अर्जित कर सफलता प्राप्त की है। अग्रिमा अजय सत्य प्रकाश होम्स तिलहरी निवासी अनुराग शुक्ला, गरिमा शुक्ला की सुपुत्री एवं पत्रकार अनिल मनीषा शुक्ला की प्रपौत्री है।



# नियमित चलेगी पुणे-जबलपुर एक्सप्रेस सांसद आशीष दुबे ने रेल मंत्री का जताया आभार

## यात्रियों की सुविधाओं को देखते हुए 2 जोड़ी ट्रेनों को किया गया नियमित



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

लोकसभा सांसद आशीष दुबे ने बताया कि जबलपुर से पुणे के बीच चलने वाली जबलपुर-पुणे स्पेशल ट्रेन और जबलपुर-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल ट्रेन को नियमित रेलगाड़ी के रूप में परिवर्तित कर दिया गया है। बुधवार को देश के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सांसद श्री दुबे को भेंट के दौरान यह जानकारी प्रदान की। सांसद श्री दुबे ने बताया कि रेल मंत्री श्री वैष्णव ने एक पत्र के माध्यम से भी उन्हें इस आशय की सूचना दी है और भेंट के दौरान श्री वैष्णव ने श्री दुबे को बताया कि जबलपुर-पुणे के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेन की गाड़ी संख्या भी परिवर्तित कर अब 20161/20162 पुणे-जबलपुर एक्सप्रेस के रूप में कर दी गई है। इसी तरह जबलपुर-बांद्रा टर्मिनस के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेन की नई गाड़ी संख्या अब 20163/20164 बांद्रा (टर्मिनस) जबलपुर होगी। अभी तक स्पेशल ट्रेन के रूप में यह दोनो यात्री रेलगाडियों की गाड़ी संख्या 0 से प्रारंभ होती थी।

सांसद श्री आशीष दुबे ने इन दोनों मार्गों पर चल रही स्पेशल ट्रेनों का नियमित रेलगाडियों के रूप में परिचालन किये जाने की स्वीकृति देने के लिये रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति जबलपुर संसदीय क्षेत्र की ओर से आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि अब इन दोनों रेलगाडियों का नियमित रूप से परिचालन होने से यात्री सुविधाओं में वृद्धि होगी और नई समय सारिणी के अनुसार नियमित ट्रेन के रूप में परिचालन होने से इन दोनों ट्रेनों का समय पर परिचालन संभव हो सकेगा।

### इस प्रकार रहेगा ट्रेन का समय

*जबलपुर से पुणे के बीच नियमित ट्रेन के रूप में जबलपुर-पुणे एक्सप्रेस (20162) प्रति रविवार को दोपहर 1.50 बजे जबलपुर से रवाना होकर मदनमहल, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी, हरदा, बुरहानपुर, भुसावल, मनमाड, कोपरगांव, बेलापुर, अहिल्यानगर, दौंड स्टॉपेज होते हुए पुणे जाएगी। इसी तरह वापसी में यह ट्रेन सोमवार की सुबह 11.20 बजे पुणे से प्रारंभ होकर जबलपुर आयेगी। वहीं जबलपुर-बांद्रा (टर्मिनस) 20164 ट्रेन प्रति शुक्रवार शाम को 5 बजे जबलपुर से प्रारंभ होकर नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी, नर्मदापुरम, भोपाल, संतहिरदाराम नगर, उज्जैन, रतलाम, बडोदरा, सूरत, वापी, बोरीवली होते हुए बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन प्रति शनिवार शाम को 5.15 बजे बांद्रा टर्मिनस से प्रारंभ होकर जबलपुर आयेगी।*

## ऑपरेशन फेस के तहत बालाघाट पुलिस की बड़ी कार्यवाही

# 450 फर्जी सिम का नेटवर्क ध्वस्त

बालाघाट

बालाघाट में साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने ऑपरेशन फेस के तहत एक ऐसे फर्जी सिम नेटवर्क का खुलासा किया है, जिसने सिस्टम की खामियों का फायदा उठाकर सैकड़ों सिम कार्ड एक्टिव कर दिए। हैरानी की बात यह है कि एक ही चेहरे का इस्तेमाल कर अलग-अलग नामों से सिम जारी किए जा रहे थे। इस पूरे मामले में पुलिस ने 450 फर्जी सिम का पता लगाते हुए 3 मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि पूरे नेटवर्क की जांच के लिए एसआईटी गठित कर दी गई है।






दरअसल, राज्य साइबर पुलिस मुख्यालय के निर्देशन में संचालित ऑपरेशन फेस के तहत बालाघाट पुलिस ने फर्जी सिम कार्ड नेटवर्क का बड़ा खुलासा करते हुए कोतवाली थाना में 03 अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए हैं। इस कार्रवाई में 450 संदिग्ध सिम कार्ड का डाला निकाला है, जो मात्र 5 अलग-अलग चेहरों के आधार पर सक्रिय पाए गए, जिससे बड़े स्तर पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। जांच में सामने आया कि दूरसंचार विभाग के कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित चेहरे की पहचान विश्लेषण उपकरण की मदद से यह फर्जीवाड़ा पकड़ा गया, जिसमें एक ही व्यक्ति के चेहरे का उपयोग कर अलग-अलग नाम और पते पर सिम कार्ड सक्रिय किए गए थे। पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदर्शकांत शुक्ला के नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया गया है। साइबर प्रकोष्ठ के साथ मिलकर टीम ने प्रत्येक सिम कार्ड की बारीकी से जांच की, जिसमें इस जाल के तार मंडला, डिंडोरी, भोपाल और उत्तरप्रदेश तक जुड़े पाए गए।

जांच और पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी 2019 से 2022 के बीच सिम विक्रय और एक्टिवेशन का काम करते थे। ज्यादा कमीशन कमाने के लालच में इन्होंने फर्जीवाड़े का संगठित नेटवर्क खड़ा कर लिया था। आरोपी अन्य लोगों के आधार और वोटर आईडी की कॉपी जुटाते थे, उनमें एडिटिंग कर अपनी फोटो लगाते थे और खुद ही ओटीपी वेरिफिकेशन कर सिम एक्टिव कर देते थे। यानी दस्तावेज किसी और का, चेहरा और मोबाइल नंबर आरोपी का और इसी तरह सैकड़ों फर्जी सिम जारी कर दिए गए। जिनके खिलाफ पुलिस ने कोतवाली थाना में अपराध क्रमांक 180/26, 181/26 और 184/26 के तहत धारा 419, 420, 465, 468, 471, 34 भारतीय दंड संहिता, धारा 66सी, 66डी सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम और दूरसंचार अधिनियम 2023 की धारा 42(3)(ई) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने इस कार्यवाही में मुख्य आरोपी महेंद्र उर्फ संतोष पटले (38), प्रियंका पटले (33) और खुमैश गौतम (29) को गिरफ्तार किया है। अब तक कुल 19 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया जा चुका है, जबकि अन्य संदिग्धों की तलाश जारी है। इस नेटवर्क के तार मंडला, डिंडोरी, भोपाल और उत्तरप्रदेश तक जुड़े पाए गए हैं, जिन पर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। फिलहाल पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ तेज कर दी है और अन्य संलिप्त लोगों की तलाश जारी है।

बालाघाट पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपने पहचान पत्र किसी भी अनजान व्यक्ति को न दें और सिमकार्ड लेते समय स्वयं उपस्थित रहकर प्रक्रिया पूरी करें। नागरिक अपने नाम पर जारी सिम की जानकारी संचार साथी पोर्टल पर भी जांच सकते हैं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। इस कार्रवाई में साइबर प्रकोष्ठ और संबंधित थाना प्रभारियों की अहम भूमिका रही, जिनकी सतर्कता से इतने बड़े फर्जी जाल का पदार्फाश संभव हो सका।

# शालाओं में नए शैक्षणिक सत्र का हुआ शुभारंभ

### नवप्रवेशी बच्चों का किया गया स्वागत, धूमधाम से मनाया गया प्रवेशोत्सव



**बालाघाट।** 01 अप्रैल 2026 से बालाघाट जिले की शालाओं में भी नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 का शुभारंभ हो गया है। इस अवसर पर जिले की सभी शालाओं में प्रवेशोत्सटव मनाया गया और नवप्रवेशी बच्चोंण का तिलक लगाकर और पुष्पिवर्षा कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया और कक्षा 06 वी एवं 09 वीं में प्रवेश करने करने वाले छात्र-छात्राओं को साईकिल का वितरण किया गया। जिला मुख्यालय बालाघाट में शाला प्रवेशोत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम सांदीपनि विद्यालय बालाघाट में आयोजित किया गया। सांदीपनि विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शाला प्रवेशोत्सव के भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संबोधन को सुना गया। शाला प्रवेशोत्सव के जिला स्तरीय कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं बच्चों के अभिभावकों को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने बेहद प्रेरणादायक संदेश दिया। उन्होंने कहा कि शाला में पहली बार प्रवेश लेना हर बच्चे और उसके परिवार के लिए जीवन का एक विशेष और यादगार क्षण होता है। यह केवल एक औपचारिक शुरूआत नहीं, बल्कि ज्ञान, संस्कार और उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ने का पहला कदम है। उन्होंने नवप्रवेशी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन उनकी शिक्षा यात्रा के शुभारंभ का प्रतीक है। उन्होंने सभी बच्चों से कहा कि वे पूरे मन से पढ़ाई करें, अपने सपनों को पहचानें और हर परीक्षा में सफलता प्राप्त करने का लक्ष्य रखें। कलेक्टर ने शिक्षकों से भी आह्वान किया कि वे बच्चों की रुचि और प्रतिभा को समझते हुए उन्हें सही दिशा दें। हर बच्चा विशेष होता है, जरूरत है उसकी क्षमता को पहचानकर उसे आगे बढ़ाने की। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन ड्रॉपआउट बच्चों को पुन- शाला से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं और जिले में ड्रॉपआउट बच्चों की संख्या में कमी आई है।



## ऑवलाझरी में खाद्य विभाग व पुलिस टीम की दबिश, अवैध रूप से भण्डारित 09 गैस सिलेण्डर किया जब्त

**बालाघाट।** जिले में एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता के बावजूद अवैध भंडारण करने वालों पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाना शुरू कर दिया है। कलेक्?टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में 01 अप्रैल को खाद्य विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा कडी कार्रवाई करते हुए 09 गैस सिलेंडर जब्त किए गए है। जिला आपूर्ति अधिकारी आरके ठाकुर ने बताया कि बुधवार को नायब तहसीलदार मंजुला महोबिया एवं पुलिस दल ने भरवेली के वार्ड क्रमांक 03, आंवलाझरी निवासी संतोष झाड़ेकर के घर पर दबिश दी। जांच के दौरान संतोष झाड़ेकर के घर में अवैध रूप से रखे गए 9 गैस सिलेंडर बरामद हुए, जिन्हें तत्काल जब्त कर लिया गया। जब्त किए गए सभी सिलेंडरों को सुपीरियर एचपी गैस एजेंसी को सुपुर्द कर दिया गया है।

## स्नातकोत्तर छात्रा ने पक्षियों के लिए लगाए सकोरे, दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**बालाघाट।** बढ़ती गर्मी और जल संकट के बीच पक्षियों के संरक्षण के लिए एक सराहनीय पहल सामने आई है। मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत समाज कार्य में स्नातकोत्तर की छात्रा पूर्णिमा बोपचे ने अपने प्रयोगशाला ग्राम दहेगांव में पक्षियों के लिए पेयजल की व्यवस्था करते हुए कई स्थानों पर सकोरे (जल पात्र) लगाए। यह कार्य उन्होंने विकासखण्ड समन्वयक संतोष नगपुरे एवं परामर्शदाता निलेश्वर ठाकरे के मार्गदर्शन में संपन्न किया। इस दौरान गांव के विभिन्न स्थानों, पेड़ों एवं घरों के आसपास पक्षियों के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की गई। पूर्णिमा बोपचे ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण में पक्षियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इसलिए उनका संरक्षण बेहद आवश्यक है। लगातार बढ़ते तापमान के कारण जल के अभाव में कई पक्षियों की मृत्यु हो जाती है, जिसे रोकने के लिए यह एक छोटा लेकिन प्रभावी प्रयास है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि हर व्यक्ति अपने घर की छत या पेड़ों पर पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करे, ताकि इस भीषण गर्मी में परिंदों को राहत मिल सके। यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक कदम है, बल्कि समाज में जागरूकता फैलाने का भी प्रेरणादायक उदाहरण बन रही है।

## उमरिया ग्रामीण मंडल,अमरपुर और इंदवार में पं दीनदयाल प्रशिक्षण वर्ग प्रारंभ

उमरिया (स्वतंत्रमत)

भारतीय जनता पार्टी के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग जिले के उमरिया ग्रामीण मंडल, अमरपुर मंडल और इंदवार मंडल में प्रारंभ किया गया है। तीनों मंडलों में बुधवार 1 अप्रैल को प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया जिसका समापन 2 अप्रैल को किया जाएगा। प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करते हुए मानपुर क्षेत्र की विधायक सुश्री मीना सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार कई जनहितैषी और कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। इन जनहितैषी और जनकल्याणकारी योजनाओं ने लोगों की जिंदगी बदलने का कार्य किया है। इन योजनाओं ने लोगों के जीवन में उल्लेखनीय बदलाव लाया है। देश तेजी से तरक्की कर रहा है। पार्टी कार्यकर्ता केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी के साथ योजनाओं के परिणामों की जानकारी भी जनता तक पहुंचाकर बताएं कि भाजपा सरकारें किस प्रकार से जनता के जीवन में खुशहाली लाने का कार्य कर रही हैं। प्रशिक्षण वर्ग में अन्य वक्ताओं के द्वारा अपने अपने विषय को लेकर बात रखी है।

***प्रशिक्षण से कार्यकर्ताओं का होता है व्यक्तित्व का विकास***- उद्घाटन सत्र के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल ने कहा कि प्रशिक्षण से कार्यकर्ताओं के व्यक्तित्व का विकास होता है। कार्यकर्ताओं के व्यक्तित्व विकास के साथ संगठनात्मक मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण आवश्यक होता है। कार्यकर्ताओं में संगठन के सिद्धांत, कार्य पद्धतियां और नीतियों का आत्मसात होना चाहिए, ताकि वे इन्हें प्रभावी तरीके से लागू कर सकें। इसके लिए संगठन समय-समय पर कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण वर्ग आयोजित करता रहता है। कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग को न केवल अपने व्यक्तिगत विकास के लिए, बल्कि पूरे संगठन की मजबूती के लिए उपयोग करें। आज भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बन चुकी है, जो अपने कार्यकर्ताओं और उनके समर्पण के कारण संभव हुआ है। प्रशिक्षण वर्ग में भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल, मानपुर क्षेत्र की विधायक सुश्री मीना सिंह सहित मंडलों के मंडल अध्यक्ष पदाधिकारी शक्ति और बूथ केंद्रों के प्रभारी और पदाधिकारी सहित मंडल के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## घुनघुटी थाना चौकी ने पकड़ी तस्करी 232 पेटी अवैध शराब जब्त

उमरिया (स्वतंत्रमत)

जिले से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय मार्ग 43 में घुनघुटी के समीप थाना चौकी की पुलिस ने बुधवार 1 अप्रैल को बड़ी कार्यवाही करते हुए मिनी ट्रक में अवैध रूप से तस्करी की जा रही 232 पेटी लगभग 2743 लीटर शराब जब्त की है। शराब की इतनी बड़ी खेप कहां से कहां ले जाई जा रही थी,पुलिस



बहुत बारीकी से मामले की जांच में जुटी है।मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दबिश दी है पूरे संभाग में शराब माफिया के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही बताई जा रही है,एक अप्रैल को हुई इस कार्यवाही से पूरे शराब माफिया में हड़कंप है।

## कृष्णताल ग्राउण्ड में एस्ट्रोटर्फ के लिए 13 करोड़ 26 लाख रुपए कि राशि स्वीकृत

उमरिया (स्वतंत्रमत)

उमरिया जिले के हॉकी खिलाडियों के लिए कृष्णताल ग्राउण्ड में एस्ट्रोटर्फ के लिए 13 करोड 26 लाख रूपये कि राशि स्वीकृत कर दी गई है।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी सीता राम सत्या ने बताया कि कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक विजय कुमार भागवानी के मार्गदर्शन में कृष्णताल ग्राउण्ड में एस्ट्रोटर्फ के लिए प्रस्ताव भेजा गया था। उन्होने बताया कि शासन द्वारा 31 मार्च को एस्ट्रोटर्फ के लिए 13 करोड 26 लाख रूपये की राशि स्वीकृत कर दी गई है। एस्ट्रोटर्फ बनने के उपरांत जिले के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन देश,प्रदेश तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दिखा सकेंगे।

## शासकीय महाविद्यालय मानपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत संचालित है सात दिवसीय शिविर

मानपुर

मध्यप्रदेश सरकार के निर्देश पर राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत अन्य कॉलेजों के सांथ स्वतंत्रता सेनानी छोटेलाल पटेल शास्कीय महां विद्यालय मानपुर में भी सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन शुरू हो गया है। यह शिविर कॉलेज के 10 किलोमीटर के अंतराल में चलाने का प्रावधान है, जिसके तहत यह शिविर सेमरा के शास्कीय माध्यमिक स्कूल में चल रहा है। जिस शिविर को दिनांक 27 मार्च से 02 अप्रैल 2026 तक चलेगा, इस शिविर में कॉलेज के बच्चों को प्राकृतिक संरचना, समाजिक, भौतिक, सांस्कृतिक, संस्कार और वैज्ञानिक ज्ञान से अवगत कराना है।

कार्यक्रम में समाज के सांथ तकरीबन सभी विभागीय लोगों के विचार से अवगत करवाया जाता है, इसमें स्वास्थ्य जांच, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सामाजिक एवं नैतिक कार्य, मानव जीवन के दैयनिक कार्य, पशु - पक्षि संरक्षण, प्राकृतिक संप्रदा और संरचना की रक्षा के विषय में शिक्षा दिया जा रहा है, इसमें बाल विवाह, दहेज



जैसे विभिन्न प्रकार के कुप्रथा को दूर करने की सम्झाइस दी जा रहीहै, घरेलू और सामाजिक विवादों को रोकने, अच्चे संस्कारी रहना, अपने और परिवार स्वास्थ्य बने रहने के उपाय, समाज और देश के विकास कार्यों में सदा आगे रहना, राष्टसेवा सर्वोपरी के उद्देश्य पर सदा अग्रणी रहना, शिक्षा को आगे बढ़ाकर अपने और देश के विकास कार्यो सदा आगे रहने के लिये शिक्षा दिया जा रहाहै, मतदान करना जरूरी है मतदान और वोट के महत्व की समझाईस भी दिया जा रहा है।

## प्रदेश कांग्रेस सचिव सूची में त्रुटि बस आया अनुज सेन का नाम, तत्काल प्रभाव से हटाया गया

**उमरिया (स्वतंत्रमत)(** मध्य प्रदेश केश कला शिल्पी प्रकोष्ठ की हाल ही में जारी प्रदेश कार्यकारिणी सूची में उमरिया जिले के अनुज सेन का नाम प्रदेश सचिव के रूप में शामिल होने पर संगठन ने स्पष्टीकरण जारी किया है। प्रकोष्ठ के अनुसार यह नाम त्रुटिवश (प्रशासनिक.तकनीकी गलती) के कारण सूची में शामिल हो गया था।जारी आधिकारिक बयान में बताया गया कि अनुज सेन वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी से जुड़े हुए हैं और पूर्व में कांग्रेस पार्टी के सदस्य रह चुके हैं। साथ ही वे केश कला शिल्पी प्रकोष्ठ,उमरिया के जिलाध्यक्ष पद पर भी कार्य कर चुके हैं। प्रकोष्ठ ने स्पष्ट किया है कि संगठन की विचारधारा, अनुशासन एवं नियमों के अनुरूप ऐसे व्यक्ति को वर्तमान कार्यकारिणी में शामिल करना उचित नहीं है। इस संबंध में प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष श्री रामबाबू श्रीवास ने तत्काल प्रभाव से अनुज सेन का नाम प्रदेश कार्यकारिणी से निरस्त (हटा) दिया है।संगठन ने मीडिया से अपील की है कि इस विषय में किसी भी प्रकार की भ्रामक या अपूर्ण जानकारी का प्रकाशनध्प्रसारण न किया जाए और इस आधिकारिक स्पष्टीकरण को प्रमुखता से प्रकाशित किया जाए।

# प्रवेशोत्सव के साथ 'स्कूल चले हम' अभियान का आगाज

उमरिया (स्वतंत्रमत)




बुधवार 1 अप्रैल को जिले में स्कूल चले हम अभियान के तहत जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ पीएम श्री शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (कालरी स्कूल) में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन एवं सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि बच्चे देश की तकदीर एवं तस्वीर हैं, जिन्हें शिक्षक और समाज मिलकर संवारते हैं। उन्होंने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य हर स्कूल जाने योग्य बच्चे तक शिक्षा की पहुँच सुनिश्चित करना, उसके भविष्य को सशक्त बनाना तथा उसे राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनाना है।

यह अभियान तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा है। पहले चरण (1 अप्रैल) में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम, दूसरे चरण (2 अप्रैल) में पालकों के साथ सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियाँ, शासकीय योजनाओं की जानकारी, तथा कक्षा में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों के पुनः प्रवेश हेतु प्रेरणा तथा शाला प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की जाएगी, अंतिम एवं तीसरे चरण (4 अप्रैल) में च्भविष्य से भेंटज्ज कार्यक्रम, जिसमें अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि विद्यार्थियों से संवाद करेंगे और उन्हें उपयोगी सामग्री भेंट करेंगे। कलेक्टर ने शिक्षकों से समर्पण भाव से शिक्षा देने तथा अभिभावकों से बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने की अपील की।

सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि जीवन और व्यक्तित्व का विकास शिक्षा से ही संभव है। उन्होंने बताया कि सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत शासन द्वारा विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, मध्यान्ह भोजन, गणवेश, साइकिल, छात्रावास, आश्रम एवं छात्रवृत्ति जैसी सुविधाएँ प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने शिक्षकों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि कोई भी बच्चा प्रवेश से वंचित न रहे तथा सभी विद्यालयों में पुस्तकों का शत-प्रतिशत वितरण और मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता बनाए रखी जाए।

जिला शिक्षा अधिकारी आर. एस. मरावी ने बताया कि अभियान का जिलेभर में व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया है और 1097 विद्यालयों में यह उत्सव मनाया जा रहा है। साथ ही विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति, स्कूटी एवं लैपटॉप वितरण जैसी योजनाएँ भी संचालित हैं। आधुनिक शिक्षा के लिए कंप्यूटर लैब एवं स्मार्ट क्लास की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न कक्षाओं में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं पुस्तकें भेंट कर स्वागत किया गया तथा कक्षा 9वीं की छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित की गई। इस अवसर पर ऑनलाइन माध्यम से भी विद्यार्थियों का प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, जूनियर रेडक्रास सोसायटी अध्यक्ष मान सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी आरएस मरावी, डीपीसी केके डेहरिया सहित शिक्षक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

**कलेक्टर ने प्रवेश उत्सव शिक्षा रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**- उमरिया - स्कूल चले हम अभियान के तहत पीएम श्री शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रवेश उत्सव शिक्षा रथ को कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रथ के माध्यम से आवासीय छात्रावासों मे उपलब्ध सुविधाओं, विद्यालयों में उपलब्ध सुविधाओं,दिव्यांग बच्चों को शासन व्दारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं से आम जनों को अवगत कराया जाएगा तथा बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बिठली**

**जनपद पंचायत-बैहर, जिला-बालाघाट (म.प्र.)**

क्रमांक /पंचा./2026    दिनांक 01/04/2026

**निविदा सूचना आमंत्रण**

**सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बिठली, जनपद पंचायत बैहर में वित्तीय वर्ष 2025-26 में जी राम जी, 15 वॉ, 5 वां वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन, गौण खनिज, विधायक निधि, सांसद निधि, परफारमेन्टन ग्रांट फण्ड, ग्राम पंचायत के अन्य योजना के तहत कार्य विभिन्न कार्य हेतु सामग्री क्रय की जानी है। उन कार्यों के लिए दिनांक 02/04/2026 से 08/04/2026 तक मोहर बंद लिफाफे में निविदा कार्यालयीन समय में ग्राम पंचायत भवन में लाकर जमा करा सकते हैं। निविदा के समय में अंतिम निर्णय ग्राम पंचायत का होंगा। जिसमे सामग्री- रेत, गिट्टी 20 एमएम, 40 एमएम, सीमेन्ट, लोहा, ईट, बजरी, मिक्सर मशीन, वाई- वेटर, रोलर, पेबर मानक (गट्टू), सेंट्रिंग, कुर्सी, पेंट, इलेक्ट्रिक सामग्री, नल जल सामग्री, पानी टैंकर, स्टेशनरी एवं पंचायत में लगने वाले अन्य सामग्री क्रय किया जाना है।**

| सरपंच | सचिव | रोजगार सहायक |
|---|---|---|
| श्रीमती मालती उयके | गोविंद मर्सकोले | कुलदीप अजीत |

**उपसरपंच एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत बिठली**

## एक और आरोपी गिफ्तार

**मण्डला/बिछिया(स्वतंत्रमत)।** पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सौरव तिवारी के मार्गदर्शन में जिले में संचालित ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत बिछिया पुलिस को गांजा तस्करी के विरुद्ध लगातार सफलता प्राप्त हो रही है 25 मार्च को बिछिया पुलिस द्वारा 4 गांजा तस्करों को 7 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कार के माध्यम से परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया गया था।

## वॉलीबॉल टूर्नामेंट प्रारंभ

**मण्डला/नारायणगंज (स्वतंत्रमत)।** विकासखंड मुख्यालय अंतर्गत बबलिया के समीपी ग्राम बनार में आदिवासी युवा संगठन ग्राम पंचायत बनार के तत्वाधान में ग्रामीण स्तरीय डे नाइट वॉलीबॉल टूर्नामेंट 2026 का आयोजन लगातार तीसरे वर्ष किया जा रहा है। आयोजन समिति द्वारा बताया गया कि 31 मार्च से 2 अप्रैल तक टूर्नामेंट आयोजित किया गया है जिसमें विजेता टीम को पुरस्कार नगद 15 हजार रुपए एवं शील्ड दिया जाएगा वहीं उपविजेता को नगद 7 हजार रुपए व शील्ड पुरस्कार स्वरूप दिया जाएगा टूर्नामेंट में शामिल होने के लिए प्रवेश शुल्क 200 प्रति टीम रखा गया है सभी मैच नॉक आउट होंगे।

## 54 आवेदकों की सुनी समस्या

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** जिला योजना भवन में आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर राजेंद्र कुमार सिंह ने 54 आवेदकों की समस्या सुनते हुए समुचित निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जनहित से संबंधित आवेदनों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ समय–सीमा में निराकरण करना सुनिश्चित करें। मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में 51 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया।

## अधिकारी ने किया निरीक्षण

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल स्त्रोतों के संरक्षण और पुनरुद्धार के लिए प्रशासनिक सक्रियता बढ़ गई है। इसी क्रम में आज जिला परियोजना अधिकारी उमेश सिंगरौरे द्वारा परियोजना क्रमांक–2 निवास क्षेत्र का सघन भ्रमण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला परियोजना अधिकारी ने जल गंगा संवर्धन अभियान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गिरते भू–जल स्तर को रोकना और पारंपरिक जल स्त्रोतों को सहेजना है।

## ग्राम सभाओं का आयोजन

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** म.प्र. पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा (6) के अनुसार डॉ. अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में 14 अप्रैल को प्रदेश में ग्राम सभाओं का आयोजन किया जायेगा। ग्राम सभाओं के समक्ष प्रस्तुत किए जाने वाले विभाग कार्यक्रम से संबंधित एजेंडा बिंदु एवं योजनाओं की संक्षिप्त जानकारी 2 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से पंचायत राज संचालनालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं ताकि ग्रामसभा के जारी होने वाले एजेंडा में सम्मिलित किया जा सके।

## परीक्षा प्रभारी में बदलाव

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 26 अप्रैल के सफल संचालन के लिए परीक्षा प्रभारी अधिकारी में परिवर्तन किया गया है। पूर्व में डिप्टी कलेक्टर सचिन जैन को परीक्षा प्रभारी नियुक्त किया गया था लेकिन उनके स्थानांतरण के कारण अब अपर कलेक्टर राजेन्द्र सिंह को नया परीक्षा प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## धूमधाम से मनाई महावीर जयंती

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** महावीर जयंती के विक्रम संवत 2552 पर महावीर भगवान का 2625 वां जन्म कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। प्रात: सुबह 8.30 बजे से श्री जी की शोभायात्रा नगर में निकली गई साथ ही श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर महावीर दिगंबर जैन मंदिर के सामने नृत्य प्रस्तुत किया गया। शोभायात्रा शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर पर वापस आई। महावीर स्वामी का मस्ताभिषेक शांतिधारा की गई।

## प्रवेशोत्सव में मिली नि:शुल्क पुस्तके

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भीमडोंगरी में स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया जिससे नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत उमंग और उत्साह के साथ हुई। कार्यक्रम में जनपद सदस्य अनंत सिंह राठौर एवं उपसरपंच हनुमान जाट सहित पालकगण एवं विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से व्हाय एस मरकाम, नर्मदा प्रसाद मांडले, कुमारी रजनी तिग्गा, संदीप ठाकुर, निशांत पाठक, दीपक मरावी, यशवंत झरिया, शैल संत, सनूपा उईके, गेंद सिंह चीचाम, अमन पटेल, दिव्या झारिया, उत्कर्ष नायक, ओमलता मरावी, महेश सोनवानी एवं चैतराम परतेती की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# जनजातीय कल्याण का स्वर्णिम अध्याय स्वास्थ्य और पशुपालन योजनाओं को मिली नई दिशाः राज्यपाल श्री पटेल

मण्डला(स्वतंत्रमत)






प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केन्द्र सरकार जनजातीय वर्ग के कल्याण के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। सरकार की प्राथमिकता जनजातीय वर्ग का समग्र विकास स्वास्थ्य सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण है। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान पीएम जनमन के अंतर्गत जनजातीय क्षेत्रों में चल रही स्वास्थ्य एवं विकास योजनाएं इसी का उदाहरण है। वर्तमान समय जनजातीय समाज के विकास का स्वर्णिम काल है। केंद्र सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान योजना जनजातीय समाज के समग्र विकास और सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। यह बात राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने बिछिया विकासखंड के कन्हारीकला में आयोजित मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना एवं स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होते हुए कही। कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल भी मंचासीन रहे कार्यक्रम की शुरूआत में राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान का भी सामूहिक गायन किया गया कार्यक्रम में मंडला जिले के 50 डिंडौरी जिले के 24 एवं बालाघाट जिले के 20 बैगा जनजाति के कुल 94 हितग्राहियों को मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना के तहत पशु प्रदान किए। साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए।

***राज्यपाल ने किया हितलाभ वितरण***– कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल एवं मंत्रीद्वय ने विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभ वितरित किए। मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना के तहत श्रीमती जयंती बाई बमनिया एवं श्रीमती बसंती कुकरिया को प्रमाण पत्र प्रदान किए। वहीं सचिन बाजपेयी को डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना के अंतर्गत 11 लाख 40 हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया। स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत अर्चना यादव को सिकल सेल कार्ड, श्रीमती मंगलवती भारतीय को टीबी फूड बास्केट तथा अभिलाषा धुर्वे को एचवीपी प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इसके साथ ही प्रेमसिंह पन्द्रे को वन काष्ठ लाभांश प्रदान किया गया कार्यक्रम में बैगा समाज के प्रतिनिधि द्वारा राज्यपाल का पारंपरिक तरीके से सम्मान भी किया गया।

***पशुपालन से आय बढ़ाने संदेश***– राज्यपाल ने पशुपालकों एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्नत नस्ल के पशुओं से प्रतिदिन लगभग 9 लीटर तक दूध उत्पादन संभव है जिससे करीब 500 रुपये प्रतिदिन की आय अर्जित की जा सकती है। उन्होंने कहा कि पशुओं की देखभाल बच्चों की तरह ही करनी चाहिए। समय पर चारा पानी और बीमारी होने पर दवाइयों का ध्यान रखना आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि पहले बच्चों के पोषण के लिए दूध का उपयोग करें जिससे कुपोषण दूर होगा और उसके बाद अतिरिक्त दूध बेचकर आय बढ़ाएं।

***सिकल सेल उन्मूलन पर जोर***– राज्यपाल ने बताया कि सिकल सेल एनीमिया एक आनुवंशिक बीमारी है जिसकी समय पर जांच और नियमित दवाई से नियंत्रण संभव है। प्रदेश में बड़े स्तर पर जांच अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश में अब तक एक करोड़ 28 लाख लोगों की जांच की जा चुकी है। मंडला में 28 हजार से अधिक वाहक हैं जबकि लगभग 3 हजार सिकल सेल एनीमिया की बीमारी से पीड़ित हैं।

***डिजिटल कार्ड से सुरक्षा संदेश***– राज्यपाल ने कहा कि सिकल सेल जांच के लिए डिजिटल कार्ड बनाए जा रहे हैं जिससे भविष्य में बीमारी की पहचान और रोकथाम आसान होगी। उन्होंने अभिभावकों को सलाह दी कि बच्चों के विवाह के समय सिकल सेल डिजिटल कार्ड का मिलान अवश्य करें। अत्याधुनिक तकनीकों के माध्यम से अब गर्भस्थ शिशु की सिकलसेल संबंधित जांच संभव है। साथ ही नवजात शिशुओं की प्रसूति के 72 घंटे के भीतर भी जांच संभव है जिसका लाभ अवश्य उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार इस दिशा में लगातार प्रयासरत है।

***कैबिनेट मंत्री ने किया आभार***– कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केबिनेट मंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग श्रीमती सम्पतिया उइके ने उपस्थित सभी हितग्राहियों एवं ग्रामीणों को बधाई देते हुए कहा कि यह खुशी की बात है कि आसपास के जिलों से भी लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए हैं और योजनाओं का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में प्रदेश में निरंतर जनकल्याणकारी कार्य किए जा रहे हैं जिनका सीधा लाभ जनजातीय समाज को मिल रहा है मंत्री श्रीमती उइके ने राज्यपाल का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी जिले में लगातार उपस्थिति यह दर्शाती है कि वे स्वयं यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि शासन की योजनाएं धरातल पर सही तरीके से लागू हो रही हैं या नहीं।

***पशुपालन मंत्री ने दी जानकारी***– पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल ने कहा कि आज का दिन जनजातीय समाज के लिए मील का पत्थर साबित होगा यह कार्यक्रम केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं बल्कि जनभावनाओं से जुड़ा हुआ एक महत्वपूर्ण कदम है जो एक नई शुरुआत का प्रतीक है राज्यमंत्री ने कहा कि राज्यपाल श्री मंगु भाई पटेल द्वारा जनजातीय वर्ग के कल्याण के लिए किए जा रहे कार्य सदैव याद रखे जाएंगे। उन्होंने बताया कि पशुपालकों के परिवारों को जोड़कर उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करने का प्रयास किया गया है जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके राज्यमंत्री ने कहा कि दुग्ध उत्पादन न केवल आय का स्त्रोत है बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी है। मंडला सहित आसपास के जिलों के बैगा परिवारों को इस योजना का लाभ दिया जा रहा है जिससे उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा।

***अर्चना ने किए अनुभव साझा***– इस दौरान कन्हारीकला की 15 वर्षीय अर्चना यादव ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि वह बार–बार बीमार पड़ती थीं जिसके बाद अस्पताल में जांच के दौरान सिकल सेल बीमारी की पहचान हुई। नियमित दवा और उपचार के साथ अब उनके स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। उन्होंने बताया कि आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग से उन्हें समय पर उपचार और मार्गदर्शन मिला जिससे उनके स्वास्थ्य में सकारात्मक बदलाव आया।

# आज मनाया जाएगा श्री हनुमान जी प्रकटोत्सव

## अखंड रामायण पाठ और रामधुन हुआ शुभारंभ

नैनपुर (स्वतंत्र मत)



नगर में रामभक्त हनुमान जयंती की विशेष तैयारियां की जा रही है। 2 अप्रैल को दिनभर होने वाले आयोजनों में हनुमान भक्त अपनी श्रद्धा भाव से पूजन अर्चन करेंगे। नगर के सभी हनुमान मन्दिरो में आकर्षक सजावट की गई है। नगर को भगवा ध्वज पताकाओं से सजाया जा रहा है। अखंड रामायण पाठ , श्री राम धुन, वाहन रैली, शोभायात्राएं, पूजन हवन एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर बुधवारी बाजार सिद्धपीठ मंदिर में 1 बजे से अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ किया गया जो आज 1 बजे समाप्त होगा। तत्पश्चात हवन पूजन महाआरती बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा तथा शाम 6 बजे से विशाल भंडारा का आयोजन होगा। नगर में स्थित चकोर तट , रेलवे ट्रैफिक लाईन, वार्ड 6 और तलाबटोला में विशेष आयोजन किये जायेंगे। नगर के वार्ड 6 स्थित श्री हनुमान मंदिर परिसर से शाम 6 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें 108 कलश के साथ भगवान श्रीराम की झांकी और अन्य आकर्षण के साथ इसे नगर भ्रमण कराया जाएगा। श्री हनुमान के जन्मोत्सव अवसर पर नगर में विभिन्न स्थानों में भंडारा और प्रसाद वितरण भी किया जाएगा।

# श्री उमराव से मिले काल्पीवार

मण्डला(स्वतंत्र मत)



मध्यप्रदेश शासन के प्रमुख सचिव पशुपालन पूर्व प्रमुख सचिव खनिज साधन एवं संचालक माइनिंग उमाकांत उमराव मंगलवार को मंडला पहुंचे। सर्किट हाउस में मण्डला के वरिष्ठ नागरिक समाजसेवी ओर खनन कारोबारी किशोर काल्पीवार ने श्री उमराव का स्वागत ओर आत्मीय मुलाकात की। पीएस ओर कारोबारी किशोर काल्पीवार ने मण्डला के खनिज साधन पशुपालन ओर अन्य विषयों को लेकर चर्चा की। जहां पीएस उमाकांत ने संभावनाओं को तलाशकर उन्हें आगे बढ़ाने की बात कही वहीं जिले के खनिज संपदा ओर पशुपालन को बढ़ावा देने की दिशा में सकारात्मक सहयोग का भरोसा दिया।

## विवेकानंद स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

नैनपुर (स्वतंत्र मत)

विवेकानंद ज्ञानपीठ समिति के द्वारा संचालित विवेकानंद इंग्लिश मीडियम हायर सेकंडरी स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। नर्सरी, केजी वन, केजी टू, पहली, दूसरी, तीसरी, चौथी, छठवीं, सातवीं, नवमी एवं ग्यारहवीं के छात्र–छात्राओं ने अपना परिक्षा परिणाम प्राप्त किया। प्रथम, द्वितीय, तृतीय के छात्र–छात्राओं को पुरुस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित संस्था अध्यक्ष प्रवीण खंडेलवाल, उपाध्यक्ष मनीष सोनी, सचिव राकेश शर्मा, कोषाध्यक्ष विकाश शर्मा एवं समिति सदस्य कमल नारायण जायसवाल, डॉ. संतोष चौहान, सुबोध नाहटा, जितेन्द्र खंडेलवाल, नितिन ठाकुरा विद्यालय प्राचार्य श्रीमति ज्योति मुदगल एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओ के के अलावा छात्र–छात्राओं के माता पिताओ की उपस्थिति रही। इस दौरान समिति द्वारा विद्यालय में नये सत्र 2026–27 के लिये नवीन प्रवेश प्रारंभ किया गया।कम्प्यूटरीय शिक्षा तकनीकी शिक्षा व अन्य गतिविधियाँ संचालित करने का निर्णय समिति द्वारा लिया गया।

# घंटी बजाकर राज्यपाल ने कराया प्रवेशोत्सव



मण्डला(स्वतंत्रमत)

राज्यपाल मंगु भाई पटेल ने बुधवार को मंडला जिले के प्रवास के दौरान बिछिया विकासखंड के ग्राम कन्हारी कला में स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत एकीकृत माध्यमिक शाला कन्हारीकला में प्रवेशोत्सव 2026 कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय की घंटी बजाकर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया जिससे पूरे परिसर में उत्साह और उमंग का माहौल बन गया। इस दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा की भी विशेष मौजूदगी रही। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने विद्यार्थियों को नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया तथा छात्र–छात्राओं को नि:शुल्क साइकिलें भी प्रदान कीं। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने मन लगाकर अध्ययन करने और अपने भविष्य को उज्वल बनाने के लिए प्रेरित किया। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है और स्कूल चलें हम अभियान का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को शिक्षा से जोड़ना है। बच्चों को अच्छी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

## राष्ट्र के नाम कार्यक्रम आयोजित

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** हम फाउंडेशन द्वारा प्रतिमाह आयोजित किया जाने वाला मातृभूमि को नमन करने 2 मिनट राष्ट्र के नाम कार्यक्रम का आयोजन हृदय स्थल चिलमन चौक में आयोजित किया गया। प्रमुख अतिथि के रूप में डीके कुशराम कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग रहे कार्यक्रम के प्रारंभ में उपस्थित शहर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में मुख्य अतिथि डीके कुशराम द्वारा भारत माता के तैल्यचित्र पर पूजन–अर्चन व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के संचालक श्रीराम कुमार पाठक ने सभी नागरिकों को सावधान की मुद्रा में खड़े कर राष्ट्रगान व राष्ट्रगीत का गायन कर मातृभूमि को नमन किया।


## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम करियागांव (अंजनियां)तहसील बिछिया जिला मंडला मप्र की भूमि खसरा नंबर 275 रकवा 0.22 हेक्टयर भूमि न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश महोदय कनिष्ठ खंड, बिछिया जिला मंडला में आर.सी.एस..ए./ 50/2025 व्यवहार वाद में विवादित है। उक्त मामला न्यायालय में विचाराधीन है सर्व आम जनता को सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि का क्रय–विक्रय अगर किसी के द्वारा किया जाता है तो वह अमान्य और अनुचित होगा और उसकी सम्पूर्ण जबावदारी क्रेता व विक्रेता की होगी।

निवेदक
**संतकुमार पटैल**
निवासी ग्राम व पोस्ट करियागांव
तहसील बिछिया जिला मंडला म.प्र.
मो. 9009152214






# शा.क.कन्या मा. शा. में नवीन शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ

नैनपुर( स्वतंत्र मत)

राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार 1 अप्रेल को एकीकृत शासकीय कस्तूरबा कन्या माध्यमिक शाला नैनपुर में नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारंभ पर प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पंजवानी, वार्ड पार्षद श्रीमती निकिता शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी आशुतोष महादेव ठाकुर, विकास खंड शिक्षा अधिकारी हीरेन्द्र वर्मा, खंड स्त्रोत समन्वयक विजेन्द्रधर द्विवेदी , शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष श्रीमती ज्ञानवंती पटेल सहित समस्त सदस्य व शाला के प्रधानाध्यापक विनोद कुमार चौरसिया, शिक्षिका श्रीमती ज्योति उपाध्याय, शशांक कांड्रा, शारदा परतें, चरण सिंह इनवाती, श्रीमती आशा तेकाम एवं पालकों की उपस्थिति में शाला में नव प्रवेशित छात्राओं एवं पूर्व उपस्थित छात्राओं का तिलक बंदन कर मिष्ठान वितरण किया गया। इसके पश्चात नि: शुल्क पाठ्य–पुस्तक एवं पात्र छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती जी के पूजन अर्चन पश्चात जनप्रतिनिधियों एवं उपस्थित अधिकारियों का प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट करते तिलक बंदन कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा नवीन शैक्षणिक सत्र प्रवेश उत्सव के उपलक्ष्य में छात्राओं को नियमित शाला आने, मन लगाकर पढ़ाई करने एवं समस्त छात्राओं को नवीन शैक्षणिक सत्र की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की।

***समूह द्वारा विशेष भोज का आयोजन***– शासन के निर्देशानुसार सहस्त्रबाहु आजीविका स्व–सहायता समूह द्वारा सुरुचि पूर्ण भोजन कराया गया। अनुविभागीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा भोजन कक्ष का निरीक्षण किया गया समूह द्वारा बनाए गए भोजन की गुणवत्ता, किचन व्यवस्था एवं मेनू के पालन पर चर्चा के साथ समूह द्वारा किए जा रहे कार्य की प्रशंसा करते हुए और भी बेहतर प्रयास करने की बात कही गई । कार्यक्रम का संचालन शाला की शिक्षिका सुश्री शारदा परते द्वारा किया गया अंत में समस्त जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का अपना अमूल्य समय देने के लिए प्रधानाध्यापक विनोद चौरसिया द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

संपादकीय

# मामला चूल्हे का है

ईरान युद्ध का असर हमारी रसोई और चूल्हे तक आ जाएगा, यह आकलन करने में केंद्रीय कैबिनेट ने दो हफ्ते दिन खपा दिए। अंतत: कैबिनेट की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी को ऐसे निर्देश देने पड़े कि सभी मंत्रालय आपस में मिल कर काम करें। संभावित चुनौतियों के लिए तैयार रहें। देशवासियों पर युद्ध का असर कम पड़ना चाहिए। प्रधानमंत्री ने 'चुनौती' की बात स्वीकार की है और 'चाहिए' शब्द का इस्तेमाल कर उपदेश दिया है। यह क्यों नहीं हो सकता कि प्रधानमंत्री खुद मंत्रियों के स्तर पर समन्वय करें।

बहरहाल, भारत में करीब 19.5 करोड़ घन मीटर गैस की खपत औसतन हर रोज होती है, जबकि गैस का घरेलू उत्पादन करीब 10 करोड़ घन मीटर ही है, जाहिर है कि भारत को गैस आयात करनी पड़ती है। इसमें रसोई गैस एलपीजी के अलावा, एलएनजी, पीएनजी, सीएनजी भी हमारी जिंदगी की सक्रियता के लिए बेहद अनिवार्य हैं। उनके बिना जिंदगी, समाज और कारोबार का चकाजाम हो जाएगा। पीएनजी पाइपलाइन के जरिए हमारे घरों तक जाती है और 1.62 करोड़ इसके कनेक्शन हैं। एलपीजी के 33 करोड़ से अधिक उपभोक्ता हैं। सीएनजी वाहनों में इस्तेमाल की जाती है। एलएनजी खाद के प्लांट से लेकर औद्योगिक उत्पादन, विनिर्माण की इकाइयों के लिए 'संजीवनी' है। प्रधानमंत्री मोदी खुलासा कर सकते हैं कि भारत ने अमरीका के साथ 22 लाख टन गैस का सौदा किस आधार पर किया है? इसके अलावा, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, नॉर्वे, पश्चिम अफ्रीका, नाइजीरिया, अंगोला और अल्जीरिया सरीखे देशों से पर्याप्त गैस की आपूर्ति का अपडेट क्या है? ये छोटे, पिद्दी से देश भारत जैसे विराट, विशाल देश को गैस सप्लाई कर रहे हैं, लेकिन खुद 78 साल का भारत अपने लिए गैस का पर्याप्त उत्पादन करने में सक्षम क्यों नहीं हो सका? यह वाकई यक्ष-प्रश्न है। गैस की जानकारी देश को देने में गोपनीयता क्या है? कूटनीतिक रणनीति क्या है? आपकी तेल-गैस की सप्लाई को कौन 'तारपीडो' करेगा? यह तो आम भारतवासी की जिंदगी और चूल्हे से जुड़ा संवेदनशील विषय है। ऊर्जा-संकट से ही हमारी खाद्य-सुरक्षा प्रत्यक्ष तौर पर जुड़ी है।

ठीक है, केंद्र सरकार ने 'आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955' की अधिसूचना जारी कर उसे लागू कर दिया है, लेकिन आम आदमी सड़क पर उतरने को विवश है। गैस सिलेंडर लेकर लोगों ने उसी तरह कतारें लगाना शुरू कर दिया है, जिस तरह कोरोना महामारी के दौरान ऑक्सीजन सिलेंडर को लेकर हुआ था। वह संकट भी फर्जी था, चिंता और अफवाहें ज्यादा थीं। मौजूदा संकट आम रसोई के मद्देनजर है कि शाम को गैस का चूल्हा जलेगा या नहीं, घर का खाना बनेगा अथवा नहीं। यह संकट उस वर्ग का ज्यादा है, जिसकी जिंदगी धक्के खाने में खप जाती है, जिसके संसाधन बेहद सीमित हैं और जिसने जनादेश देकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाया है। इस संकट के दरमियान ही अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप का बयान आया है कि युद्ध का काम लगभग पूरा हो चुका है। अर्थात अमरीका युद्ध को समाप्त करने और निकलने का सुरक्षित रास्ता तलाश रहा है, लेकिन इजरायल और ईरान फिलहाल ऐसा नहीं सोच रहे, जाहिर है कि तेल-गैस का संकट बरकरार रहेगा, बल्कि बढ़ भी सकता है। करीब 60 देशों में पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ चुकी हैं। बहरहाल रूस हमारे लिए चमकती हुई उम्मीद है। वह गैस का सबसे बड़ा निर्यातक देश है और कच्चे तेल का भी दूसरा सबसे बड़ा देश है।

# माओवादी मुक्ति से शांति एवं संतुलन की नई संभावनाएं



ललित गर्ग

लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

भारत जैसे विशाल, विविधतापूर्ण और लोकतांत्रिक राष्ट्र के सामने आंतरिक सुरक्षा की चुनौतियां हमेशा से बहुआयामी रही हैं। इन चुनौतियों में नक्सलवाद या माओवादी हिंसा एक ऐसी समस्या रही, जिसने दशकों तक देश की आंतरिक शांति, विकास और सुशासन को गंभीर रूप से प्रभावित किया। विशेषकर छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, बिहार और आंध्र प्रदेश के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में माओवादी गतिविधियों ने न केवल विकास को अवरुद्ध किया, बल्कि हजारों निर्दोष नागरिकों और सुरक्षाकर्मियों की जान भी ली। लेकिन आज जब बस्तर जैसे माओवादी गढ़ से 25 लाख के इनामी सरगना पापा राव का अपने साथियों सहित आत्मसमर्पण करना एक निर्णायक मोड़ के रूप में सामने आया है, तब यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि भारत माओवादी मुक्ति की ऐतिहासिक दहलीज पर खड़ा है। नक्सलवाद की जड़ें सामाजिक-आर्थिक असमानता, उपेक्षा और शोषण में रही हैं, लेकिन समय के साथ यह आंदोलन अपने मूल उद्देश्यों से भटककर एक हिंसक और विध्वंसकारी विचारधारा में बदल गया। माओवादी संगठन न केवल विकास कार्यों में बाधा डालते रहे, बल्कि उन्होंने स्थानीय लोगों को भय और हिंसा के माध्यम से नियंत्रित किया। स्कूल, सड़क, स्वास्थ्य केंद्र जैसे बुनियादी ढांचे को नष्ट करना उनकी रणनीति का हिस्सा बन गया था। इससे यह स्पष्ट हो गया कि यह आंदोलन अब जनहित का नहीं, बल्कि सत्ता और नियंत्रण का माध्यम बन चुका है।

भारत सरकार द्वारा 31 मार्च 2026 तक देश को नक्सलवाद/माओवाद से मुक्त करने का जो लक्ष्य निर्धारित किया गया था, वह अब लगभग अपनी अंतिम अवस्था में पहुंचता दिखाई दे रहा है। पिछले एक दशक में 10,000 से अधिक माओवादियों के आत्मसमर्पण, सुरक्षा बलों की आक्रामक एवं रणनीतिक कार्रवाई तथा प्रभावित क्षेत्रों में तेज़ी से हुए विकास कार्यों ने माओवादी आंदोलन की जड़ों को कमजोर कर दिया है। छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में माओवादी हिंसा की घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आई है। विशेष रूप से शीर्ष नेतृत्व के आत्मसमर्पण, जैसे दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के सदस्यों के सरेंडर ने संगठन को नेतृत्वहीन कर दिया, जिससे माओवादी संरचना भीतर से कमजोर पड़ गई। इस सफलता के पीछे सरकार की बहुआयामी रणनीति रही, जिसमें केवल सैन्य-पुलिस कार्रवाई ही नहीं, बल्कि विकास, पुनर्वास और प्रशासनिक पहुंच को भी समान महत्व दिया गया। रेड कॉरिडोर क्षेत्रों में सड़कों और पुलों का निर्माण, मोबाइल टावरों के माध्यम से 4जी



नेटवर्क का विस्तार, स्कूलों और आईटीआई संस्थानों की स्थापना ने इन क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ा। वहीं 'फोर्टिफाइड पुलिस स्टेशनों' की रणनीति के माध्यम से सुरक्षा बलों ने माओवादियों के गढ़ों में घुसकर निर्णायक कार्रवाई की। आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों के लिए पुनर्वास नीति के तहत आर्थिक सहायता, रोजगार और समाज में पुनर्स्थापना की व्यवस्था ने भी माओवादी कैडर को हथियार छोड़ने के लिए प्रेरित किया। यह समन्वित रणनीति, दूरदर्शिता और दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिणाम है कि देश आज नक्सलवाद के अंत के ऐतिहासिक चरण के निकट खड़ा दिखाई दे रहा है।

निश्चित ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने इस समस्या के समाधान के लिए बहुआयामी और दृढ़ रणनीति अपनाई। गृहमंत्री अमित शाह की सूझबूझ और स्पष्ट दृष्टिकोण ने इस अभियान को एक नई दिशा दी। सरकार ने एक ओर जहां सुरक्षा बलों को आधुनिक तकनीक, बेहतर प्रशिक्षण और संसाधनों से सशक्त किया, वहीं दूसरी ओर विकास योजनाओं को भी गति दी। 'सुरक्षा और विकास' के इस दोहरे दृष्टिकोण ने माओवादी प्रभाव वाले क्षेत्रों में सकारात्मक परिवर्तन की नींव रखी। पिछले कुछ वर्षों में सुरक्षाबलों द्वारा चलाए गए सघन अभियानों ने माओवादी नेटवर्क को गहराई से कमजोर किया है। बस्तर, जो कभी माओवादियों का सबसे मजबूत गढ़ माना जाता था, वहां आज आत्मसमर्पण की घटनाएं बढ़ रही हैं। पापा राव जैसे शीर्ष माओवादी नेता का आत्मसमर्पण इस बात का संकेत है कि माओवादी संगठन अब अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। यह केवल एक व्यक्ति का आत्मसमर्पण नहीं, बल्कि एक विचारधारा के पतन का प्रतीक है।

माओवादी मुक्ति का सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि देश के उन क्षेत्रों में शांति और स्थिरता स्थापित होगी, जो लंबे समय से हिंसा की चपेट में रहे हैं। जब बंदूकें खामोश होंगी, तब विकास की आवाज बुलंद होगी। सड़कें बनेंगी, स्कूल खुलेंगे, अस्पतालों में सुविधाएं बढ़ेंगी और सबसे महत्वपूर्ण, लोगों के जीवन में सुरक्षा और विश्वास का संचार होगा। आदिवासी और ग्रामीण समुदाय, जो अब तक भय और असुरक्षा में जी रहे थे, वे अब अपने अधिकारों और अवसरों का पूर्ण लाभ उठा सकेंगे। इसके साथ ही, माओवादी हिंसा के समाप्त होने से भारत की आंतरिक सुरक्षा मजबूत होगी। जब देश के भीतर शांति होगी, तब ही बाहरी खतरों का प्रभावी ढंग से सामना किया जा सकता है। नक्सलवाद जैसी समस्याएं अक्सर विदेशी शक्तियों और असामाजिक तत्वों के लिए भी अवसर प्रदान करती हैं, जिन्हें समाप्त करना राष्ट्रीय हित में अत्यंत आवश्यक है। इस दृष्टि से माओवादी मुक्ति न केवल आंतरिक, बल्कि सामरिक रूप से भी महत्वपूर्ण है।

आदर्श शासन व्यवस्था की स्थापना के लिए कानून का शासन, पारदर्शिता, जवाबदेही और विकास की समान पहुंच आवश्यक होती है। माओवादी प्रभाव वाले क्षेत्रों में इन सभी तत्वों का अभाव था। वहां प्रशासन की पहुंच सीमित थी और लोकतांत्रिक संस्थाएं प्रभावी रूप से कार्य नहीं कर पा रही थीं। लेकिन अब जब माओवादी प्रभाव घट रहा है, तब सरकार के लिए यह अवसर है कि वह इन क्षेत्रों में सुशासन की मजबूत नींव रखे। पंचायतों को सशक्त किया जाए, स्थानीय नेतृत्व को प्रोत्साहित किया जाए और जनभागीदारी को बढ़ावा दिया जाए। यह भी आवश्यक है कि माओवादी विचारधारा के प्रभाव को केवल सुरक्षा उपायों से ही नहीं, बल्कि वैचारिक स्तर पर भी चुनौती दी जाए। शिक्षा, जागरूकता और संवाद के माध्यम से लोगों को यह समझाना होगा कि हिंसा किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकती। लोकतंत्र में परिवर्तन का मार्ग शांतिपूर्ण और संवैधानिक होता है। इस दिशा में समाज, सरकार और नागरिक संगठनों को मिलकर प्रयास करना होगा। माओवादी मुक्ति के इस दौर में यह भी ध्यान रखना होगा कि जिन कारणों से यह समस्या उत्पन्न हुई थी, वे दोबारा न उभरें। सामाजिक न्याय, आर्थिक समानता और विकास की समावेशी नीति को प्राथमिकता देना आवश्यक है। आदिवासी क्षेत्रों में उनकी संस्कृति, पहचान और अधिकारों का सम्मान करते हुए विकास की योजनाएं लागू की जानी चाहिए। केवल भौतिक विकास ही नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक सशक्तिकरण भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में जिस दृढ़ता और दूरदर्शिता के साथ माओवादी समस्या का समाधान किया जा रहा है, वह न केवल वर्तमान के लिए, बल्कि भविष्य के लिए भी एक मार्गदर्शक है। यह दिखाता है कि यदि राजनीतिक इच्छाशक्ति मजबूत हो, रणनीति स्पष्ट हो और कार्यान्वयन प्रभावी हो, तो कोई भी समस्या असाध्य नहीं है। निश्चिततौर पर माओवादी मुक्ति केवल एक सुरक्षा उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह भारत के लोकतंत्र, विकास और सुशासन की जीत है। यह उस विश्वास का प्रतीक है कि भारत अपने आंतरिक संघर्षों को शांतिपूर्ण और निर्णायक ढंग से सुलझाने में सक्षम है। अब समय है कि इस उपलब्धि को स्थायी बनाया जाए और देश के हर कोने में शांति, समृद्धि और संतुलन का वातावरण स्थापित किया जाए। जब हर नागरिक सुरक्षित, सम्मानित और सशक्त महसूस करेगा, तभी सच्चे अर्थों में एक आदर्श शासन व्यवस्था का निर्माण संभव हो सकेगा।

# युद्ध की विभीषिका का दंश



आदित्य नारायण चौपड़ा

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

ईरान-इजराइल व अमेरिका के युद्ध को चलते अब एक महीना हो चुका है परन्तु इसकी विभीषिका कम नहीं हो रही है बल्कि उल्टे एक तरफ समझौता वार्ता की खबरों के चलते अमेरिका द्वारा ईरान में थल सौनिक उतारने की चर्चा भी जोरों पर चल रही है। इस युद्ध से इतना तो स्पष्ट हो चुका है कि यह ऐसा लक्ष्यहीन संग्राम है जिसके प्रभाव से दुनिया के अधिसंख्य देश व्यथित हो रहे हैं। इनमें भारत का नाम प्रमुख रूप से लिया जा सकता है क्योंकि स्वतन्त्रता से पहले 1947 तक भारत व ईरान की सीमाएं एक-दूसरे से मिलती थीं। यही वजह है कि भारत व ईरान के बीच ऐतिहासिक सांस्कृतिक प्रगाढ़ता है। इसके साथ ही भारत व ईरान के आर्थिक व सामाजिक सम्बन्ध भी गहराई लिये हुए रहे हैं क्योंकि ईसा से पूर्व सम्राट अशोक का शासन पाटिलीपुत्र से लेकर तेहरान तक था जो कि आज ईरान की राजधानी है। अत: युद्ध के दुष्प्रभावों का जोर भारत पर होना ही था। इसे ही हम आज देख रहे हैं, बेशक इसके आयाम बदले हुए हैं क्योंकि ईरान के संकरे होर्मुज जलडमरूमध्य समुद्री रास्ते से होकर भारत की ऊर्जा सप्लाई का 60 प्रतिशत से अधिक हिस्सा आता है जिसके चलते आज भारत में ईंधन गैस की सप्लाई में कमी हो रही है लेकिन इसके बावजूद भारत की मोदी सरकार इस ईंधन गैस की किल्लत की मार आम भारतीय उपभोक्ताओं पर कम से कम डालने की कोशिशें कर रही है और ईरान भी भारत के ऊर्जा स्रोतों के वाणज्यिक जहाजों को जलडमरूमध्य मार्ग से गुजरने की इजाजत दे रहा है परन्तु यह युद्ध का केवल एक आयाम है।

दूसरा आयाम वह है जिसकी वजह से इसके व्यापक होने का खतरा मंडरा रहा है क्योंकि ईरान जिस तरह इजराइली व अमेरिकी हमलों का जवाब देने के लिए अरब व खाड़ी के देशों में स्थित अमेरिकी सैनिक अड्डों को निशाने पर ले रहा है उससे इस क्षेत्र में विश्व के दूसरे शक्तिशाली देशों रूस व चीन के हितों पर भी चोट पहुंच रही है। मगर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के रुख को देख कर लगता है कि उन्हें इस युद्ध के दुष्परिणामों की चिन्ता नहीं है और वह अमेरिका को पुन: महान बनाने की अपनी रट में विकाशील व अविकसित राष्ट्रों की विकास प्रक्रिया को दरकिनार कर रहे हैं।

इस मामले में सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि विगत 28 फरवरी को यह युद्ध तब शुरू हुआ जब जिनीवा में एक खाड़ी देश ओमान की मध्यस्थता में अमेरिका व ईरान के बीच शान्ति वार्ता चल रही थी और इसका मुख्य विषय ईरान का परमाणु कार्यक्रम था। अत: कहा जा सकता है कि अमेरिका ने यह युद्ध अपने सहयोगी राष्ट्र इजराइल की जिद के चलते ईरान पर थोपा है जो कि संयुक्त राष्ट्र संघ के नियमावली के पूर्णत: विरुद्ध है। इसी वजह से दुनिया के कुछ देश इसे असंवैधानिक भी बता रहे हैं। इस सन्दर्भ में यह तथ्य बहुत जरूरी है कि ईरान अन्तर्राष्ट्रीय परमाणु अप्रसार सन्धि का सदस्य देश है अत: उसका पूरा परमाणु कार्यक्रम पहले से इस बारे में स्थापित परमाणु एजेंसी की निगरानी में था लेकिन हम देख रहे हैं कि गत 28 फरवरी को युद्ध शुरू करते हुए अमेरिका व इजराइल ने घोषणा की कि वे ईरान में सत्ता परिवर्तन करके इसका कथित आतंकवादी स्वरूप बदना चाहते हैं। इस क्रम में इन दोनों देशों के आक्रमण के दौरान ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई भी मारे गये परन्तु इसके बावजूद ईरान में सत्ता परिवर्तन होने के बजाय उनके द्वारा स्थापित धार्मिक- राजनैतिक प्रशासन तन्त्र ही मजबूत हुआ और ईरान की सत्ता पर अपेक्षाकृत कट्टर इस्लामी समझे जाने वाले तत्वों का कब्जा होता चला गया जिसकी वजह से ईरान की उदारवादी ताकतों को भारी झटका लगा और पूरा देश ईरान युद्धोन्माद के भाव से भर गया। इसलिए कहा जा सकता है कि ईरान यह लड़ाई अपने अस्तित्व को बचाने के लिए लड़ रहा है जिसमें हर ईरानी आपसी राजनैतिक व क्षेत्रीय मतभेद भूल कर एक साथ आ गया है।

वर्ना इससे पहले खामेनेई के जीवित रहते ही इस देश में उदारवादी ताकतें अपना सिर उठाने लगी थी और ईरानी शहरों की सड़कों पर नारी अधिकारी को लेकर सरकार के विरुद्ध भारी प्रदर्शन भी होते रहते थे। भारत की इस मामले में स्पष्ट नीति रही है कि किसी भी देश में किस प्रकार का निजाम स्थापित हो इसका फैसला केवल उस देश की जनता ही कर सकती है। दूसरी ओर वर्तमान में जिस तरह भारत का पड़ौसी देश पाकिस्तान मिस्र, सऊदी अरब व तुर्की के साथ मिल कर इस्लामाबाद में इन देशों के विदेश मन्त्रियों के साथ मिल कर होर्मुज के जलडमरूमध्य मार्ग को खोलने की कोशिशों को वार्ता के माध्यम से अंजाम देना चाहता था लेकिन उनकी बैठक भी बिना किसी फैसले के खत्म हो गई। क्योंकि पाकिस्तान स्वयं में एक अवैध परमाणु शक्ति सम्पन्न राष्ट्र है और पूरे विश्व में आतंकवाद को फैलाने में उसकी महत्ती भूमिका रही है।

यह इस युद्ध की दिशाहीनता का एक और उदाहरण कहा जा सकता है। इसके साथ ही अमेरिका के प्रमुख नगरों में राष्ट्रपति ट्रम्प की युद्ध नीति के खिलाफ जिस तरह नागरिकों के भारी प्रदर्शन हो रहे हैं उससे पता चलता है कि ट्रम्प की अपनी जनता के बीच ही लोकप्रियता लगातार घटती जा रही है। हालांकि ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी अभी भी इस युद्ध का पूर्ण समर्थन कर रही है। इसके बावजूद अमेरिकी नागरिक प्रदर्शनों का यह नारा कि वे अपने देश में राष्ट्रपति का व्यवहार किसी राजा-महाराजा की तरह नहीं बल्कि चुने हुए लोकतान्त्रिक नेता के रूप में देखना चाहते हैं।

ट्रम्प के लिए चिन्ता बढ़ा सकते हैं क्योंकि अमेरिका विश्व का सबसे बड़ा पुराना उदार व खुला लोकतन्त्र माना जाता है। इसके समानान्तर ट्रम्प शासन द्वारा ईरान में अपने थल सैनिक उतारने की अपुष्ट खबरों से ईरान भी काफी चिन्तित नजर आता है और इसकी संसद( मजलिस) के अध्यक्ष श्री मोहम्मद बाकर कुलीबफ ने कह दिया है कि यदि अमेरिका ऐसा करता है तो उनके देश की सेना न केवल उनका कफन तैयार करेगी बल्कि खाड़ी क्षेत्र में उसके मित्र राष्ट्रों को भी इसका परिणाम भुगतना होगा। पश्चिम एशिया के देशों में अमेरिका के कुल 16 सैनिक अड्डों में से 13 को ईरान निशाने पर ले चुका है जिससे यही आभास होता है कि इस युद्ध की समयावधि अमेरिका व इजराइल की इच्छा पर ही निर्भर करती है।

# जब रुपया गिरता है, तेल महंगा होता है

पवन शर्मा

जब भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले कमजोर होता है, तो इसे अक्सर केवल बाजार की हलचल समझ लिया जाता है। लेकिन इसकी असली कहानी कहीं और लिखी जाती है-कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों में, और उससे पैदा होने वाले व्यापक आर्थिक असर में। भारत अपनी लगभग 85% कच्चे तेल की जरूरत आयात से पूरी करता है। ऐसे में जैसे ही रुपया कमजोर होता है या वैश्विक बाजार में तेल की कीमत बढ़ती है, देश का आयात बिल सीधे बढ़ जाता है। यही वह बिंदु है जहां रुपया केवल एक मुद्रा नहीं, बल्कि आर्थिक चुनौती बन जाता है।

**तेल का समीकरण- दोहरी मार**- कच्चा तेल अंतरराष्ट्रीय बाजार में डॉलर में खरीदा जाता है। जब रुपया कमजोर होता है, तो भारत को हर बैरल के लिए ज्यादा रुपये चुकाने पड़ते हैं।

**इससे दोहरी मार पड़ती है**-

* वैश्विक स्तर पर तेल की ऊंची कीमत
* कमजोर रुपया, जो लागत को और बढ़ा देता है

परिणामस्वरूप, आयात बिल तेजी से बढ़ता है और आर्थिक संतुलन पर दबाव आता है।

**हर क्षेत्र पर असर**- महंगा तेल केवल पेट्रोल पंप तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरी अर्थव्यवस्था में फैल जाता है। परिवहन लागत बढ़ती है, जिससे हर वस्तु महंगी होती है। उद्योगों की लागत बढ़ती है, खासकर ऊर्जा आधारित क्षेत्रों में। बिजली और लॉजिस्टिक्स महंगे होते हैं, जिससे महंगाई को बढ़ावा मिलता है। तेल हर क्षेत्र का अदृश्य आधार है-जब यह महंगा होता है, तो सब कुछ महंगा हो जाता है।

**उद्योगों पर दबाव**- जहां निर्यातकों को कमजोर रुपये से कुछ लाभ मिलता है, वहीं आयात पर निर्भर उद्योगों की लागत बढ़ जाती है। केमिकल, ऑटोमोबाइल, प्लास्टिक और एविएशन सेक्टर पर इसका सीधा असर पड़ता है। छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए यह स्थिति और भी चुनौतीपूर्ण हो जाती है, क्योंकि उनके पास लागत बढ़ने को सहने की सीमित क्षमता होती है।

**कृषि पर प्रभाव**- कृषि क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं है। डीज़ल महंगा होने से सिंचाई और परिवहन खर्च बढ़ता है। उर्वरकों की कीमत भी बढ़ती है, क्योंकि वे आयात से जुड़े होते हैं। इसका सीधा असर खेती की लागत पर पड़ता है और अंतत: खाद्य वस्तुओं की कीमतें बढ़ती हैं।

**आम आदमी की जेब पर असर**- रुपये की कमजोरी का सबसे बड़ा असर आम नागरिक पर पड़ता है। पेट्रोल-डीजल महंगे होते हैं। गैस और परिवहन खर्च बढ़ता है। रोजमर्रा की वस्तुएं महंगी हो जाती हैं। यानी, यह सीधे घरेलू बजट को प्रभावित करता है।

**सरकार के सामने चुनौती**- सरकार के लिए यह स्थिति संतुलन का खेल बन जाती है। ईंधन पर टैक्स कम करने से राहत मिल सकती है, लेकिन इससे राजस्व घटता है। वहीं कीमतें बढ़ने देने से महंगाई बढ़ती है। केंद्रीय बैंक के सामने भी दुविधा रहती है-महंगाई को नियंत्रित करना और विकास को बनाए रखना, दोनों साथ में आसान नहीं है।

**आगे का रास्ता**- स्थायी समाधान केवल नीतिगत सुधारों में है-

* आयातित तेल पर निर्भरता कम करना
* नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देना
* घरेलू उत्पादन को मजबूत करना

जब तक यह बदलाव नहीं होते, रुपया और तेल दोनों मिलकर अर्थव्यवस्था को प्रभावित करते रहेंगे।

**नागरिकों के लिए सुझाव**- ऐसे समय में सतर्कता जरूरी है- * ईंधन की खपत को नियंत्रित करें

* बजट को पुन: व्यवस्थित करें
* बचत और आपातकालीन फंड बढ़ाएं
* अनावश्यक खर्च से बचें

# तेल कम, गैस कम...आने वाले दिनों में क्या बिजली भी होगी कम? बढ़ती गर्मी के बीच लोगों के मन में नई टेंशन!

**ऊर्जा क्षेत्र के जानकारों का कहना है कि इस वर्ष भारत में अधिकतम बिजली मांग दो लाख पचास हजार मेगावाट तक पहुंच सकती है, जो अब तक का सबसे ऊंचा स्तर होगा। पिछले वर्ष भी गर्मी के मौसम में मांग ने कई रिकॉर्ड तोड़े थे और करीब दो लाख तीस हजार मेगावाट तक पहुंच गई थी।**



नीरज कुमार दुबे

लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

भीषण गर्मी ने अभी से ही लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया है, जिससे यह सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि आने वाले महीनों में तापमान किस स्तर तक पहुंच सकता है। देश के कई हिस्सों में मार्च के अंतिम सप्ताह से ही तापमान सामान्य से ऊपर दर्ज किया जा रहा है। इस बीच पश्चिम एशिया और मध्य पूर्व में चल रहे तनाव ने ऊर्जा आपूर्ति को लेकर नई चिंताएं खड़ी कर दी हैं। हालात ऐसे बन रहे हैं कि लोग अब खाना पकाने जैसे घरेलू कार्यों के लिए भी बिजली पर निर्भर होते जा रहे हैं। ऐसे में जब अप्रैल से जून के बीच भीषण गर्मी अपने चरम पर होगी, तब बिजली की मांग में भारी उछाल आना लगभग तय माना जा रहा है।

ऊर्जा क्षेत्र के जानकारों का कहना है कि इस वर्ष भारत में अधिकतम बिजली मांग दो लाख पचास हजार मेगावाट तक पहुंच सकती है, जो अब तक का सबसे ऊंचा स्तर होगा। पिछले वर्ष भी गर्मी के मौसम में मांग ने कई रिकॉर्ड तोड़े थे और करीब दो लाख तीस हजार मेगावाट तक पहुंच गई थी। इस बार तापमान अधिक रहने की संभावना के चलते मांग और अधिक बढ़ सकती है।

हम आपको बता दें कि पश्चिम एशिया और मध्य पूर्व क्षेत्र दुनिया के प्रमुख ऊर्जा आपूर्तिकर्ता माने जाते हैं। यहां जारी तनाव का सीधा असर कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति पर पड़ रहा है। हालांकि भारत अपनी बिजली जरूरतों का बड़ा हिस्सा कोयले से पूरा करता है, लेकिन गैस आधारित बिजली संयंत्र और आयातित ईंधन भी ऊर्जा संतुलन में अहम भूमिका निभाते हैं। यदि वैश्विक आपूर्ति प्रभावित होती है तो इसका असर भारत की ऊर्जा लागत पर भी पड़ सकता है।

इसके अलावा घरेलू स्तर पर भी बदलाव देखने को मिल रहा है। शहरों में तेजी से बढ़ते शहरीकरण और जीवनशैली में बदलाव के कारण लोग अब गैस की जगह बिजली आधारित उपकरणों का अधिक उपयोग करने लगे हैं। इंडक्शन



चूल्हे, बिजली से चलने वाले हीटर और अन्य उपकरणों के बढ़ते इस्तेमाल ने कुल बिजली खपत को और बढ़ा दिया है।

हम आपको बता दें कि भारत की बिजली व्यवस्था अभी भी काफी हद तक कोयले पर निर्भर है। कुल बिजली उत्पादन का लगभग सत्तर प्रतिशत हिस्सा कोयला आधारित बिजली घरों से आता है। गर्मी के मौसम में जब मांग बढ़ती है, तब कोयले की खपत भी तेजी से बढ़ती है। कई बार यह स्थिति पैदा हो जाती है कि बिजली घरों के पास सीमित दिनों का ही कोयला भंडार बचता है।

कोयला खदानों से उत्पादन, रेलवे के जरिए परिवहन और बिजली घरों तक आपूर्ति की पूरी श्रृंखला पर दबाव बढ़ जाता है। यदि इस श्रृंखला में कहीं भी बाधा आती है तो इसका सीधा असर बिजली उत्पादन पर पड़ सकता है। यही कारण है कि हर साल गर्मी के मौसम में कोयले की उपलब्धता एक बड़ा मुद्दा बन जाती है।

देखा जाये तो बढ़ती मांग और ईंधन की लागत में संभावित वृद्धि के चलते बिजली की कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। यदि बिजली उत्पादन की लागत बढ़ती है, तो वितरण कंपनियों पर भी दबाव बढ़ेगा, जिसका असर अंतत: उपभोक्ताओं पर पड़ सकता है। हालांकि सरकार आम जनता पर बोझ कम रखने के लिए सब्सिडी और अन्य उपायों का सहारा ले सकती है, लेकिन लंबे समय तक यह व्यवस्था टिकाऊ नहीं मानी जाती। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि वैश्विक ऊर्जा कीमतें ऊंची बनी रहती हैं और घरेलू मांग लगातार बढ़ती है, तो भविष्य में बिजली दरों में संशोधन करना पड़ सकता है।

साथ ही सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या आने वाले महीनों में बिजली कटौती बढ़ेगी? यदि मांग और आपूर्ति के बीच अंतर अधिक बढ़ता है, तो कई राज्यों में बिजली कटौती की स्थिति बन सकती है। खासकर ग्रामीण और अर्ध शहरी क्षेत्रों में इसका प्रभाव अधिक देखने को मिल सकता है। इसके अलावा, शहरी क्षेत्रों में भी पीक समय के दौरान दबाव बढ़ सकता है। जब घरों, दफ्तरों और बाजारों में एक साथ बिजली की खपत बढ़ती है, तब ग्रिड पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। यदि पर्याप्त उत्पादन उपलब्ध नहीं होता, तो लोड प्रबंधन के तहत कटौती करनी पड़ सकती है।

उधर, केंद्र सरकार ने इस चुनौती को देखते हुए पहले से ही कई कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। कोयले के उत्पादन और आपूर्ति को बढ़ाने, बिजली घरों में न्यूनतम भंडार सुनिश्चित करने और राज्यों के साथ समन्वय बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। इसके साथ ही सौर और पवन ऊर्जा जैसे नवीकरणीय स्रोतों को तेजी से बढ़ाने की दिशा में भी काम हो रहा है। हालांकि विशेषज्ञ मानते हैं कि केवल उत्पादन बढ़ाना ही पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि मांग प्रबंधन भी उतना ही जरूरी है। ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देना, स्मार्ट ग्रिड तकनीक का उपयोग और उपभोक्ताओं को जागरूक करना इस दिशा में अहम कदम हो सकते हैं।

बहरहाल, स्पष्ट है कि वर्ष 2026 में भारत के सामने बिजली आपूर्ति को लेकर एक कठिन परीक्षा हो सकती है। भीषण गर्मी, वैश्विक ऊर्जा संकट, बढ़ती घरेलू खपत और कोयले पर निर्भरता जैसे कई कारक मिलकर इस चुनौती को और जटिल बना रहे हैं। ऐसे में यह देखना बेहद महत्वपूर्ण होगा कि सरकार और ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े सभी पक्ष मिलकर किस तरह इस स्थिति से निपटते हैं और आम लोगों तक बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करते हैं।

# ईरान युद्ध दो से तीन हफ्तों में खत्म हो सकता है, समझौते की जरूरत नहीं: ट्रंप

वॉशिंगटन, (वार्ता)



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिया है कि ईरान के साथ चल रहा युद्ध जल्द समाप्ति की ओर बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि इस संघर्ष को खत्म करने के लिए ईरान को अमेरिका के साथ किसी समझौते की आवश्यकता नहीं है। श्री ट्रंप के इस बयान से अमेरिका के रुख में बदलाव का संकेत मिलता है। 28 फरवरी से शुरू हुए इस युद्ध के पांचवें सप्ताह में पहुंचने के बाद अब प्रशासन पहले की तुलना में अलग रणनीति अपनाता नजर आ रहा है। व्हाइट हाउस में मीडिया से बातचीत के दौरान श्री ट्रंप ने मंगलवार को कहा, हम बहुत जल्द निकल जाएंगे दो हफ्तों में, शायद तीन हफ्तों में। जब उनसे पूछा गया कि ऑपरेशन एपिक फ्यूरी को समाप्त करने के लिए क्या कोई कूटनीतिक समझौता जरूरी है, तो उन्होंने साफ कहा, नहीं, ईरान को मेरे साथ कोई समझौता करने की जरूरत नहीं है।

ओवल ऑफिस से बोलते हुए श्री ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिकी सैन्य अभियान के प्रमुख लक्ष्य काफी हद तक हासिल कर लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि ईरान की सैन्य क्षमता को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा है और उसे दोबारा खड़ा होने में 15 से 20 साल लग सकते हैं। उनके अनुसार, ईरान की नौसैनिक, वायु और वायु-रोधी क्षमताओं के साथ-साथ दूरसंचार ढांचे को भी भारी क्षति पहुंची है। उन्होंने कहा, अगर वे बातचीत की मेज पर आते हैं तो अच्छा होगा, लेकिन इससे फर्क नहीं पड़ता कि वे आते हैं या नहीं। श्री ट्रंप ने यह भी दोहराया कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने का लक्ष्य पूरा हो चुका है। व्हाइट हाउस ने घोषणा की कि श्री ट्रंप बुधवार रात 9 बजे (ईडीटी) राष्ट्र को संबोधित करेंगे, जिसमें वह ईरान की स्थिति पर विस्तृत जानकारी देंगे। माना जा रहा है कि इस दौरान वह अमेरिकी विदेश नीति, जारी सैन्य अभियानों और वैश्विक सुरक्षा खतरों पर भी प्रकाश डालेंगे।

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भी युद्ध को समाप्त करने के ट्रंप के रुख का समर्थन किया। उन्होंने संकेत दिया कि अमेरिका ईरान के साथ सीधे वार्ता और चरणबद्ध तरीके से सैन्य अभियान समाप्त करने के विकल्प तलाश रहा है, भले ही कोई औपचारिक समझौता न हो।

फॉक्स न्यूज को दिए साक्षात्कार में श्री रुबियो ने कहा कि ईरान पिछले 47 वर्षों से परमाणु हथियारों के कारण खतरा बना हुआ है। उन्होंने कहा कि ईरान ने यूरेनियम को 60 प्रतिशत तक समृद्ध किया है और 60 से 90 प्रतिशत तक पहुंचने में 12 से 14 दिन लग सकते हैं, जो परमाणु बम बनाने की दिशा में एक अहम कदम है।

यह बयान पहले दी गई अमेरिकी चेतावनियों से अलग है, जिसमें कहा गया था कि यदि ईरान 15 सूत्रीय युद्धविराम प्रस्ताव को नहीं मानता है, तो सैन्य कार्रवाई और तेज की जाएगी। इस प्रस्ताव में यूरेनियम संवर्धन रोकने, परमाणु हथियार न बनाने की प्रतिबद्धता और होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह खोलने जैसी शर्तें शामिल थीं।

श्री रुबियो ने यह भी कहा कि अमेरिका और ईरान के अधिकारियों के बीच किसी समय बैठक हो सकती है और अमेरिका को अंत नजर आ रहा है, लेकिन तुरंत नहीं।

इसी बीच, श्री ट्रंप के युद्ध समाप्त करने के संकेतों के बावजूद बुधवार सुबह दोनों पक्षों के बीच हमलों की खबरें सामने आईं। कुवैत के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर ड्रोन हमले में ईंधन टैंकों में आग लग गई, जबकि बहरीन में एक अज्ञात कंपनी परिसर में आग लगने की सूचना मिली, जिसे ईरानी हमले से जोड़कर देखा जा रहा है।

इजरायली सेना ने दावा किया कि उसने आईआरजीसी कुद्स फोर्स के लेबनान कोर के इंजीनियरिंग प्रमुख महदी वफाई को निशाना बनाकर मार गिराया है। बताया गया कि महदी वफाई को मध्य शहर महल्लात में मारा गया। इजरायल के अनुसार, वह दो दशकों से लेबनान और सीरिया में भूमिगत परियोजनाओं, हिज्बुल्ला के लिए ढांचे के निर्माण और हथियार भंडारण के प्रबंधन में शामिल था।

# होर्मुज खुलेगा लेकिन आपके लिए नहीं, ईरान ने ट्रंप को दिखाया ठेंगा

नई दिल्ली



मिडिल ईस्ट युद्ध की शुरुआत का सबसे ज्यादा असर कहीं दिखा है तो वह है होर्मुज जलडमरूमध्य में। इस महत्वपूर्ण व्यापारिक मार्ग से दुनिया का लगभग 20 प्रतिशत तेल-गैस व्यापार होता है। युद्ध की शुरुआत से ही ईरान ने इस मार्ग पर मजबूत पकड़ बनाई हुई है।

बुधवार को ईरानी संसद के राष्ट्रीय सुरक्षा आयोग के प्रमुख इब्राहिम अजीजी ने कहा कि आखिरकार, ट्रंप सत्ता परिवर्तन के सपने तक पहुंच गए, लेकिन समुद्री के शासन में! होर्मुज जलडमरूमध्य निश्चित रूप से खोला जाएगा, लेकिन आपके लिए नहीं! उन लोगों के लिए जो इस्लामी गणतंत्र ईरान के नए नियमों का पालन करते हैं। मेहमाननवाजी का 47 साल पुराना युग खत्म हो गया है।

इससे पहले ट्रंप ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि अमेरिका जल्द ही ईरान छोड़ देगा। ट्रंप ने कहा, मुझे बस ईरान से निकलना है, और हम बहुत जल्द ऐसा करेंगे, इसके बाद कीमतें धड़ाम से नीचे गिर जाएंगी। हम अपना काम खत्म कर रहे हैं, और मुझे लगता है कि यह काम शायद दो हफ्ते में, या शायद कुछ में पूरा हो सकता है। ट्रंप ने कहा कि अगर उनके बीच कोई समझौता नहीं हुआ तो भी वह चले जाएंगे। ट्रंप ने कहा, नहीं, उन्हें मुझसे समझौता करने की कोई जरूरत नहीं है। जब हमें लगेगा कि वे लंबे समय तक पाषाण युग में ही रह जाएंगे और परमाणु हथियार नहीं बना पाएंगे, तब हम चले जाएंगे, चाहे समझौता हो या न हो, इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा। अब, हो सकता है कि हम समझौता कर लें क्योंकि वे समझौता करना चाहते हैं। वे मुझसे ज्यादा समझौता करना चाहते हैं।

### ईरानी नागरिकों के यूएई

दुबई, (वार्ता)। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में अब केवल उन्हीं ईरानी नागरिकों के प्रवेश करने की अनुमति है जिनके पास यूएई गोल्डन वीजा है। एमिरेट्स एयरलाइंस ने अपनी वेबसाइट पर कहा,ईरानी नागरिकों के प्रवेश और पारगमन पर प्रतिबंध है। एमिरेट्स और एतिहाद के साथ-साथ कम लागत वाली एयरलाइन फ्लाईदुबई ने भी अपनी वेबसाइटों पर यह घोषणाएं की हैं। फ्लाईदुबई ने स्पष्ट किया कि यह प्रतिबंध गोल्डन वीजा वाले ईरानी नागरिकों पर लागू नहीं होता है। अपने पासपोर्ट और वीजा अनुभाग में, एयरलाइन ने उल्लेख किया, नागरिकता पर प्रतिबंध। ईरानी नागरिकों को प्रवेश या पारगमन की अनुमति नहीं है। अपवाद स्वरूप वहीं ईरानी नागरिक प्रवेश और पारगमन कर सकते हैं, जिनके पास गोल्डन वीजा है। यूएई गोल्डन वीजा एक दीर्घकालिक निवास परमिट है, जो पांच या दस वर्षों के लिए मान्य होता है। यह निवेशकों, उद्यमियों, वैज्ञानिकों, शीर्ष छात्रों और अत्यधिक कुशल पेशेवरों को दिया जाता है।

# केरल जा कर बिहार को 'पुअर स्टेट' बताना शर्मनाक, जनता से माफी मांगें तेजस्वी : उमेश सिंह

पटना, (वार्ता)

बिहार जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने बुधवार को कहा कि बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का केरल में चुनाव प्रचार के दौरान बिहार को पुअर स्टेट कहना प्रदेश के लिए अपमानसूचक है और उन्हें इस बात के लिए सार्वजनिक तौर पर माफी मांगनी चाहिए। श्री कुशवाहा ने आज कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि श्री यादव का केरल की धरती पर बिहार के लिए इस तरह का बयान अत्यंत शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सत्ता की राजनीति के लिए श्री यादव लगातार बिहार और बिहारवासियों की छवि को ठेस पहुंचाने वाले बयान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव प्रचार के दौरान भी श्री यादव ने बिहार का अपमान करने वाले द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) नेताओं के साथ मंच साझा किया और अब केरल चुनाव के दौरान बिहार को पुअर स्टेट बताकर उन्होंने 14 करोड़ बिहारवासियों के स्वाभिमान को ठेस पहुंचाया है। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बिहार को पुअर स्टेट बताने से पहले तेजस्वी यादव को अपने गिरेबान में झांक लेना चाहिए था और यह भी बताना चाहिए कि किस तरह उनके माता-पिता ने सत्ता में रहते हुए बिहार के खजाने को लूटकर अपनी तिजोरियां भरने का काम किया।श्री कुशवाहा ने कहा कि वर्ष 2005 से पहले बिहार की पहचान बीमारू राज्य के रूप में होती थी, लेकिन मुख्यमंत्री श्री कुमार ने सत्ता संभालने के बाद बिहार की छवि बदलते हुए सुशासन और विकास की नई पटकथा लिखी।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बिहार की विकास दर वर्ष 2004-05 में जहां महज 7.78 प्रतिशत थी, वहीं वर्तमान समय में यह बढ़कर लगभग 13.09 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जो देश के कई बड़े राज्यों से बेहतर है। वर्ष 2005 में बिहार का बजट जहां लगभग 23 हजार करोड़ रुपये था, वहीं आज यह बढ़कर 3 लाख 47 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो चुका है।श्री कुशवाहा ने कहा कि वर्ष 2004-05 में राजद के शासनकाल के दौरान बिहार की प्रति व्यक्ति आय महज 7 हजार 449 रुपये थी, जो आज बढ़कर 69 हजार 321 रुपये हो गई है। इसी प्रकार वर्ष 2004-05 में राज्य में गरीबी दर 54.40 प्रतिशत थी, जो 2024-25 में घटकर 33.76 प्रतिशत पर आ गई है। वर्ष 2005 के आसपास बिहार की साक्षरता दर लगभग 47 प्रतिशत थी, जबकि वर्तमान समय में यह बढ़कर करीब 79 प्रतिशत हो गई है। जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि तेजस्वी यादव को तथ्यों की जानकारी नहीं है और चुनाव में करारी शिकस्त के बाद वह लगातार अनाप-शनाप बयानबाजी कर रहे हैं, लेकिन बिहारवासियों का अपमान करने वाला यह हालिया बयान सूबे की स्वाभिमानी जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। इस अपमानजनक टिप्पणी के लिए तेजस्वी यादव को अविलंब बिहार की जनता से माफी मांगनी चाहिए।

# पाकिस्तान: बाइक की छीना-झपटी को लेकर खैबर पख्तूनख्वा में गोलीबारी, 6 लोगों की मौत

नई दिल्ली



उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में जिरगा बैठक के दौरान एक बंदूकधारी ने गोलीबारी शुरू कर दी। इस घटना में छह लोगों की मौत हो गई। वहीं दो लोग घायल हो गए।

समाचार एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस ने बताया कि यह घटना खैबर पख्तूनख्वा के डेरा इस्माइल खान जिले में हुई। खैबर पख्तूनख्वा के डेरा इस्माइल खान जिले में इस्तराना कबीले के बुजुर्गों की छीनी गई मोटरसाइकिल को लेकर विवाद सुलझाने के लिए इकट्ठा हुआ थे। इसके लिए, जुल्फिकार मरवत से मिलने गए थे, जिस पर मोटरसाइकिल छीनने का आरोप लगा था।

पुलिस के मुताबिक, बैठक के दौरान संदिग्ध ने जिरगा सदस्यों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे मौके पर ही छह लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। जुल्फिकार मरवत एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर मौके से फरार हो गया।

पुलिस ने उसे पकड़ने के लिए एक तलाशी अभियान चलाया। पुलिस को जब मरवत और उसके साथियों के बारे में खुफिया जानकारी मिली, तब उन्होंने उस जगह पर छापा मारा, तो मरवत और उसके साथियों ने पुलिस पर गोलीबारी कर दी। पुलिस की जवाबी गोलीबारी में आरोपी जुल्फिकार मरवत मारा गया। पुलिस ने मौके से कुछ हथियार और एक मोटरसाइकिल बरामद भी की।

# चारधाम यात्रा के लिए टिहरी स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

टिहरी,(वार्ता)

उत्तराखंड में आगामी चारधाम यात्रा को लेकर जनपद में स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया है। जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल के निर्देशों के तहत यात्रा मार्गों पर चिकित्सा सुविधाओं को सुदृढ़ और सुव्यवस्थित करने की तैयारी तेज कर दी गई है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. श्याम विजय ने बुधवार को बताया कि ऋषिकेश से गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ समेत सभी प्रमुख तीर्थ मार्गों पर यात्रियों की बढ़ती आवाजाही को ध्यान में रखते हुए विशेष स्वास्थ्य प्रबंध किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रमुख मार्ग पर चिकित्सा इकाइयों की स्थापना की जा रही है, ताकि आपात स्थिति में यात्रियों को तुरंत उपचार मिल सके। उन्होंने बताया कि जनपद में कुल 22 चिकित्सा इकाइयों को प्राथमिकता के आधार पर विभिन्न स्थानों पर तैनात किया जाएगा। इसके साथ ही पूर्व से तैनात चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जबकि विशेषज्ञ चिकित्सकों के लिए भी अलग से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। डॉ. विजय ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी चिकित्सा इकाइयों में पर्याप्त मैनपॉवर, आवश्यक दवाइयों और उपकरणों की उपलब्धता हर हाल में सुनिश्चित की जाए।

# भाजपा सरकार में कुशल अधिकारियों की अहमियत नही : अखिलेश यादव

लखनऊ (वार्ता)

यूपी काडर के वर्ष 2023 बैच के आईएएस अधिकारी रिंकू सिंह राही के सेवा से इस्तीफा दिए जाने को लेकर समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। श्री यादव ने कहा है कि कुशल अधिकारियों की भाजपा सरकार में कोई अहमियत नहीं है। भाजपा में तो उनकी पूछ है जिनकी चोरी के पैसों की ही चोरी हो जाती है या जो निवेश तक में 5 फीसद का प्रवेश शुल्क वसूल लेते हैं। बुधवार को सोशल मीडिया के जरिये अखिलेश ने कहा, हर अच्छे



अधिकारी से हमारी मांग है कि भावावेश में आकर कोई फ़ैसला न करें, बुरे दिन जानेवाले हैं। पीडीए सरकार आएगी और सबको उचित मान-सम्मान-स्थान देगी क्योंकि पीडीए की सरकार जनता की सरकार होगी, जो समस्याओं के समाधान व असमानताओं को दूर करने के लिए सच में विकास के काम करेगी।

उन्होंने कहा, क्वॉलिटी वर्क और तय समय सीमा के अंदर काम को पूरा करने के लिए हमेशा ही बेहतरीन ऑफ़िसर्स की ज़रूरत पड़ती है। अपने काम में पारंगत अधिकारियों की हमने हमेशा क़द्र की है और आगे भी करेंगे। पीड़ित अधिकारी हो या कर्मचारी सभी भाजपा को हटाने के लिए पीडीए के साथ हैं। 'पीड़ा' बढ़ रही है, इसीलिए 'पीडीए' बढ़ रहा है क्योंकि 'जो पीड़ित, वो पीडीए'।

# हमारी सरकार शिक्षा के सुदृढ़ीकरण के लिए तत्परता से कर रही काम -भजनलाल

जयपुर, (वार्ता)

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि हमारी सरकार शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शिक्षा के सुदृढ़ीकरण के लिए तत्परता से कार्य कर रही है और हम पंडित दीनदयाल उपाध्याय की अंत्योदय की अवधारणा पर कार्य करते हुए अंतिम पंक्ति पर बैठे व्यक्ति के उत्थान के लिए कार्य कर रहे हैं।

श्री शर्मा बुधवार को आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय, राजापार्क में बहुउद्देशीय सभागार के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब तक कोई भी बच्चा चाहे शहर में हो या गांव में, अगर शिक्षा की रोशनी से वंचित है, तब तक विकास की बात अधूरी है। इसी सोच के साथ राज्य सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की सभी तक सुलभ पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए हमारी सरकार युवा नीति लाई है, जिससे उद्यमिता को बढ़ावा मिल सके। हमारी मंशा है कि युवा रोजगार प्राप्त करने के साथ रोजगार प्रदाता बनें। किसी भी देश का सबसे बड़ा धन उसकी युवा पीढ़ी होती है। युवा शक्ति राष्ट्र की दशा और दिशा बदल सकती है। भारत के पास दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी है, जो हमारी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि शिक्षक बच्चों के व्यक्तित्व को गढ़ते हैं। विद्यार्थी जब आगे बढ़ते हैं, तो उनके हर कदम में गुरु का आशीर्वाद होता है। वे युवाओं में शिक्षा के साथ ही संस्कार और देश के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि जब एक शिक्षित युवा समाज में जाता है, तो वह केवल अपना ही नहीं, बल्कि पूरे देश का भविष्य उज्ज्वल करता है। श्री शर्मा ने कहा कि पिछली सरकार के समय पेपरलीक जैसे प्रकरणों से युवाओं के सपने चूर-चूर हो गए थे लेकिन हमारी सरकार के कार्यकाल में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ है।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

# स्टंट्स मेरे लिए मुश्किल नहीं, जुनून है :मेघा रे



अभिनेत्री मेघा रे का कहना है कि स्टंट्स उनके लिए मुश्किल नहीं, जुनून है। सन नियो के शो दिव्य प्रेम: प्यार और रहस्य की कहानी में दिव्या का किरदार निभाते हुए मेघा लगातार हाई-एनर्जी स्टंट और एक्शन से भरपूर सीन के जरिए अपनी सीमाओं को आगे बढ़ा रही हैं।

मेघा रे ने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा, जब से मैं शो में 'सुपर आंटी' बनी हूँ, तब से मैं हर हफ्ते एक नया स्टंट कर रही हूँ और सच कहूँ तो यह एक बेहद रोमांचक सफर रहा है। बचपन में मुझे सबसे यादा प्रभावित करने वाली सुपरहीरो फिल्मों में से एक 'द डार्क नाइट ट्रिलॉजी' थी, जिसे क्रिस्टोफर नोलन ने बनाया था। उनकी बैटमैन फिल्मों ने मुझ पर गहरा प्रभाव डाला। किशोरावस्था में बैटमैन ही वह सुपरहीरो थे, जिन्होंने मुझे सबसे यादा प्रेरित किया। और अब मुझे लगता है कि मैं अपने तरीके से उसी सपने को जी रही हूँ, यह एक अद्भुत एहसास है।

मेघा रे कहा, इसके अलावा, एक्शन सीन मेरे लिए बहुत स्वाभाविक हैं। मुझे ये यादा चुनौतीपूर्ण नहीं लगते क्योंकि बचपन से मेरा डांस का बैकग्राउंड रहा है। इससे मुझे बॉडी पोश्चर, बॉडी लैंग्वेज, ताकत और तेज़ मूवमेंट्स में काफी मदद मिलती है, जो एक्शन सीन के लिए जरूरी होते हैं। इस शो में जो भी एक्शन आप देखते हैं, वह मैं खुद करती हूँ। मुझे लगता है कि मैंने जिन सुपरहीरोज़ को देखा है, उनसे थोड़ी-थोड़ी प्रेरणा अपने अंदर समेट ली है। चाहे वह मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के एवेंजर्स हों या फिर बैटमैन। मेरा मास्क भी मुझे उनकी याद दिलाता है। साथ ही, मुझे वांडा मैक्सिमॉफ से भी प्रेरणा मिलती है, खासकर उस जादुई तत्व के लिए, जिसका मैं इस्तेमाल करती हूँ। तो हाँ, ये सभी प्रेरणाएँ मेरे काम में झलकती हैं।

मेघा रे ने फिटनेस और अनुशासन पर बात करते हुए कहा, मैं अपनी फिटनेस का पूरा ध्यान रखती हूँ, क्योंकि इस तरह के काम के लिए शारीरिक रूप से मजबूत होना बहुत जरूरी है। मैं अपने रूटीन और डाइट में अनुशासन बनाए रखने की कोशिश करती हूँ। इन स्टंट्स ने न सिर्फ मेरे किरदार को और दिलचस्प बनाया है, बल्कि मुझे एक अभिनेता के रूप में और अधिक आत्मविश्वासी भी बनाया है। हर दिन एक नई चुनौती जैसा लगता है और मुझे अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाकर खुद का एक मजबूत रूप खोजने में बहुत मज़ा आता है।

# फिटनेस आइकन और अभिनेता मिलिंद सोमन ग्लूकॉन-डी रिचार्ज के ब्रांड एंबेसडर बने

ज़ाइडस वेलनेस ने अपने नए उत्पाद, ग्लूकॉन-डी रिचार्ज के लिए फिटनेस आइकन और अभिनेता मिलिंद सोमन को ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। यह कदम कंपनी के परफॉर्मेंस हाइड्रेशन सेगमेंट में प्रवेश को दर्शाता है, जिसका उद्देश्य सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देना है। यह प्रोडक्ट रेडी-टू-ड्रिंक बोतल और सैशे स्टिक्स दोनों फॉर्मेट में उपलब्ध है। यह लॉन्च ग्लूकॉन-डी के विकास को दर्शाता है, जो अब केवल इंस्टेंट एनर्जी देने वाले ग्लूकोज़ पाउडर से आगे बढ़कर आधुनिक, एक्टिव लाइफस्टाइल अपनाने वाले उपभोक्ताओं के लिए ऊर्जा और हाइड्रेशन दोनों की ज़रूरतों को पूरा करने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। मिलिंद सोमन ने कहा, कि उनके लिए फिटनेस का मतलब परफेक्शन नहीं, बल्कि नियमितता है। उन्होंने कहा, छोटी-छोटी रोजमर्रा की आदतें ही सबसे बड़ा बदलाव लाती हैं। ग्लूकॉन-डी रिचार्जलोगों को अपने तरीके से एक्टिव रहने और सही ऊर्जा व हाइड्रेशन पाने के लिए प्रेरित करता है।



# मुंबई में सलमान को भीड़ ने घेरा!



बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान के लिए मंगलवार का दिन काफी भारी रहा। मुंबई के ठाणे स्थित दादोजी कोंडदेव स्टेडियम में प्रेसिडेंट कप 2026 इवेंट में शामिल होने पहुंचे सलमान को फैंस की बेकाबू भीड़ ने चारों तरफ से घेर लिया। अभिनेता का सुरक्षा घेरा टूटने के वीडियो सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल रहे हैं। इवेंट के दौरान सलमान खान कैजुअल लुक में पहुंचे थे। कार्यक्रम के बाद जब अभिनेता वहां से बाहर निकलने की कोशिश कर रहे थे, तो फैंस की भारी तादाद उन पर टूट पड़ी। वायरल वीडियो में स्पष्ट दिख रहा है कि सुरक्षाकर्मी अभिनेता को फैंस से सुरक्षित बाहर निकालने के लिए कड़ी मशक्कत कर रहे हैं। भीड़ का दबाव इतना अधिक था कि अभिनेता को चलने के लिए भी काफी कम जगह मिल पा रही थी। वीडियो देखने के बाद सोशल मीडिया पर सलमान के चाहने वालों ने उनकी सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की है। फैंस का कहना है कि इतने बड़े स्टार के साथ इस तरह का व्यवहार और भीड़ का बेकाबू होना खतरनाक हो सकता है। एक यूजर ने लिखा, मैं समझता हूँ कि लोग बड़े फैन हैं, लेकिन उन्हें चलने की जगह न देना उनका अपमान है। उन्हें थोड़ी स्पेस दें। अप्रैल 2025 में, सलमान को मुंबई के वर्ली स्थित ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट के नंबर पर भेजे गए एक मैसेज के ज़रिए जान से मारने की धमकी मिली थी। इस मैसेज में धमकी देने वाले ने चेतावनी दी थी कि वह उनके घर %गैलेक्सी अपार्टमेंट्स% में घुसकर उनकी कार को बम से उड़ा देगा। यह धमकी उस घटना के ठीक एक साल बाद मिली, जब 14 अप्रैल 2024 को दो बाइक सवारों ने उनके घर पर गोलियां चलाई थीं और फिर मौके से फरार हो गए थे। इसे भी पढ़ें महाकाल की शरण में सास डिंपल कपाड़िया के साथ की पूजा, फिल्म भूत बंगला की सफलता के लिए माँगा आशीर्वाद एक फैन ने लिखा, हे भगवान! मैं समझता हूँ कि लोग उनके बहुत बड़े फैन हैं, लेकिन अगर उन्हें चलने के लिए जगह ही न मिले तो यह उनका अपमान है... प्लीज़, उन्हें थोड़ी जगह तो दें। एक अन्य यूज़र ने भी यही बात दोहराते हुए लिखा, हे भगवान! मैं समझता हूँ कि लोग उनके बहुत बड़े फैन हैं, लेकिन अगर उन्हें चलने के लिए जगह ही न मिले तो यह उनका अपमान है... प्लीज़, उन्हें थोड़ी जगह तो दें।

# प्रवेशोत्सव पर नव प्रवेशी छात्र छात्राओं को प्रदान की गयी पुस्तकें

## कक्षा में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त को किया गया पुरूस्कृत



गाडरवारा (स्वतंत्र मत) ।

समीपस्थ ग्राम बम्हौरीकलाँ के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रवेशोत्सव ग्राम के गणमान्य नागरिक सुरेन्द्र पटैल लल्ली भाई, मुरतसिंह पटैल, सुरेन्द्र पटैल, संस्था प्राचार्य श्रीमती ऊषा सिंह, शिक्षक नगेन्द्र त्रिपाठी, चन्द्रभान गूजर, श्रीमती मोहन कोरी की उपस्थिति में उत्साह पूर्वक मनाया गया, वीणापाणी के पूजनोपरांत सामूहिक सरस्वती वंदना की गयी उपरांत कक्षा पहली के नवप्रवेशी सार्थक अहिरवार का तिलक लगाकर मीठा खिलाकर एवं पुस्तकें देकर स्वागत किया उपरांत कक्षा छटवीं में कु लक्ष्मी गूजर , प्रतिभा गूजर एवं अनिमेश गूजर को तिलक लगाकर पुष्प, पुस्तकें देकर मीठा खिलाकर स्वागत किया गया, इसके उपरांत सभी उपस्थित सभी बच्चों को पेन एवं टाफी प्रदान की गयी, इसके साथ ही कक्षा छटवीं सातवीं एवं आठवीं में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रेरणादायक सतसाहित्य (गीताप्रेस) एवं पेन देकर सम्मानित किया गया, अपने उद्बोधन में शिक्षक सुरेन्द्र पटैल, नगेन्द्र त्रिपाठी, श्रीमती ऊषा सिंह, दुर्गेश ठाकुर, ने विद्यार्थियों से प्रतिदिन विद्यालय आने, पढाई करने तथा पानी के संरक्षण हेतु प्रयास करने की बात कही साथ ही आगामी बारिस के समय पौधारोपण करने का आग्रह किया,कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राघवेन्द्र चौधरी ने किया,कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ शिक्षक श्रीमती प्रियंका भोंसले, श्रीमती हेमलता, श्रीमती शबनम निशा, श्रीमती आरती चौरसिया, श्रीमती आरती यादव, सुश्री प्रतीक्षा मालवीय, श्रीमती शिखा दुबे, श्रीमती राधिका शर्मा, सुश्री अक्षिता अवस्थी, नारायण तिवारी, निशांत शर्मा, निशांत श्रीवास्तव,अंश शर्मा,अनिमेष राजपूत, श्रीमती महजवी खान, जितेंद्र पांडे, श्रीमती शिवकुमारी चौधरी, रामस्वरूप नाई आदि उपस्थित थे।

### ग्राम पंचायत कोसमखेड़ा में स्थापित हुआ जल मंदिर-प्याऊ

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत भीषण गर्मी में लोगों को राहत देने और अभियान के बारे में अवगत कराते हुए जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों व नगरीय निकायों में जल मंदिर-प्याऊ स्थापित किए गए हैं। इसके साथ ही अन्य जगहों में जल मंदिर-प्याऊ स्थापित किए जा रहे हैं। साथ ही लोगों को जल संरक्षण व संवर्धन और अभियान के बारे में अवगत करा रहे हैं। इसी क्रम में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नरसिंहपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत कोसमखेड़ा में जल मंदिर-प्याऊ की स्थापना की गई। यह जल मंदिर-प्याऊ मप्र जनअभियान परिषद की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति करहैयाखेड़ा एवं नवांकुर संस्था ग्राम विकास समिति कपूरी के संयुक्त तत्वावधान में की गई। समिति के सदस्यों ने राहगीरों को जल के महत्व को बताते हुए जल के उपयोग का उल्लेख किया। साथ ही उन्हें जल संचय, संरक्षण संवर्धन के महत्व को स्वयं समझ कर दूसरों को भी जागरूक करने का उचित प्रयास करेंगे।

# आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा

## हनुमान जन्मोत्सव की पूरी हुई तैयारियां



गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर आज गुरुवार को विशाल जुलूस नगर में निकाला जाएगा द्य भारतीय युवा दल के कार्यकर्ताओं द्वारा जुलूस को लेकर इस वर्ष विशेष तैयारियां की गई है जो पिछले कई दिनों से लगातार मेहनत कर रहे थे वही अब यह तैयारियां अंतिम दौर में चल रही है द्य भारतीय युवा दल द्वारा बताया गया कि हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शहर के सभी हनुमान मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की जाएगी तथा शाम के समय 4 बजे से खप्पर वाले हनुमान मंदिर से विशाल जुलूस की शुरुआत होगी जो यहां से प्रारंभ होकर पुराना गंज, बड़ा सराफा होते हुए झंडा चौक, चौकी मोहल्ला, चावड़ी, महावीर भवन से होते हुए मुन्ना मिस्त्री के यहां से शक्ति चौक, श्याम टॉकीज, शिवालय चौक, सब्जी मंडी होते हुए वापिस पुराना गंज में इस जुलूस का समापन होगा द्य इस जुलूस में हनुमान जी के जन्म उत्सव से लेकर सारी विधाओं का चित्रण झांकियां के माध्यम से बताया जाएगा द्य जुलूस में नगर के विभिन्न लोगों द्वारा अखाड़ा प्रदर्शन भी किया जाएगा द्य जुलूस में भारतीय युवा दल के कार्यकर्ता वॉकी-टॉकी के साथ तैनात रहेंगे जो जुलूस के दौरान पूरी गतिविधियों पर अपनी पेनी नजर रखेंगे द्य जुलूस को लेकर पूरे शहर में सजावट एवं लाइटिंग की व्यवस्था की जा रही है तथा जगह-जगह विभिन्न संस्थाओं द्वारा प्रसादी एवं स्वल्पाहार की व्यवस्था की जा रही है द्य भारतीय युवा दल के कार्यकर्ताओं द्वारा इस जुलूस में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पुण्य लाभ कमाने की अपील की गई है।



## राहगीरों को पेयजल उपलब्ध कराने के साथ- साथ कर रहे जल संरक्षण व सवंर्धन के लिए जागरूक

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा अनुरूप जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिले में कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में इस अभियान के तहत जागरूकता संबंधी गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में विकासखंड करेली की ग्राम पंचायत देवाकछार में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल मंदिर-प्याऊ की स्थापना की गई। मप्र जनअभियान परिषद की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति देवाकछार व पुनुरूस्थान समिति ग्वारी के संयुक्त त्वावधान में यह जल मंदिर-प्याऊ स्थापित किया गया है। इससे राहगीरों व परिक्रमावासियों को सहजता से पेयजल उपलब्ध होगा। साथ ही जल गंगा संवर्धन अभियान से जुड़ने और जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में जागरूक भी किया जा रहा है।

## पीएमश्री शासकीय कन्या शाला में प्रवेशोत्सव

# विद्यालयीन पत्रिका 'प्रखर प्रज्ञा' का विमोचन





करेली।

पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करेली में विद्यालय प्रवेश उत्सव कार्यक्रम पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी के मुख्य आतिथ्य, राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समिति सदस्य, अधिमान्य पत्रकार आशीष अग्रवाल, वरिष्ठ समाजसेवी उदय सिंह ठाकुर, कमलेश पटेल, बीआरसी प्रमेंद्र सिंह जाट, बीएसी नितिन नारोलिया, संस्था प्राचार्य श्रीमती श्रद्धा श्रीवास्तव के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया गया। उपस्थित अतिथि गणों द्वारा मां सरस्वती के पूजन, बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व राज्यसभा सांसद श्री सोनी ने उपस्थित समस्त बालिकाओं का आवाहन किया कि सरकार बेटियों के भविष्य को संवारने हर संभव प्रयास कर रही है।

आप सभी अध्ययन में भरपूर परिश्रम कर अपने स्वर्णिम भविष्य का निर्माण करें। विशिष्ट अतिथि श्री अग्रवाल, श्री ठाकुर, श्री जाट ने भी सभी बच्चों को प्रवेश उत्सव की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित बालिकाओं को पुस्तक भेंट की गई। साथ ही विद्यालय की वार्षिक गतिविधियों पर प्रकाशित पत्रिका च्प्रखर प्रज्ञाज्ञ का अतिथियों द्वारा विमोचन भी किया गया।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षक आशीष दुबे एवं आभार प्रदर्शन प्राचार्य श्रीमती श्रद्धा श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं सहित अध्यनरत बालिकाओं की उपस्थिति रही।



## जनसुनवाई में आये 40 आवेदन पत्रों की सुनवाई हुई

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में आवेदकों ने विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन पत्र प्रस्तुत किए। जनसुनवाई में विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल 40 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। एसडीएम श्री मणिन्द्र कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती देवंती परते सहित अन्य अधिकारियों ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण किया। जिन आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण नहीं हो सका, उन आवेदन पत्रों को निर्धारित समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

# जिले में 3 से 7 अप्रैल तक विकासखंडों में लगेंगे पुस्तक मेले

**नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।** राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार जिले में पुस्तक मेले का आयोजन 3 अप्रैल से 7 अप्रैल 2026 तक किया जाएगा। इस मेले के माध्यम से नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के प्रारंभ में विद्यार्थियों को पुस्तकें, स्टेशनरी, यूनिफॉर्म, जूते आदि सामग्री उचित मूल्य पर उपलब्ध कराई जाएंगी। इस संबंध में कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला समिति नरसिंहपुर श्रीमती रजनी सिंह ने जिला शिक्षा अधिकारी से कहा है कि वे यह सुनिश्चित करें कि जिले के अशासकीय विद्यालयों द्वारा पालकों पर पुस्तकें, स्टेशनरी, यूनिफार्म, शूज इत्यादि किसी विशेष दुकान अथवा विद्यालयों से क्रय किए जाने के लिए बाध्य, तो नहीं किया जा रहा है। साथ ही इसकी मॉनीटरिंग के लिए जिला स्तर पर विभिन्न कमेटियों का गठन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने समस्त प्राचार्य/ प्रबंधक अशासकीय विद्यालय, सीबीएसई, स्टेट बोर्ड व अन्य बोर्ड नरसिंहपुर को निर्देशित किया है कि वे अपने विद्यालय में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों एवं पालकों को पुस्तक मेला आयोजन में सामग्री क्रय करने के लिए सूचित करें। जारी आदेश के अनुसार मप्र बोर्ड, सीबीएसई, आईसीएससी एवं अन्य बोर्ड, समस्त अशासकीय विद्यालयों के लिये मध्यप्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम 2017 एवं मध्यप्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) नियम 2020 प्रभावशील है। नियम 2020 के प्रावधानों के अनुसार निजी विद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्र या अभिभावकों को पुस्तकें, यूनिफॉर्म, टाई, जूते, कॉपी आदि केवल चयनित विक्रेताओं से क्रय करने के लिए औपचारिक अथवा अनौपचारिक, किसी भी रुप में बाध्य नहीं किया जायेगा। छात्र या अभिभावक इन सामग्रियों को खुले बाजार से क्रय करने के लिये स्वतंत्र होंगे। मध्यप्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम 2017 एवं मध्यप्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) नियम 2020 के प्रावधानों का सम्यक रुप से पालन हो, इसके लिए विगत सत्र की भांति इस सत्र में भी पुस्तक मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिले के विकासखंड नरसिंहपुर के अंतर्गत शासकीय नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर में 3 अप्रैल को, गोटेगांव के अंतर्गत शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोटेगांव में 4 अप्रैल को, करेली के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या करेली में 5 अप्रैल को, सांईखेड़ा- चीचली के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (बीटीआई) गाडरवारा में 6 अप्रैल को और चांवरपाठा के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या तेंदूखेड़ा में 7 अप्रैल को पुस्तक मेलों का आयोजन किया जाएगा। पुस्तक मेले के लिए लिए गठित आयोजन समिति विद्यार्थियों द्वारा क्रय की जाने वाली पुस्तकें, स्टेशनरी, यूनिफार्म, शूज आदि उचित मूल्य पर सुलभ कराए जाने के लिए संबंधित सभी व्यापारियों को पुस्तक मेले में उपस्थित होने के लिए सूचित करें और संबंधित प्राचार्य आयोजन स्थल पर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी तहसीलदार की अध्यक्षता में अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्य/ संचालक एवं व्यापारियों की बैठक आयोजन कर विद्यार्थियों/ पालकों को प्रिंट दर से कम से कम 10 प्रतिशत छूट देने की सहमति दिलाए जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक पुस्तक मेला आयोजन का व्यापक रूप से प्रचार- प्रसार करना सुनिश्चित करें।

### सामूहिक जवारे समिति द्वारा आभार व्यक्त

**नरसिंहपुर।** सामूहिक जवारे समिति, नरसिंहपुर द्वारा सदर मढ़ियां जी मे विगत दिनों जवारों की स्थापना व 9 दिवसीय आयोजनो के पश्चात गत दिवस मातारानी की पालकी सहित जवारों की भव्य व दिव्य, ऐतिहासिक शोभायात्रा निकाली गई, समिति अध्यक्ष महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी द्वारा समिति की ओर से समस्त बंधुओं, भगनियों, श्रद्धालुओं, समाजसेवियों, किसानों, व्यापारियों, संगठनों व पत्रकारों एवम् प्रशासन सहित समस्त प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया। आपने कहा की सब के भावपूर्ण सहयोग एवं सहभाग से ही सामूहिक जवारे समिति की अनूठी व भव्य शोभायात्रा ने नए कीर्तिमान स्थापित किये है, अगले वर्ष पुनः नवाचारों के साथ सामूहिक जवारे समिति द्वारा विविध आयोजन होंगे।

# सांदीपनि विद्यालय में प्रवेश उत्सव, पुस्तक वितरण

करेली।

सांदीपनि शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय करेली में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि कैलाश सोनी, विशिष्ट अतिथि उदय ठाकुर, कमलेश भिंडवार, प्रमेन्द्र सिंह जाट, नितिन नारोलिया, प्राचार्य मोहन विश्वकर्मा, प्रधान पाठक पारसमणी मरेले, कल्पना जैन, उर्मिला चौहान की मंचाशीन उपस्थिति में किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती जी का पूजन पश्चात कक्षा प्रथम में नवीन प्रवेशित बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत पुस्तक वितरण अतिथियों द्वारा किया गया। प्राचार्य मोहन विश्वकर्मा द्वारा प्रवेश प्रक्रिया की रूपरेखा, विद्यालय की उपलब्धि पर प्रकाश डाला गया। मुख्यातिथि श्री सोनी ने अपने उद्बोधन में छात्र छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना की। कक्षा पहली से आठवीं, नवमी एवं ग्यारहवीं में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों को शील्ड प्रदान कर पुरस्कार वितरण किया गया। उच्चतर विभाग से हेमलता मेम, माधुरी चौबे, विभा शर्मा, यादव सर ,शेखर बामनेले एवं माध्यमिक, प्राथमिक विभाग के सभी शिक्षकों की उपस्थिति सराहनीय रही। साथ ही नवप्रवेशित एवं अध्ययनरत विद्यार्थियों के पालकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। मंच संचालन राजेंद्र शर्मा एवं श्रीलेखा शर्मा द्वारा किया गया।



## नरसिंहपुर में 4 अप्रैल को आयोजित होगा जिला स्तरीय संकल्प से समाधान शिविर

**नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।** प्रदेश शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग और जिले के प्रभारी मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत की अध्यक्षता में जिला स्तरीय संकल्प से समाधान शिविर का आयोजन शासकीय पीजी कॉलेज नरसिंहपुर के ऑडिटोरियम में प्रातः 10 बजे से किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने कार्यक्रम के संबंध में विभाग प्रमुखों को दायित्व सौंपे हैं। जारी आदेश के अनुसार जिला शिक्षा अधिकारी मंच संचालन, दीप प्रज्जवलन, पूजन सामग्री, मंच की व्यवस्था, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग शिविर में ठंडा पीने के पानी की व्यवस्था, सहायक संचालक उद्यानिकी मालाओं व पुष्प गुच्छ व जिला शिक्षा अधिकारी के सम्पर्क में रहेंगे। कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग स्टेज पर बैक ड्राप बैनर की व्यवस्था, स्टेज पर सोफासेट व व्हीआईपी कुर्सी सेंटर टेबल सहित की व्यवस्था, सीएमओ नगर पालिका नरसिंहपुर मंत्री व विधायकों के लिए स्टेंडी लगवाने, स्थल की साफ-सफाई, उप संचालक कृषि व पीडी आत्मा ऑडिटोरियम के बाहर 25 काउंटर की व्यवस्था, प्रत्येक काउंटर पर 2 टेबल, 4 कुर्सी व स्वास्थ्य शिविर में 100 कुर्सी, जिला आबकारी अधिकारी ऑडिटोरियम के बाहर काउंटर स्थल, चिकित्सा शिविर स्थल पर टेंट की व्यवस्था करेंगे। महिला एवं बाल विकास विभाग शिविर में माइक व पोडियम की व्यवस्था, जिला आपूर्ति अधिकारी नाश्ते की व्यवस्था, जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी शिविर में सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, टीबी स्क्रीनिंग, एचपीव्ही टीकाकरण, आयुष्मान कार्ड बनाने, प्रबंधक ई-गवर्नेंस आधार कैम्प, डीपीएम एनआरएलएम व डीसी जनअभियान परिषद विभागीय आवेदन प्राप्त करने के लिए काउंटर तथा प्रदर्शनी व्यवस्था के प्रभारी रहेंगे।

# सामूहिक जवारों की विशाल शोभायात्रा ने इतिहास गढ़ा

## भारी भीड़ उमड़ी, आस्था ओर श्रृद्धा से नगर सराबोर







नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।

1 अप्रेल को पूरे नगर का वातावरण उस समय धर्ममय हो गया जब नवरात्रि के अवसर पर सदर देवी मंदिर में स्थापित जवारों की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। डीजे तथा ढोल बाजों के साथ निकली यह शोभायात्रा तकरीबन दो किलोमीटर लम्बी थी जिसे एक स्थान से गुजरने में दो घण्टे से भी अधिक का वक्त लगता था। भीड़ इतनी अधिक थी कि यातायात थम गया था एवं सारी सड़कें ङ्कसचित कर दी गई थीं। जगह जगह बेरिक्रेट्स लगाकर मार्ग बंद कर दिये गये थे एवं व्यापक पुलिस व्यवस्था की गई थी। यही नहीं इस विशाल शोभायात्रा को देखने नगर के अलावा समीपी दर्जनों ग्रामों के महिला पुरूष यहां एकत्रित थे। आस्था के सैलाब ने इस वर्ष पूर्व के सभी रिकार्डो को ध्वस्त करते हुए एक नया कीर्तिमान बनाया है। इस वर्ष लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

**शोभायात्रा ने परम्परा के क्रम को आगे बढ़ाया** - नरङ्कसहपुर के इतिहास में विशाल शोभायात्रा अब नगर की पहचान बन गयी है लोग चैत्र मास आते ही इस शोभा यात्रा में अपनी धार्मिक व सांस्कृतिक सहभागिता के लिए मन भाने लगते है ओर उत्सुकता से इस अवसर का इंतजार करते रहते हैं नगर की आध्यात्मिक शक्ति के केंद्र सदर देवी मंदिर परिसर में रखे गए 751 घट कलश एवं देवी प्रतिमा की विसर्जन शोभायात्रा नगर में निकाली गई है। मातारानी की अगवानी और दर्शन-पूजन करने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सामूहिक जवारा समिति द्वारा शोभायात्रा के लिए व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं। नगर में विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों द्वारा बड़ी संख्या में भंडारे कर ठंडा पानी, शरबत, हलवा, मिठाईयां,गुलाब जामुन और गर्मी में राहत देने छांछ का वितरण किया गया। शोभायात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु आने एवं कार्यक्रम की भव्यता को देखते हुए जुलूस के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया आवागमन के लिए वाहनों का रूट बदल दिया गया है। स्टेशन की ओर से आने वाले वाहन पुलिस लाइन होते हुए सांकल रोड से निकाले जा रहे है। वहीं सुभाष पार्क से मुशरान पार्क-स्टेशन जाने वाले मार्ग को बड़े वाहनों के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। सड़क किनारे जगह-जगह स्वागत-सत्कार के लिए सभी वर्गो के द्वारा पंडाल में स्टाल लगाए गए । शोभायात्रा के साथ दमकल एवं नगर पालिका के पानी टेंकर भी मार्ग को तर करने लगे रहे। शोभायात्रा नगर भ्रमण के उपरांत जनपद मैदान में समाप्त हुयी। जहां से जवारों एवं देवी प्रतिमा को वाहन से नर्मदा जी के तट पर ले जाया गया। जुलूस के साथ विभिन्न गणेश,दुर्गा मंडलों,सामाजिक,धार्मिक व राजनैतिक दलों के जनप्रतिनिधि-पदाधिकारी भी चल रहे है। वहीं आर्कषित करती झांकियां, अखाड़े -कला मंडलियों द्वारा शोभायात्रा में चलते हुए भजन-संकीर्तन के साथ अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे थे। शोभा यात्रा में देवी जी की झांकी भी निकाली गई । लोगों ने मां की आरती उतार कर ओर जयकारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। शोभायात्रा जूलूस को देखने नगर में जिले के कई स्थानों से श्रद्धालु आए । और मुख्य मार्ग किनारे के भवनों व घरों में लोगों की श्रृद्धानत भीड़ बनी रही।

# हिंसा समस्त जीवों को अप्रिय इसलिए वह घोर पाप है

## मित्तल एनक्लेव में राष्ट्र संत डॉ मणिभद्र महाराज साहब के धर्मवचन में उमडी श्रद्धालुओं की भीड़





कटनी (स्वतंत्रमत)

परम पूज्य गुरुदेव अंतर्राष्ट्रीय मानव मिलन के संस्थापक, नेपाल केसरी, राष्ट्र संत डॉ मणिभद्र महाराज साहब थाण का अप्रैल को प्रात: कटनी जैन स्थानक से विहार करके नगर के उद्योगपति ललित मित्तल के निवास स्थान मित्तल एनक्लेव में आगमन हुआ जहाँ मित्तल परिवार ने महाराज का पुष्पा मालाओं से आत्मीय अभिनंदन किया। मित्तल परिवार से पवन मित्तल, ललित मित्तल, सुरेश मित्तल ने महाराज का स्वागत वंदन कर आशीर्वाद लिया। महाराज ने मित्तल एनक्लेव में धर्मवचन में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुये कहा कि आध्यात्मिक जगत का सर्वप्रथम और सर्वप्रमुख सूत्र है अहिंसा। अहिंसा सर्व आश्रमों का हृदय है, सर्व शास्त्रों का गर्भ है और सर्व व्रतों का सार है। अहिंसा धर्म के जगत का प्रवेशद्वार है। अहिंसा से ही धर्म की यात्रा शुरू होती है। जैसे-जैसे हम अहिंसा में पूर्ण होते हैं वैसे-वैसे हम धर्म में पूर्ण होते हैं। अहिंसा ही अपने आप में धर्म है। अहिंसा का अर्थ है, हिंसा से मुक्त होना, हिंसा से ऊपर उठ जाना। यदि हम ठीक से देख सकें तो हम पाएंगे कि हमारा समग्र जीवन हिंसा से घिरा हुआ है। हिंसा से हम इतने आकण्ठ हैं कि हमारा सांस लेना भी हिंसा के बिना संभव नहीं है। अभिमन्यु के लिए चक्रव्यूह को तोड़ना जितना दुष्कर न था हमारे लिए जितना पुष्कर है हिंसा के चक्रव्यूह को तोड़ना उसी गुलामी के कारण वह अन्य को अपना गुलाम बनाना चाहता है। पर अन्य को गुलाम बनाते-बनाते वह स्वयं अन्य का गुलाम बन जाता है। हिंसा समस्त जीवों को अप्रिय है इसलिए वह घोर पाप है। घोर पाप है इसलिए वह त्याज्य है। जगत के समस्त जीव चाहते हैं कि हम जीएं, और सुख से जीएं, अत: समस्त को जीने में सहयोग देना और सुखपूर्वक जीने में सहयोग देना हिंसा है। वह कौन-सी विधि है जिसके द्वारा हम हिंसा से मुक्त बन सकें। भगवान महावीर ने कहा, वह विधि हैं, यतना। जब हम यतना को साथ लेते हैं तो हिंसा से ऊपर उठ जाते हैं। यतना का अर्थ है, समग्र होशपूर्वक क्रियाओं को साधना। जैन दर्शन कहता है, मूर्च्छा ही परिग्रह है। मूर्च्छा का अर्थ है आसक्ति। हम वस्तुओं या व्यक्तियों में आसक्त हैं तो हम परिग्रही हैं। भगवान महावीर आत्मसंपदा की पहचान पा गए तो उनके समस्त परिग्रह मिट गए। वे अपने भीतर में ही महान सम्राट हो गए, चक्रवर्ती बन गए। अपना सम्राट होना ही परम गौरवमयी है। बाहर के सम्राट होने की दौड़ में तो हम और भी बड़े गुलाम बन जाएंगे। अपने गुलामों के भी गुलाम बन जाएंगे। भगवान महावीर के बहुमूल्य से बहुमूल्य अवदानों में से एक अवदान है, अपरिग्रह संदेश। अपरिग्रह आत्म-स्वतंत्रता का उच्चतम उद्घोष है। गुलाम वे ही नहीं हैं जो सामान्यत: गुलाम दिखाई देते हैं। वे लोग उनसे भी बड़े गुलाम हैं जो सम्राट दिखाई देते हैं। गुलाम के बंधन तो बहुत अल्प हैं। सम्राट जिन बंधनों में बंधे हैं वे बंधन असंख्य हैं। जटिलतम हैं। वे अपने गुलामों के भी गुलाम हैं। इस मौके पर मित्तल परिवार सहित बडी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी रही।

## संकट मोचन श्री हनुमान जन्मोत्सव या प्राकट्य उत्सव के रूप में मनाने का किया आह्वान



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** श्री बजरंग बाल रामायण समाज सेवा समिति कटनी द्वारा आज गुरुवार 2 अप्रैल को मनाए जाने वाले श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों से विशेष आग्रह किया गया है हनुमान जयंती के बजाय श्री हनुमान जन्मोत्सव अथवा प्राकट्य उत्सव के रूप में संबोधित किया जाए। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित श्रीरामचरितमानस के सुंदरकांड में भगवान श्रीराम द्वारा हनुमानजी को (अजर-अमर एवं गुणों की निधि) होने का आशीर्वाद प्राप्त है। धार्मिक मान्यता के अनुसार श्री हनुमानजी चारों युगों में विद्यमान हैं और आज भी भक्तों के बीच सक्रिय रूप से विराजमान हैं, इसलिए उनका उत्सव जन्मोत्सव अथवा प्राकट्य उत्सव के रूप में मनाना अधिक उपयुक्त माना गया है। समिति ने कहा कि जयंती सामान्यत: उन महापुरुषों की मनाई जाती है जिनका जन्म और देहावसान दोनों हुए हों, जबकि श्री हनुमानजी को चिरंजीवी माना गया है। वे सेवा, भक्ति, सत्संग और सकारात्मक चिंतन के प्रतीक हैं तथा कलयुग में भक्तों के रक्षक माने जाते हैं। श्चैत शुक्ल पूर्णिमा, गुरुवार 2 अप्रैल को उत्साहपूर्वक श्री हनुमान जन्मोत्सव मनाने, शुभकामनाएं साझा करने एवं धार्मिक कार्यक्रमों में सहभागिता करे।

## एमपीईबी मुख्य अभियंता जबलपुर क्षेत्र ने कटनी वृत का किया औचक निरीक्षण

### लक्ष्य अनुरूप राजस्व वसूली के दिए निर्देश



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** 28 मार्च को मुख्य अभियंता जबलपुर क्षेत्र एसके गिरिया के द्वारा कटनी वृत में औचक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान कटनी वृत के अंतर्गत तीनो संभागों में वसूली एव डिस्कनेक्सन की चल रही कार्रवाई की समीक्षा की गई, समीक्षा बैठक के दौरान अधीक्षण अभियंता कटनी वृत डी न चौकिकर एवं तीनों संभागों के कार्यपालन अभियंताओं की समीक्षा बैठक ली गई सभी संभागों में बकाया राशि की स्थिति के अनुसार कंपनी द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप लक्ष्य अनुरूप वसूली करने हेतु निर्देश प्रदान किए गए हैं, उनके द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि माह के अंतिम दो दिनों में समस्त कार्यालय खुले रहेंगे एवं राजस्व संबंधित समस्त करवाई किया जाए, जिससे कि शेष दिनों राजस्व के अनुरूप राजस्व संग्रहण किया जा सके। कटनी वृत हेतु कंपनी के द्वारा माह मार्च-26 हेतु निम्नदाब कनेक्शन के विरुद्ध निर्धारित किये गए लक्ष्य 38.90 करोड़ के विरुद्ध मात्र राशि 20.19 करोड़ की ही वसूली की जा सकी है जो कि निर्धारित लक्ष्य का 51.6 प्रतिशत ही हुआ है, शेष दिनों में बकाया राशि वाले उपभोक्ताओं के कननेक्शन विच्छेदन सघनता से करते हुए वसूली के निर्देश प्रदान किये गये है। कटनी वृत में अशासकीय एवं समस्त शासकीय कनेक्शन पर बकाया राशि लगभग 131 करोड़ बकाया है, जिसमें वसूली की कार्रवाई की जा रही है।

# काव्य संग्रह अनुभूति का विमोचन समारोह 17 अप्रैल को

## देश की विशिष्ट हस्तियों की मौजूदगी में होगा भव्य समारोह, तैयारियां शुरू

कटनी (स्वतंत्रमत)

शुक्रवार 17 अप्रैल की शाम कटनी के काव्य और साहित्य जगत के लिए यादगार बनने जा रही है। होटल अरिंदम के कांफ्रेंस हॉल में जनपरिषद के तत्वाधान में सजने जा रही साहित्य संध्या में वरिष्ठ पत्रकार एवं कवि सुरेश सोनी ऋतुराज की काव्य कृति (अनुभूति) का विमोचन होगा। इस भव्य समारोह में देश के प्रतिष्ठित रचनाकार और वरिष्ठ पत्रकार शामिल होंगे। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजेश वर्मा का सानिध्य प्राप्त होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कटनी के लोकप्रिय विधायक संदीप जायसवाल करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर निगम की महापौर प्रीति संजीव सूरी की मौजूदगी रहेगी। इस गरिमामय समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हो रहे देश के वरिष्ठ पत्रकार राजेश बादल (भोपाल) द्वारा काव्य कृति अनुभूति की समीक्षा प्रस्तुत की जाएगी। समारोह में जनपरिषद के संयोजक प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार रामजी श्रीवास्तव (भोपाल), मिसेज यूनिवर्स टाइटेनिक ब्यूटी एवं जनपरिषद की ब्रांड एंबेसडर डॉ प्रगति सेठ (भोपाल), कविता जगत के सशक्त हस्ताक्षर मनोहर मनोज, यशभारत के संस्थापक आशीष शुक्ला, जनपरिषद के



प्रांतीय सचिव नितिन श्रीवास्तव (भोपाल) भी शिरकत कर रहे हैं। अन्य अतिथियों में कलेक्टर आशीष तिवारी, पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा और बार एसोसिएशन एवं जिला कांग्रेस के अध्यक्ष अमित शुक्ला की भी उपस्थिति रहेगी। समारोह को शानदार और यादगार बनाने तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। विमोचन और सम्मान के साथ काव्य संध्या में देश के नामी कवि अपनी प्रस्तुति देंगे। इसके लिए बनारस के ओजस्वी कवि वैभव अवस्थी और लखनऊ के गीतकार दाबर रजा की सहमति प्राप्त हो चुकी है।

### मिस यूनिवर्स भी होंगी शामिल

कार्यक्रम के सूत्रधार आशीष सोनी, जनपरिषद कटनी चैप्टर के अध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव प्रखर, वूमन विंग की राष्ट्रीय सचिव शिल्पी सोनी, वूमन विंग की जिलाध्यक्ष सीमा चौधरी, आयोजन समिति के सदस्य साहित्यकार राजेंद्र सिंह ठाकुर एवं



डॉ सुरेन्द्र राजपूत ने बताया कि समारोह में शामिल होने मिस यूनिवर्स टाइटेनिक ब्यूटी एवं जनपरिषद की ब्रांड एंबेसडर डॉ प्रगति सेठ ने भी अपनी स्वीकृति दे दी है। समारोह में साहित्य और काव्य जगत में रुचि रखने वाले प्रबुद्ध नागरिकों को आमंत्रित किया जा रहा है। कटनी शहर के समस्त रचनाकारों, साहित्यकारों और कवियों को विशेष तौर पर आमंत्रित किया जा रहा है। समाज के सभी वर्गों के प्रमुख लोग भी साहित्य संध्या का हिस्सा बनेंगे। समारोह 17 अप्रैल को होटल अरिंदम के सभागार में अपरान्ह साढ़े 3 बजे आयोजित है।

### काव्य संग्रह अनुभूति का परिचय

काव्य संग्रह अनुभूति में शामिल रचनाएं समाज का आईना हैं। वरिष्ठ पत्रकार और कवि सुरेश सोनी ऋतुराज ने कई दशक की अपनी काव्य यात्रा के अनुभवों को अपनी कलम से संजोया और संवारा है। बदलते परिवेश में देश की राजनीति ने किस तरह करवट बदली और लोकतंत्र में सत्ता का कैसा चेहरा आम जन मानस को देखने मिला, इसको स्पर्श करने का प्रयास रचनाओं में किया गया है। समाज में व्याप्त विद्रूपताओं को सामने लाने की कोशिश में वो तमाम विषय उठाए गए हैं जो कवि मन को आहत करते हैं। आज का इंसान किन विसंगतियों से जूझते हुए जीवन यापन कर रहा है, इसे भी कविता की विषय वस्तु में शामिल किया गया है। इसके अलावा सामाजिक सरोकार, प्रेम, इंतजार, व्याकुलता, पीड़ा और जज्बातों को रचनाओं के केंद्र में लाने का प्रयास किया गया है। कुल मिलाकर यह काव्य संग्रह पाठकों की सोच और उनके विचारों को स्वर देता है। आपको यह जानकारी देते हुए हर्षित हैं कि काव्य संग्रह (अनुभूति) अमेज़न, फ्लिपकार्ट, गूगल बुक स्टोर और बीएफसी स्टोर सहित सोशल मीडिया के प्रमुख प्लेटफार्मों पर उपलब्ध है। (अनुभूति) कविता प्रेमियों और विचारशील पाठकों के लिए पढ़ी जाने वाली पुस्तक बनेगी, ऐसा विश्वास है।

# कन्हवारा में युवक की बेरहमी से हत्या

कटनी (स्वतंत्रमत)।

जिले के कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कहंवारा से एक बेहद सनसनीखेज और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। मिली जानकारी के मुताबिक मंदिर के पास अज्ञात बदमाशों ने गाँव के एक युवक के साथ पहले बेरहमी से मारपीट की और फिर उसे जला दिया। इस जघन्य वारदात में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गाँव में भय और तनाव का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है और लोग इस



निर्मम हत्या से स्तब्ध हैं। सूचना मिलते ही कुठला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं अज्ञात आरोपियों की तलाश के लिए टीम गठित कर आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। एडिशनल एसपी डॉ. संतोष डेहरिया ने बताया कि एक व्यक्ति का जला हुआ शव बरामद हुआ है। प्रारंभिक जांच में मृतक के सिर में चोट के निशान पाए गए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल टीम को भी मौके पर बुलाया गया हैए जो घटनास्थल की बारीकी से जांच कर रही है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि मामले में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सरदार पटेल एकता यात्रा कटनी नगर में भव्य स्वागत

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल एकता रथ यात्रा का आगमन कटनी नगर में हुआ था। जिसका भव्य स्वागत नगर के विभिन्न स्थानों में किया गया, काफिला तैयार करने कुछ सामाजिक बंधुओ ने अपनी कार के साथ चांडक चौक, घंटाघर हीरागंज, बरही रोड, स्टेशन चौराहा, सुभाष चौक, मिशन चौक कलेक्टर ऑफिस पीरबाबा, स्लीमनाबाद से जबलपुर के लिए प्रस्थान की, हमारे सब बंधुओं और सर्व समाज से एकता यात्रा में सहभागी रहे। सरदार एकता रथ पर रखी सरदार वल्लभ भाई पटेल को राजघराने से भेंट किया गया 3



किलो सोने से बना अशोक स्तंभ, चरण पादुका, पेटी, पानी पीने का लौटा एवं पानी रखने का पात्र तथा चांदी पात्र आदि सामग्री के दर्शन की किए। कुर्मी क्षत्रिय समाज कटनी मध्यप्रदेश के लिए यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि भारत सरकार ने जो सामग्री हमारे राष्ट्रीय संगठन को सौंपी है वह राष्ट्रीय सम्पत्ति है, भारत के इतिहास में यह पहला मामला है और यह सबसे बड़ा सम्मान है। कटनी जिले के सामाजिक भाईयों में प्रमुख सरदार एकता यात्रा मैं सम्मिलित जिला अध्यक्ष ऋषि राम पटेल, क्रांतिकारी नेता बिंदेश्वरी पटेल, किसान नेता चेतू भाई पटेल, एचपी पटेल, युवा अध्यक्ष संतराम पटेल, प्रतिमा पटेल, संतोष पटेल, अर्जुन पटेल, बृजभान पटेल, डॉ. प्रदीप पटेल, डॉ. बीके पटेल, जगदीश पटेल, एडवोकेट राजेंद्र पटेल, सन्तोष पटेल, डॉ. सुनील पटेल, टंटा राम पटेल, गंगाराम पटेल, अजीत पटेल, आकाश पटेल, नंदलाल पटेल, प्रकाश पटेल, श्रीकांत पटेल, लखन पटेल, विनय पटेल, सरवन सिंह पटेल, चंद्रिका पटेल, अमित पटेल, बुद्धसेन पटेल और अधिक से अधिक सामाजिक बंधु सहभागी बने।

# विधायक ने किया नन्हे जीवन को सुरक्षित, इलाज की ली पूरी जिम्मेदारी

कटनी (स्वतंत्रमत)



विजयराघवगढ़ कैमोर एक मासूम की जिंदगी उस वक्त खतरे में पड़ गई जब वह दर्दनाक हादसे का शिकार हो गया। कैमोर निवासी मासूम की हालत इतनी गंभीर थी कि परिजनों के सामने मानो अंधेरा छा गया था। लेकिन इसी मुश्किल घड़ी में इंसानियत की एक ऐसी मिसाल सामने आई जिसने उम्मीद की लौ फिर से जला दी। कैमोर निवासी नन्हा बच्चा दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। जैसे ही इसकी सूचना नगर परिषद अध्यक्ष पलक नमीत ग्रोवर को मिली उन्होंने बिना एक पल गंवा, अपने सभी कार्य छोड़ दिए और सीधे बच्चे की मदद के लिए दौड़ पड़ीं। उनकी तत्परता और संवेदनशीलता ने एक परिवार को टूटने से बचा लिया। वह स्वयं बच्चे को लेकर विजयराघवगढ़ स्वास्थ्य केंद्र पहुंचीं और परिजनों को ढांढस बंधाया। बच्चे की आर्थिक रूप से कमजोर स्थिति को देखते हुए उन्होंने तत्काल सहायता भी उपलब्ध कराई। इस बीच जब पूरे मामले की जानकारी पलक नमीत ग्रोवर द्वारा विधायक संजय सत्येंद्र पाठक को दी गई तो उन्होंने भी मानवीयता का परिचय देते हुए तुरंत पहल की। उन्होंने बच्चे को जिले के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया और उसके सम्पूर्ण इलाज का खर्च स्वयं उठाने की जिम्मेदारी ली। यह घटना सिर्फ एक मदद नहीं बल्कि संवेदनशीलता जिम्मेदारी और इंसानियत की जीवंत तस्वीर बनकर सामने आई है। एक ओर जहां जनप्रतिनिधियों की सक्रियता ने एक मासूम को नया जीवन देने का कार्य किया वहीं यह भी साबित कर दिया कि सच्ची सेवा वही है जो संकट की घड़ी में किसी के काम आए। आज वह नन्हा बच्चा सुरक्षित है, और उसके परिवार की आंखों में आंसू हैं लेकिन इस बार ये आंसू दर्द के नहीं बल्कि कृतज्ञता और राहत के हैं।

# शातिर मोबाइल चोर गिरफ्तार, 85 हजार के मोबाइल बरामद

## विजयराघवगढ़ पुलिस की कार्रवाई, अन्य आरोपियों की तलाश जारी

कटनी (स्वतंत्रमत)

विजयराघवगढ़ पुलिस ने मोबाइल चोरी के एक मामले का सफल खुलासा करते हुए एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 85 हजार रुपए कीमत के चोरी गए मोबाइल फोन जब्त किए हैं। मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 28-29 मार्च की दरमियानी रात फरियादी द्वारा थाना विजयराघवगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि मेन रोड स्थित उसकी के.जी.एन. मोबाइल दुकान का शटर तोड़कर अज्ञात चोरों ने अंदर रखे 18 नग मोबाइल फोन तथा करीब 15 हजार रुपए नकद चोरी कर लिए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए अपराध क्रमांक 331/24 धारा 457, 380




भादवि के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा अनुविभागीय अधिकारी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रितेश शर्मा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने घटना स्थल के आसपास के साक्ष्य जुटाए और संदिग्धों से पूछताछ शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली जिसके आधार पर एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। आरोपी ने बताया कि वे बिना नंबर की पल्सर मोटरसाइकिल से दुकान तक पहुंचे थे और शटर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर मोबाइल फोन एवं नकदी चोरी कर फरार हो गए थे। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए सभी मोबाइल फोन बरामद कर लिए हैं। जिनकी कुल कीमत लगभग 85 हजार रुपए आंकी गई है। आरोपी ने यह भी स्वीकार किया कि वह पूर्व में भी चोरी की घटनाओं में शामिल रहा है और अन्य जिलों में भी वारदातों को अंजाम दे चुका है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है। वहीं घटना में शामिल अन्य आरोपी अभी फरार हैं जिनकी तलाश के लिए पुलिस टीम लगातार प्रयासरत है। इस सराहनीय कार्रवाई में थाना प्रभारी सहित पुलिस टीम के अधिकारियों और कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टरफाइनल में पहुंचे विश्वनाथ सुरेश और सचिन

## विश्वनाथ सुरेश ने 50 किग्रा और सचिन 60 किग्रा भार वर्ग के अपने-अपने मुकाबलों में जीत की दर्ज

उलानबटार (मंगोलिया)

भारतीय मुक्केबाज विश्वनाथ सुरेश ने (50 किग्रा) भार वर्ग और सचिन 60 किग्रा भार वर्ग के अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए बुधवार को एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2026 के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। आज यहां हुए मुकाबले में विश्वनाथ सुरेश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए किर्गिस्तान के बेकज़ात एर्गेशोव पर 5-0 के सर्वसम्मत निर्णय से जीत हासिल की।सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए अब उनका मुकाबला कजाकिस्तान के संझार ताशकेनबे से होगा, जो इस वर्ग के मौजूदा विश्व चैंपियन हैं।इस बीच, सचिन ने मंगोलिया के बुयांदलाई बायारखू पर 4-1 के विभाजित निर्णय से जीत दर्ज की और अब





अपने क्वार्टर-फ़ाइनल मुकाबले में चीनी ताइपे के चेंग-वेई ली का सामना करेंगे।महिला वर्ग में भारत की प्रिया (महिलाओं का 60किग्रा), प्रीति पंवार (महिलाओं का 54किग्रा) और दीपक (पुरुषों का 70किग्रा) ने भी अपने-अपने पहले दौर के मुकाबले जीते, जबकि जादुमणि सिंह (पुरुषों का 55किग्रा) टूर्नामेंट की शुरुआत में ही अपना मैच हार गए थे।ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75किग्रा) और पूर्व विश्व चैंपियन निखत जरीन (51किग्रा) को टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही अपने-अपने शुरुआती दौर में बाय च (सीधे अगले दौर में प्रवेश) दे दिया गया था।आदित्य प्रताप सिंह गुरुवार को पुरुषों के 65किग्रा वर्ग में सऊदी अरब के मूसा अलहवसाव का सामना करेंगे।मौजूदा विश्व चैंपियन मीनाक्षी हुड्डा और जैस्मीन लंबोरिया, साथ ही ओलंपियन पूजा रानी भी भारत की टीम का हिस्सा हैं और वे बाद में अपने अभियान की शुरुआत करेंगी।

# न्यूजीलैंड का विमेंस वनडे में सबसे बड़ा रनचेज

## भारत का रिकॉर्ड तोड़ा, केर ने 179 रन बनाए; साउथ अफ्रीका को 2 विकेट से हराया

वेलिंग्टन

न्यूजीलैंड ने विमेंस वनडे का सबसे बड़ा रनचेज कर लिया। टीम ने दूसरे वनडे में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 2 विकेट से जीत हासिल की। अमेलिया केर की नाबाद 179 रन की पारी के दम पर न्यूजीलैंड ने 348 रन का लक्ष्य 49.4 ओवर में 8 विकेट खोकर हासिल किया और सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। वेलिंग्टन में बुधवार को न्यूजीलैंड ने भारत का रिकॉर्ड तोड़ दिया। विमेंस वर्ल्ड कप 2025 के सेमीफाइनल में इंडियन विमेंस ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 विकेट खोकर 341 रन का टारगेट हासिल किया था।348 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और सूजी बेट्स जल्दी आउट हो गईं। इसके बाद अमेलिया केर ने पारी संभाली और जॉर्जिया प्लिमर के साथ 52 रन की साझेदारी की। मिडिल ओवर्स में टीम का स्कोर 130/4 हो गया था और मैच साउथ अफ्रीका की पकड़ में दिख रहा था। तभी केर को इसाबेला गेज का साथ मिला, जिन्होंने 48 गेंद में 68 रन बनाकर मैच का रुख बदल दिया। दोनों के बीच 120 रन की तेज साझेदारी हुई, जिसने



न्यूजीलैंड को मुकाबले में वापस ला दिया।अमेलिया केर ने 139 गेंद में नाबाद 179 रन बनाए, जिसमें 23 चौके और 1 छक्का शामिल रहा। उन्होंने पहले पारी को संभाला और फिर तेजी से रन बनाते हुए टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। आखिर में केर ने ही चौका लगाकर मैच खत्म किया और टीम को यादगार जीत दिलाई।इससे पहले साउथ अफ्रीका ने 50 ओवर में 346/6 रन बनाए थे। लौरा वोलवार्ट और एनेके बोश ने दूसरे विकेट के लिए 132 रन जोड़कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। अंत में क्लो ट्रायन ने 25 गेंद में नाबाद 52 रन बनाकर स्कोर 347 तक पहुंचाया।

# बीसीसीआई ने भारतीय टीम के जिम्बाब्वे दौरे का कार्यक्रम किया जारी

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा है कि टीम इंडिया जुलाई में टी20 सीरीज के लिए जिम्बाब्वे का दौरा करेगी। बीसीसीआई के अनुसार पांच मैचों की इस सीरीज के सभी मैच हरारे में खेले जाएंगे। सीरीज 23 जुलाई से शुरु होगी और सभी मैच हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेले जाएंगे। इससे पहले भारतीय टीम ने साल 2024 में जिम्बाब्वे का दौरा किया था, जहां दोनों टीमों के बीच पांच टी20 मैचों की सीरीज खेली गई थी। बोर्ड ने ये भी कहा है कि जिम्बाब्वे टीम जनवरी 2027 में भारत का दौरा करेगी। इस दौरे में दोनो के बची तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज खेली जाएगी। यह मैच कोलकाता, हैदराबाद और मुंबई में खेले जाएंगे। इसका कार्यक्रम बाद में घोषित किया जाएगा। वहीं जिम्बावे क्रिकेट बोर्ड भारतीय टीम के दौरे को लेकर उत्साहित है। बोर्ड के मैनेजिंग डायरेक्टर ने कहा, भारत के खिलाफ मैच से हमारी टीम को काफी कुछ सीखने को मिलता है। ये मुकाबले हमारे खिलाड़ियों के लिए विश्व विजेता टीम के खिलाफ अपने को परखने का अच्छा अवसर है। उन्होंने कहा, भारत का दौरा करना हमारे लिए सम्मान की बात है और इससे दोनों देशों के क्रिकेट संबंध और बेहतर होंगे।

### भारत का जिम्बाब्वे दौरा

- 23 जुलाई, पहला टी20 मैच, हरारे
- 25 जुलाई, दूसरा टी20 मैच, हरारे
- 26 जुलाई, तीसरा टीम20 मैच, हरारे।

# शुभमन ने हार के लिए कमजोर बल्लेबाजी को बताया जिम्मेदार

मुल्लापुर

गुजरात टाइटंस टीम को आईपीएल के 19 वें सत्र के अपने पहले ही मैच में पंजाब किंग्स के हाथों हार का सामना करना पड़ा है। 3 विकेट से मिली इस हार से गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल निराश है। शुभमन ने हार के लिए टीम के बल्लेबाजों को जिम्मेदार बताया है। उन्होंने कहा कि हम अगर 10 से 15 रन और बनाते तो हालात अलग होते। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात टाइटंस ने निर्धारित 20 ओवरों में 162 रन बनाए। इसके बाद जीत के लिए मिले इस लक्ष्य को पंजाब किंग्स ने 19.1 ओवर में ही 7 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। मैच में हार के लिए शुभमन ने खराब बल्लेबाज को कारण बताया है। उन्होंने कहा कि टीम ने अगर 10 से 15 रन और ज्यादा बनाए होते तो ये मैच उनके हाथों में आ जाता। शुभमन ने कहा कि मुझे लगता है कि हमने



अच्छी गेंदबाजी की, पर अंतिम पांच-छह ओवरों में रन नहीं बना पाये। उन्होंने स्वीकार किया है कि टीम 10 से 15 रन कम बना पायी थी। साथ ही कहा कि इस पिच पर 200 से अधिक रन नहीं बन सकते थे पर कहा कि 162 के लक्ष्य का बचाव करना आसान नहीं था। शुभमन ने कहा बल्लेबाजी करते समय यह 210-220 रन वाली पिच नहीं लग रही थी पर मुझे लगता है कि अगर हमने 175 रन बना लिए होते तो हालात कुछ और होते। उन्होंने कहा कि पहली पारी में गेंद के पुरानी हो जाने के बाद उस पर रन बनाना कठिन हो गया था, जबकि दूसरी पारी में बारिश के कारण पिच पर गेंद तेजी से आर रही थी जिसके कारण विरोध टीम के बल्लेबाजों के लिए खेलना आसान हो गया। गिल ने कहा कि गेंद पुरानी होने के बाद उसे सीधे मैदान पर मारना कठिन हो गया। दूसरी पारी में बारिश जारी रही, जिससे गेंद गीली हो गई, इसका लाभ बल्लेबाजों को मिला। इसलिए मुझे नहीं लगता कि दूसरी पारी में बारिश उतनी रुकी। फिर भी, मुझे लगता है कि हमने अच्छा प्रदर्शन किया। हमने दबाव बनाए रखा।

# जापान में इंटरनेशनल सीरीज: सीजन ओपनर में छह भारतीय गोल्फर होंगे मैदान में

**चिबा।** छह भारतीय गोल्फर की एक मजबूत लाइन-अप इंटरनेशनल सीरीज जापान में हिस्सा लेने के लिए तैयार है, जो 2 अप्रैल को जापान के चिबा में कैलेडोनियन गोल्फ क्लब में शुरू हो रही है।2 मिलियन डॉलर का यह इवेंट, जो इंटरनेशनल सीरीज का सीजन ओपनर है, जापान में भारत के 11 बार के एशियन टूर विजेता गगनजीत भुल्लर अपने हमवतन करनदीप कोचर के साथ टी-ऑफ करेंगे, जिन्होंने हाल ही में शानदार फ़ॉर्म दिखाया है।इसके अलावा, भारतीय दिग्गज जीव मिल्खा सिंह, ज्योति रंधावा भी मैदान में होंगे, जो दोनों पहले एशियन टूर ऑर्डर ऑफ



मेरिट विजेता रह चुके हैं; छह बार के एशियन टूर चैंपियन एसएसपी चौरसिया और युवा शौर्य भट्टाचार्य भी मैदान में होंगे।156 खिलाड़ियों के ग्रुप में कनाडा के स्टार खिलाड़ी रिचर्ड टी. ली, फिलीपींस के स्टार मिगुएल टैबुएना और ऑस्ट्रेलेशिया टूर के नंबर 1 ट्रैविस स्मिथ भी इंटरनेशनल सीरीज जापान में हिस्सा लेंगे।इस स्टार-स्टडेड ग्रुप में कई एशियन टूर ऑर्डर ऑफ मेरिट विजेता भी शामिल हैं, जिनमें काज़ुकी हिगा (2025), जॉन कैटलिन (2024), एंडी ओगलेट्री (2023), सिहवान किम (2022), जैज़ जेनवाटननॉन्ड (2019), स्कॉट हेंड (2016), किराडेच अफिबर्नरत (2013), जीव मिल्खा सिंह (2006, 2008) और ज्योति रंधावा (2002) शामिल हैं।

# श्रेयस अय्यर पर लगा 12 लाख जुर्माना

मुल्लापुर

आईपीएल मुकाबले में धीमी ओवर गति के लिए पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। ये जुर्माना गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में पंजाब टीम की धीमी ओवर गति के लिए लगाया गया है। आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए श्रेयस पर ये जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल की ओर से कहा गया है कि पंजाब किंग्स ने धीमी ओवर गति के साथ ही आचार संहिता का



उल्लंघन किया है। इसी कारण पंजाब के कप्तान पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। टीम पंजाब किंग्स टीम अपने घरेलू मैदान में खेले गये इस मैच में टाइटन्स के खिलाफ समय पर आखिरी ओवर को शुरू नहीं कर पाई थी। पहली पेनल्टी तो मैच में ही पंजाब किंग्स पर लग गई थी, जब एक फील्डर को टीम बाहर नहीं रख पाई थी। पांच की जगह चार ही फील्डर बाउंड्री लाइन पर थे। वहीं, अब उन पर स्लो ओवर रेट के लिए फाइन भी लगा है। नियम के अनुसार एक बार टीम इस अपराध के लिए दोषी पाई जाती है तो टीम की मैच फीस भी काटी जाती है कप्तान को दोगुन जुर्माना भरना पड़ता है। इसके अलावा कप्तान पर एक मैच के लिए प्रतिबंध भी लगता है।

# माल्टा और गोजो में खेले जाएंगे राष्ट्रमंडल युवा खेल: सैडलियर

नई दिल्ली

राष्ट्रमंडल युवा खेल अगले साल 29 अक्टूबर से चार नवंबर तक माल्टा और गोजो में खेले जाएंगे। इन खेलों का उद्घाटन समारोह 29 अक्टूबर को होगा जिसके बाद 30 अक्टूबर से चार नवंबर तक खेल स्पर्धायें होंगी। इससे युवाओं को अभी प्रतिभा दिखाने का अच्छा अवसर मिलेगा। इन खेलों में आठ स्पर्धाएं तैराकी और पैरा तैराकी, एथलेटिक्स और पैरा एथलेटिक्स, नेटबॉल, सेलिंग, स्क्वाश,



ट्रायथलॉन, वॉटर पोलो और भारोत्तोलन शामिल रहेंगी। राष्ट्रमंडल खेलों की मुख्य कार्यकारी केटी सैडलियर ने कहा, माल्टा 2027 एक रोमांचक और अच्छे खेलों का वादा करता है। साथ ही कहा विश्व स्तर की सुविधाएं भी इसमें युवाओं को मिलेंगी जिससे भविष्य के सितारे निकलेंगे। इसके अलावा युवा खिलाड़ियों को अच्छा अनुभव और आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। इन खेलों में नौकायन और वाटर पोलो का भी पहली बार आयोजन होगा। माल्टा में राष्ट्रमंडल के 74 देशों और क्षेत्रों से लगभग 1,200 एथलीटों के 14 से 18 वर्ष की आयु वर्ग में भाग लेने की उम्मीद है।

# सोने में चमक बरकरार, चांदी में नरमी

**नई दिल्ली।** कमोडिटी बाजार में बुधवार को सोने और चांदी के दामों में अलग-अलग रुख देखने को मिला। जहां सोना मजबूती के साथ



कारोबार करता नजर आया, वहीं चांदी में गिरावट का दबाव बना रहा। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों में यही ट्रेंड देखने को मिला। घरेलू वायदा बाजार में सोने की कीमतों में बुधवार को तेजी दर्ज की गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का अप्रैल वायदा कॉन्ट्रैक्ट 666 रुपये की बढ़त के साथ 1,51,427 रुपये पर खुला, जबकि पिछला बंद भाव 1,50,761 रुपये था। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट करीब 715 रुपये की मजबूती के साथ 1,51,476 रुपये पर कारोबार करता दिखा। दिन के दौरान सोने ने 1,51,870 रुपये का उच्च स्तर और 1,51,247 रुपये का निचला स्तर छुआ। इस साल सोना 1,80,779 रुपये के सर्वोच्च स्तर तक पहुंच चुका है। वहीं चांदी के वायदा भाव में कमजोरी देखने को मिली।

# शेयर बाजार भारी तेजी के साथ बंद

**मुम्बई।** भारतीय शेयर बाजार बुधवार को भारी तेजी के साथ बंद हुआ। वित्त वर्ष के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी होने से आया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के साथ जारी संघर्ष के शीघ्र समाप्त होने के संकेतों से भी बाजार उछला है। इसके अलावा कच्चे तेल की कीमतों में कमी से भी बाजार धारणा मजबूत हुई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अंत में 1186.77 अंक ऊपर आकर 73,134.32 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं 50



शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 348 अंकों की बढ़त के साथ ही 22,679.40 के स्तर पर पहुंच गया। इससे पहले मार्च में दोनों प्रमुख इंडेक्स 11 फीसदी से ज्यादा गिरे थे। इससे निवेशकों पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। आज बीएसई पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण लगभग 13 लाख करोड़ रुपए बढ़कर 425 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा पहुंच गया। इससे पहले आज सुबह बाजार तेजी के साथ खुला। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 1814.88 अंकों की बढ़त के साथ 73,762.43 पर खुला जबकि निफ्टी 567 अंकों की तेजी के साथ 22,899 के स्तर पर पहुंचा। आज मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी मजबूत खरीदारी देखने को मिली, जहां निफ्टी मिडकैप 100 में 3.30 फीसदी और स्मॉलकैप 100 में 3.61 फीसदी की तेजी दर्ज की गई।

# मुंबई एयरपोर्ट पर देश की पहली इन-टर्मिनल क्विक कॉमर्स सेवा

**मुंबई।** मुंबई हवाई अड्डे के टर्मिनल-2 पर देश की पहली इन-टर्मिनल क्विक कॉमर्स डिलीवरी सेवा शुरू की गयी है।पहली बार किसी टर्मिनल के भीतर इस तरह की सेवा शुरू की गयी है।इससे यात्रियों के लिए बोर्डिंग गेट, लाउंज, फूड कोर्ट और पार्टनर आउटलेट्स सहित टर्मिनल के भीतर कहीं भी अपना ऑर्डर मंगाना आसान हो गया है।मुंबई हवाई अड्डे की प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि डिलीवरी का काम प्रशिक्षित ऑन-ग्राउंड कर्मचारियों द्वारा कुछ ही मिनटों में पूरा किया जाता है, जिससे यात्रियों को एक सुरक्षित और सहज अनुभव मिलता है।इस सेवा के लिए अडानी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड ने क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म ब्लिंकिट के साथ करार किया है।दोनों ने मिलकर छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल-2 के डोमेस्टिक डिपार्चर क्षेत्र में सेवा शुरू की है।यात्री अब ब्लिंकिट ऐप के ज़रिये जरूरी सामान ऑर्डर कर सकते हैं और उसे टर्मिनल के अंदर अपनी जगह पर मंगा सकते हैं।

# सकल जीएसटी संग्रह मार्च में 8.8 प्रतिशत बढ़कर दो लाख करोड़ के पार

**नयी दिल्ली।** सकल वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह मार्च 2026 में सालाना 8.8 प्रतिशत बढ़कर 2,00,064 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान सकल जीएसटी संग्रह में एक साल पहले के मुकाबले 8.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी और यह 22,27,096 करोड़ रुपये हो गया। मार्च के जीएसटी संग्रह में घरेलू राजस्व का योगदान 1,46,202 करोड़ रुपये रहा। इसमें 5.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।आयात पर जीएसटी से प्राप्त राजस्व 17.8 फीसदी बढ़कर 53,861 करोड़ रुपये पर रहा।जीएसटी के तहत मार्च में 22,074 करोड़ रुपये का रिफंड भी जारी किया गया जिससे शुद्ध राजस्व संग्रह 1,77,990 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।रिफंड में 13.8 प्रतिशत और शुद्ध जीएसटी संग्रह में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी। इसके अलावा मार्च में उपकर संग्रह 177 करोड़ रुपये ऋणात्मक रहा।ऐसा उपकर संग्रह की तुलना में इस मद में जारी रिफंड के अधिक रहने के कारण हुआ है। पूरे वित्त वर्ष के दौरान संकलित 22,27,096 करोड़



रुपये के जीएसटी में घरेलू संग्रह का योगदान 6.4 प्रतिशत बढ़कर 16,31,769 करोड़ रुपये पर और आयात पर जीएसटी संग्रह का योगदान 14.1 प्रतिशत बढ़कर 5,95,327 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।वित्त वर्ष के दौरान 2,92,330 करोड़ रुपये का राजस्व जारी किया गया जो सालाना आधार पर 17.8 प्रतिशत ज्यादा है।इस प्रकार शुद्ध जीएसटी संग्रह में 7.1 प्रतिशत की वृद्धि रही और यह 19,34,766 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।पूरे वित्त वर्ष को समाप्त सप्ताह में जीएसटी के साथ 99,039 करोड़ रुपये का उपकर भी एकत्र किया गया।

# वित्त वर्ष 2025-26 में यात्री वाहनों की रिकॉर्ड तोड़ बिक्री

नयी दिल्ली

वित्त वर्ष 2025-26 में देश में करीब 47 लाख यात्री वाहनों की बिक्री के साथ नया रिकॉर्ड बना है।यात्री वाहनों में कार, उपयोगी वाहन और वैन शामिल हैं।टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेश चंद्रा ने बुधवार को एक बयान में बताया कि गत 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष में यात्री वाहन उद्योग की सालाना बिक्री करीब 47 लाख पर पहुंची है जो एक साल पहले की तुलना में आठ फीसदी अधिक है।उन्होंने कहा कि दूसरी छमाही में उद्योग ने बिक्री में दहाई अंक की वृद्धि दर्ज की।इसमें वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की नयी पीढ़ी के बदलावों और बेहतरीन त्योहारी सीजन की अहम भूमिका रही।श्री चंद्रा ने, जो वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम के अध्यक्ष भी हैं, कहा कि स्वच्छ ईंधन वाले वाहनों की ओर लोगों का झुकाव



बढ़ रहा है।इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री दो लाख इकाई को पार कर गयी।साथ ही सीएनजी पर चलने वाले वाहनों की बिक्री में करीब 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी।यात्री वाहन बनाने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने बताया कि उसकी कुल बिक्री लगातार तीसरे साल 20 लाख इकाई के पार रही है।बीते वित्त वर्ष में उसने 24,22,713 वाहन बेचे जो अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन है।इस दौरान घरेलू बिक्री रिकॉर्ड 18,61,704 इकाई पर और निर्यात 4,47,774 इकाई के नये उच्चतम स्तर पर रहा। मार्च में कंपनी ने घरेलू बाजार में कुल 1,69,428 वाहन बेचे जबकि 47,040 वाहनों का निर्यात किया।साथ ही उसने दूसरी विनिर्माण कंपनी के भी 8,783 वाहन बेचे।इस प्रकार उसकी कुल मासिक बिक्री 16.72 प्रतिशत उछलकर 2,25,251 इकाई रही।टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स ने बताया कि मार्च में उसकी घरेलू बिक्री 28 प्रतिशत बढ़कर 66,192 इकाई पर और निर्यात 204 फीसदी बढ़कर 779 इकाई पर पहुंच गयी।इलेक्ट्रिक वाहनों की कंपनी की बिक्री 77 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 9,494 इकाई दर्ज की गयी।वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान कंपनी ने घरेलू बाजार में 6,31,387 वाहन बेचे और इसमें 14 फीसदी को बढ़ोतरी हुई है।निर्यात 281 फीसदी बढ़कर 10,200 इकाई रही।इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में 43 प्रतिशत का इजाफा हुआ और यह 92,120 इकाई दर्ज की गयी।

# शासकीय स्कूलों के प्रति अभिभावकों और बच्चों का बढ़ा आकर्षण: मुख्यमंत्री

## विकासखंड स्तर पर लगेंगे बुक फेयर, निजी स्कूलों के बच्चों को भी मिलेंगी सस्ती पुस्तकें

भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि देश के विकास के लिए राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में कदम से कदम मिलाकर चल रही है। प्रदेश में 1 से 4 अप्रैल तक स्कूल चले हम अभियान चलेगा और बच्चों को स्कूलों में प्रवेश दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शासकीय स्कूलों में ड्रॉप आउट की संख्या शून्य करने पर स्कूल शिक्षा विभाग को बधाई दी। उन्होंने कहा कि शासकीय स्कूलों में कक्षा 1, 6 और 9 में प्रवेश प्रक्रिया को सरल बनाया गया है, जिससे वर्ष 2025-26 में कुल नामांकन में 19.6 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में भी 32.4 प्रतिशत की प्रगति दर्ज की गई है। यह शासकीय स्कूलों पर बढ़ते विश्वास का परिचायक है। राज्य सरकार ने मौजूदा सत्र में स्कूलों में 1 करोड़ 45 लाख नामांकन करने का लक्ष्य रखा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में 369 भव्य सांदीपनि विद्यालयों की शुरुआत की गई है, जो देश में सबसे अच्छे स्कूल हैं। मध्यप्रदेश के सांदीपनि विद्यालयों में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। पीएमश्री स्कूल भी आधुनिक शिक्षा व्यवस्था में महती भूमिका निभा रहे हैं।




मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोपाल में राज्य स्तरीय प्रवशोत्सव कार्यक्रम-2026 के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर बच्चों को नि:शुल्क साइकिलें और पाठ्य पुस्तकें वितरित कीं एवं उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

***विद्यार्थियों ने साईकिलों की घंटियां बजाकर किया अभिवादन***- मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आगमन पर विद्यार्थियों ने साइकिल की घंटियां बजाकर और स्काउट गाइड दल ने वाद्य यंत्रों पर सुमधुर धुनों के साथ उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समारोह में शामिल विद्यार्थियों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अटल टिंकलिंग लैब, रोबोटिक लैब, व्यावसायिक शिक्षा और आईसीटी लैब के स्टॉल का अवलोकन किया। इस अवसर पर स्कूल चले हम अभियान पर केंद्रित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ नि:शुल्क साइकिल प्राप्त करने वाले स्कूली बच्चों का ग्रुप फोटो भी लिया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का अभिवादन किया।

***बच्चे पढ़-लिखकर बनें डॉक्टर, इंजीनियर और उद्यमी***- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्कूल चले हम अभियान बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का एक अभिनव प्रयास है। प्रदेश के सभी 55 जिलों के प्रत्येक गांव का एक-एक बच्चा स्कूल में प्रवेश ले रहा है। स्कूल शिक्षा विभाग ने यह सुनिश्चित किया है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। प्रदेश में बड़े पैमाने पर शासकीय स्कूलों के प्रति अभिभावकों और बच्चों का आकर्षण बढ़ा है। इनमें ड्रॉप आउट खत्म करने के लिए शिक्षकों के साथ समाज के हर वर्ग ने संकल्प के साथ मेहनत की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बच्चों को स्कूल आने-जाने के लिए नि:शुल्क साइकिलें वितरित की गई हैं। आगामी 3 से 4 महीने तक शासकीय स्कूलों के 4 लाख बच्चों को साइकिलें मिलेंगी। विद्यार्थियों के लिए नि:शुल्क गणवेश, किताबें और भोजन की व्यवस्था की जा रही है। हमारे बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर और उद्यमी बनें, उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए स्कूली शिक्षा व्यवस्था को सशक्त किया जा रहा है। शिक्षकों की कमी दूर करने के लिए 76 हजार 325 शिक्षकों की समय पर नियुक्ति की गई।

***मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप और स्कूल टॉपर को मिल रही है स्कूटी***- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत 49 किताबें हिंदी और स्थानीय भाषा में तैयार कर जनजातीय क्षेत्रों में विद्यार्थियों को वितरित की जा रही हैं। प्रदेश में अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए 95 हजार क्षमता वाले 1913 छात्रावासों का संचालन किया जा रहा है। अनुसूचित जनजातीय कार्य विभाग के 25 हजार 439 विद्यालयों में आज 20 लाख से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। प्रदेश सरकार प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। वर्ष 2025-26 की बोर्ड परीक्षाओं में 75 प्रतिशत या अधिक अंक अर्जित करने वाले 94 हजार 306 मेधावी विद्यार्थियों को नि:शुल्क लैपटॉप वितरित किये गए। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बजट में लैपटॉप के लिए 250 करोड़ रुपए, स्कूटी के लिए 100 करोड़ रूपए और साइकिल वितरण के लिए 210 करो? रूपए का प्रावधान किया गया है। बोर्ड परीक्षा के स्कूल टॉपर विद्यार्थियों को स्कूटी की सौगात दी जा रही है।



## मेडिकल कॉलेज ग्वालियर एवं जबलपुर में प्रस्तावित सुदृढ़ीकरण एवं उन्नयन कार्यों को शीघ्र दें अंतिम रूप

### उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा मरीजों की सुविधा और उन्नत चिकित्सा के सभी प्रावधान किए जाएं सुनिश्चित

भोपाल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में ग्वालियर एवं जबलपुर स्थित शासकीय मेडिकल कॉलेजों में प्रस्तावित सुदृढ़ीकरण एवं उन्नयन कार्यों की वृहद समीक्षा की। उन्होंने प्रस्तावों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि इन मेडिकल कॉलेजों में अत्याधुनिक (स्टेट ऑफ द आर्ट) सुविधाएं विकसित की जाएं तथा मरीजों की सुविधा और उन्नत चिकित्सा के सभी प्रावधान सुनिश्चित किए जाएं। बैठक में अपर मुख्य सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा अशोक बर्णवाल, आयुक्त धनराजू एस, एमडी बीडीसी सिबी चक्रवर्ती सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि सभी प्रस्तावों पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए समयबद्ध रूप से स्वीकृति एवं क्रियान्वयन की दिशा में कार्य किया जाए, जिससे प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं सुलभ बनाया जा सके। बैठक में बताया गया कि ग्वालियर स्थित जयारोग्य अस्पताल के उन्नयन एवं सुदृढ़ीकरण के लिये प्रथम चरण में लगभग 911 करोड़ रुपये की लागत का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इस चरण में एमसीएच एवं सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के उन्नयन सहित विभिन्न निर्माण कार्य शामिल हैं। कार्य पूर्ण होने के पश्चात अस्पताल के निर्मित क्षेत्र (बिल्ट-अप एरिया) में लगभग 30 प्रतिशत की वृद्धि होगी, साथ ही ओपन स्पेस एवं ग्रीन एरिया में 7 से 8 प्रतिशत तक विस्तार किया जाएगा। एसटीपी एवं ईटीपी के माध्यम से परिसर को जीरो डिस्चार्ज कैंपस के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है।

***जबलपुर मेडिकल कॉलेज में 1200 होगी बेंडो की संख्या*** - इसी प्रकार नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज, जबलपुर में वर्तमान 750 बिस्तरीय अस्पताल को उन्नत कर 1200 बिस्तरों तक विस्तारित किया जाएगा। साथ ही सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का विस्तार, हॉस्टल सुविधाओं का विकास तथा रेजिडेंशियल ब्लॉक के निर्माण कार्य भी प्रस्तावित हैं। गजरा राजा मेडिकल कॉलेज, ग्वालियर में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार एवं अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण के लिए चरणबद्ध विकास कार्य प्रस्तावित किए गए हैं। प्रथम चरण में 1050 बिस्तरीय मातृत्व एवं शिशु चिकित्सालय, 600 बिस्तरीय स्पेशियलिटी चिकित्सालय, 100 बिस्तरीय टीबी एवं आइसोलेशन वार्ड का विस्तार और 100 बिस्तरीय रेडियोथेरेपी एवं कैंसर अस्पताल का विस्तारीकरण किया जाएगा। इसके साथ ही प्रशासनिक भवन, नर्सिंग महाविद्यालय, 500 बिस्तरीय नर्सिंग छात्रावास, आवासीय इकाइयां, सर्विस ब्लॉक, पार्किंग तथा बाह्य विकास कार्य भी किए जाएंगे, जिन पर लगभग 911 करोड़ रुपये की लागत का प्रावधान है। द्वितीय चरण में 1500 सीटर ऑडिटोरियम, मरीजों के परिजनों के लिए डॉर्मिटरी, सेंट्रल ड्रग स्टोर, आवासीय इकाइयां तथा पीजी छात्रावास भवन का निर्माण किया जाएगा।

# हर घर में शिक्षा का दीप जले, कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे:खाद्य मंत्री



भोपाल

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि हर घर में शिक्षा का दीप जलना चाहिए और कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए। शिक्षा वह प्रकाश है जो अज्ञानता के अंधकार को दूर करती है। मंत्री श्री राजपूत सागर स्थित सांदीपनी विद्यालय (महारानी लक्ष्मीबाई कन्या विद्यालय) में आयोजित प्रवेश उत्सव कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि प्रवेश उत्सव केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि शिक्षा के प्रति जागरूकता, नए सपनों की शुरुआत और उज्ज्वल भविष्य की ओर पहला कदम है। जब कोई बच्चा पहली बार विद्यालय की दहलीज पर कदम रखता है, तो वह केवल स्कूल में प्रवेश नहीं करता बल्कि ज्ञान, संस्कार और आत्मनिर्भरता की दुनिया में प्रवेश करता है। मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि प्रवेश उत्सव का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर बच्चा विद्यालय से जुड़े, शिक्षा प्राप्त करे और अपने जीवन को सफल बनाए। आज भी कई बच्चे ऐसे हैं जो किसी न किसी कारण से शिक्षा से दूर रह जाते हैं। ऐसे में हम सभी की जिम्मेदारी है कि हर घर का हर बच्चा स्कूल जाए और अपने सपनों को पूरा करे। मंत्री श्री राजपूत ने अभिभावकों से भी अपील की कि वे अपने बच्चों की शिक्षा को प्राथमिकता दें, क्योंकि आज की शिक्षा ही कल के सशक्त भारत का निर्माण करेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार विद्यार्थियों के लिए कई योजनाएं चला रही है, जिनके तहत निशुल्क पाठ्य पुस्तकें, साइकिल, स्कूटी, लैपटॉप सहित विभिन्न छात्रवृत्तियां प्रदान की जा रही हैं। मंत्री श्री राजपूत ने मेधावी एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी, शिक्षक और छात्राएं उपस्थित रहीं।

## मांडू स्वदेश दर्शन योजना के लिए डेस्टीनेशन मैनेजमेंट कमेटी गठित

भोपाल। भारत सरकार की चैलेंज बेस डेस्टिनेशन डेवलपमेंट सब-स्कीम स्वदेश दर्शन 2.0 योजना की गाइडलाइन्स द्वारा माण्डू जिला-धार की स्वीकृति प्राप्त हुई है। राज्य शासन ने डेस्टीनेशन मैनेजमेंट कमेटी का गठन किया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किए है। कमेटी में जिला कलेक्टर, धार को अध्यक्ष बनाया गया है। पुलिस अधीक्षक जिला धार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद माण्डू जिला धार यदि प्रस्तावित क्षेत्र नगरीय क्षेत्र में है, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जिला धार (यदि प्रस्तावित क्षेत्र ग्रामीण क्षेत्र में है), कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग जिला धार, सहा. संचालक, जनसंपर्क विभाग जिला धार, जिला महा प्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र जिला धार, प्राचार्य शासकीय तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान, जिला धार, कलेक्टर धार द्वारा नामांकित जिला प्रमुख/विभाग के प्रतिनिधि पर्यटन, और कलेक्टर धार द्वारा नामांकित पर्यटन उद्योग के दो प्रतिनिधि, सदस्य होंगे। अध्यक्ष किसी भी अन्य विभाग/संस्था के प्रतिनिधि को विशेष आमंत्रित के रूप में आवश्यकतानुसार आमंत्रित कर सकेगें। कलेक्टर एवं चेयरपर्सन डेस्टिनेशन मैनेजमेंट कमेटी माण्डू जिला-धार, जिले के पर्यटन उद्योग से जुडे हुये दो प्रतिनिधियों तथा पर्यटन से जुडे हुये विभाग के प्रतिनिधि को नामांकित कर इसकी सूचना पर्यटन विभाग एवं म.प्र. पर्यटन बोर्ड को प्रेषित करेंगे एवं विकास कार्यों की देखरेख के लिए अपने अधीनस्थ किसी अधिकारी को कमेटी के सदस्य सचिव के रूप में अधिकृत कर सकेंगे। उक्तानुसार गठित कमेटी पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार की चैलेंज बेस डेस्टिनेशन डेवलपमेंट सब-स्कीम स्वदेश दर्शन 2.0 योजना की निर्धारित गाईडलाईन्स के अनुसार उत्तरदायित्वों का निर्वहन करेगी।

## पांच जन प्रतिनिधियों ने प्रवेशोत्सव में विद्यार्थियों को बांटे उपहार



दमोह

शासकीय उर्दू उमा विद्यालय दमोह में प्रवेशोत्सव में आमंत्रित जनप्रतिनिधि श्रीमती कविता राय पार्षद बजरिया 7, बजरिया 5 से पार्षद हेमराज, बजरिया 1 से पार्षद श्रीमती फरहीन नाज, सिविल वार्ड एक से पार्षद रमेश राठौर, बजरिया 2 से पार्षद श्रीमती हलीमा सादिया प्रतिनिधि पति शेख रफीक द्वारा समस्त बच्चों को आकर्षक उपहार भेंट किये गए। प्राचार्य नाजिर खान के निर्देशन में समस्त स्टाफ ने छात्र/छात्राओं पर पुष्प वर्षा कर विद्यालय में प्रवेश कराया। नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक प्रभारी आरजी चौधरी एवं नसीम अहमद ने पुस्तकें वितरित की।

इस अवसर पर सभी जनप्रतिनिधियों ने छात्र-छात्राओं को उज्जव भविष्य की कामना करते हुए बधाई प्रेषित की। श्रीमती कविता राय ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए मप्र शासन की विभिन्न जनहित एवं छात्र हित की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा प्राप्त कर अपने अपने जीवन को संस्कारमय बनाने एवं प्रत्येक सकारात्मक क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने की बात की तथा विद्यालय की सुंदरता से प्रभावित होकर प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ को बधाई प्रेषित की।

## जिला स्तरीय प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम आयोजित

दमोह

शासकीय सांदीपनि उमा विद्यालय दमोह में नवीन शिक्षण सत्र 2026-27 के लिए 01 अप्रैल को जिला स्तरीय प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत दमोह अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल एवं उपाध्यक्ष जिला पंचायत मंजू धर्मेन्द्र कटारे, सिद्धार्थ मलैया, सुरेश पटेल, राजेंद्र पटेल, नरेंद्र नायक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, एडीएम मीना मसराम, डीईओ एसण्के नेमा, डीपीसी मुकेश द्विवेदी, बीईओ वाईके कोरी, बीआरसी ललित रैकवार एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।


**कार्यालय म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भवन नामांतरण/हस्तातरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गोविंद भवन कॉलोनी जबलपुर स्थिति भवन क्रमांक एम.आई.जी.-08 श्री आइ.एम. रोडरिक्स पिता श्री एम.एम. रोडरिक्स के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 08.04.1994 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्री आइ.एम. रोडरिक्स पिता श्री एम.एम. रोडरिक्स ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 09.03.2026 के माध्यम से श्रीमती सुरभि सिंह पति श्री कुलदीप सिंह कुशवाह को विक्रय किया है। अतः श्रीमती सुरभि सिंह पति श्री कुलदीप सिंह कुशवाह द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज/आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन/भूखण्ड) बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**

**कार्यालय म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भवन हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पी.पी. कॉलोनी जबलपुर में भवन क्रमांक एस.टी.आर. 11 (1) श्रीमती मिली चटर्जी पति श्री अजीत कुमार चटर्जी (2) श्रीमती मधुमिता भाटिया पति श्री नवीन भाटिया (3) श्रीमती मधु चंदा चटर्जी पति श्री बिजोय कुमार चटर्जी के नाम आवंटित है. जिसका विक्रय विलेख दिनांक 08.04.2005 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन (1) श्रीमती मिली चटर्जी पति श्री अजीत कुमार चटर्जी (2) श्रीमती मधुमिता भाटिया पति श्री नवीन भाटिया (3) श्रीमती मधु चंदा चटर्जी पति श्री बिजोय कुमार चटर्जी ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 27.01.2026 के माध्यम से श्री शुभम रजक पिता श्री जवाहर सिंह एवं श्री आकाश रजक पिता श्री जवाहर सिंह रजक को विक्रय किया है। श्री शुभम रजक पिता श्री जवाहर सिंह एवं श्री आकाश रजक पिता श्री जवाहर सिंह रजक द्वारा उक्त भवन अपने नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज / आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति सस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तातरण (भवन / भूखण्ड) बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते है। आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है मेरे पक्षकर श्री चन्द प्रकाश ठाकुर पिता चन्द्रभान सिंह ठाकुर निवासी मकान नं. 600 ग्वारीघाट रोड वार्ड क्रमांक थाना ग्वारीघाट जबलपुर मध्य प्रदेश में निवास करता हूँ, मेरे स्वत्व की सम्पत्ति मौजा ग्वारीघाट खसरा नं. 151/1 का हिस्सा प्लाट नं. 3 कुल रकवा 40 फुट बाई 50 फुट कुल 2000 वर्गफुट पर निर्मित मकान / यूनिट नं.3, जिसकी चौहद्दी उत्तर में एवं दक्षिण में विक्रेता की भूमि, पूर्व में रास्ता, पश्चिम में रेल्वे लाईन है। उपरोक्त सम्पत्ति को विक्रेता श्रीमति आनन्द मई दुबे पत्नि स्व.श्री शारदा प्रसाद दुबे की ओर से मुख्त्यार आम 1. श्री अर्पन दुबे 2.श्री अरविन्द दुबे दोनों पिता निरंजन प्रसाद दुबे से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 1 नवम्बर 2001 को पंजियन कराया गया था जिसका पुस्तक क्रमांक 10099 पृष्ठ क्र. 170 से 174 पर दस्तावेज क्र. 915/ग है।

उपरोक्त रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 1/11/2001 दस्तावेज के. 915/ग की मूल प्रति कि फोटो कापी नामान्तरण हेतु कराने गया था जो कि शिवाजी ग्राउण्ड से पेन्टीनाका के बीच उक्त विक्रय पत्र गिर गया है जिसको बहुत खोजने पर ना मिलने की स्थिति में मेरे पक्षकर द्वारा पुलिस थाना सदर केन्ट जबलपुर में दिनांक 25/03/2026 को सूचना देकर रिपोर्ट दर्ज करायी जिसका रो. सान्हा क्रमांक (रजिस्ट्रेशन न.) 65/25.03.2026 है।

मेरे पक्षकर ने उपरोक्त सम्पत्ति के राजस्व दस्तावेज में नामान्तरण कराने बावत श्रीमान तहसीलदार महोदय गोरखपुर जबलपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है, नामान्तरण की प्रक्रिया में मुल/मुख्य प्रति का मिलान श्रीमान तहसीलदार महोदय के समक्ष कराना होता है चूंकि विक्रय पत्र की मूल प्रति गुम गई है और श्रीमान तहसीलदार महोदय विक्रय पत्र की मुल/मुख्य प्रति के मिलान के बिना ही नामान्तरण कार्यवाही कर रहे है अतः उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में यदि किसी आम या खास किसी व्यक्ति, निगम, संस्था वित्तीय संस्था, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था, या कोई भी बैंक आदि को, किसी प्रकार की आपत्ति या लेन-देन या कोई उक्त भूमि पर अपना हित रखता हो, वह मूल दस्तावेज लेकर सूचना प्रकाशन के एक सप्ताह के अन्दर मेरे कार्यालय में आ कर अपनी आपत्ति दर्ज कराये व पावती प्राप्त करे, अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति दावा मान्य नहीं किया जावेगा और न ही मेरे पक्षकार की कोई और जवाबदारी होगी ओर वह उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पर आपना दर्ज कराने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**अखिलेश मिश्र (अधिवक्ता)**
**देवायन 6. स्टेट बैंक कालोनी, सिंगल स्टोरी, बल्देवबाग जबलपुर**
**मो. 9826319966 0761-3556629**


# अतिक्रमण, सीमित वित्तीय संसाधन चुनौतियां हैं लेकिन इनसे पीछे हटने का विकल्प नहीं : कलेक्टर

## नालों की सफाई और बाहरी क्षेत्रों का निरीक्षण

दमोह

शहर के प्रमुख विकास और जल संवर्धन कार्यों को लेकर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर बुधवार सुबह 8 बजे से मैदानी भ्रमण पर निकले। उनके साथ एसडीएम सौरभ गंधर्व, सीएमओ राजेन्द्र सिंह लोधी तथा राजस्व विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। टीम ने सुभाष कॉलोनी सहित विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर विकास कार्यों की समीक्षा की और आगामी कार्यों की स्पष्ट टाइमलाइन तय की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर कोचर ने निर्देश दिए कि सुभाष कॉलोनी में कार्य दोपहर 2 बजे से तत्काल प्रभाव से शुरू किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि दीवान जी की तलैया और सुभाष कॉलोनी के सभी कार्य 60 दिनों के भीतर पूर्ण किए जाएंगे। उन्होने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शहर में एक ही प्रमुख कार्य को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि संसाधनों को 25 अलग-अलग स्थानों पर बांटने के बजाय सबसे जरूरी स्थान सुभाष कॉलोनी और दीवान जी की तलैया पर ही पूरा फोकस किया जाए। कलेक्टर ने मॉडल आंगनवाड़ी के पास स्थित जैविक हाट को व्यवस्थित करने को लेकर भी चर्चा की गई व इस क्षेत्र के बेहतर प्रबंधन और विकास के लिए आवश्यक निर्णय लिए।



कलेक्टर कोचर ने निरीक्षण के दौरान हिरदेपुर क्षेत्र, स्टॉप डैम, नालों के बहाव मार्ग और लाड़न बाग व बाईपास के पास आ रही बाधाओं का भी जायजा लिया गया। उन्होने बताया कि अगले 60 दिनों में शहर के 9 बड़े नालों की सफाई का अभियान शुरू किया जाएगा जिसकी शुरुआत सुभाष कॉलोनी से होगी। उन्होने एसडीएम सौरभ गंधर्व को प्रतिदिन कार्यों की निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि तय समय-सीमा में काम पूरा किया जा सके। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा कि अतिक्रमणए सीमित वित्तीय संसाधन और अनिश्चित मौसम बड़ी चुनौतियां हैं लेकिन इनसे पीछे हटने का विकल्प नहीं है। उन्होंने अधिकारियों को कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प के साथ कार्य करने का संदेश दिया।

## हाट बाजार का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने महिला बसति गृह के समीप लग रहे जैविक प्राकृतिक खेती हाट बाजार का निरीक्षण किया एवं व्यवस्थाएं देखी। विक्रेता किसानों द्वारा रखी गई मांग के अनुसार जैविक प्राकृतिक खेती हाट बाजार हेतु टीन शेड लगवाए जाने का आश्वासन दिया। प्रांगण में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्ताओं ने आंगनवाड़ी में बाउंड्री वॉल बनाने की मांग रखी। कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेन्द्र सिंह लोधी को चलित शौचालय रखे जाने के निर्देश दिए।

## कार सहित 10 पेटी देशी शराब जब्त

**हटा।** अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत हटा थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कार से 10 पेटी देशी शराब जब्त की है। हालांकि मौके का फायदा उठाकर आरोपी फरार हो गए। थाना प्रभारी सुधीर बेगी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर लुहारी के पास घेराबंदी की। संदिग्ध कार को रोकने का प्रयास किया गया लेकिन चालक वाहन छोड़कर भाग निकला।


**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**

**लोककर्म विभाग**

**तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | PRO-07 Date 01/04/2026 2026_UAD_494990_1 | संभाग क्र. 15 नगर निगम जबलपुर के वार्ड नं. 72 में कचनार सिटी के लाइन में डमलीकरण कार्य (CM Monit-A+) | 02 माह रू. 8.53 लाख | 2,000/- 8531/- | 10/04/2026 |
| 2. | PRO-07 Date 01/04/2026 2026_UAD_494990_2 | वार्ड क्र. 74 में अमखेरा खजरी खिरिया बायपास मार्ग पर नई पानी की टंकी के बाजू से श्री परिसर मार्ग पर सड़क के क्रासिंग में hume pipe डाल जाने हेतु | 02 माह रू. 06.55 लाख | 2,000/- 6553/- | 10/04/2026 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री (लोककर्म विभाग) नगर निगम, जबलपुर**

# सिविल विवाद को गलत तरीके से दिया गया आपराधिक रंगः मप्र हाईकोर्ट

## 970 लाख रूपए के बैंक लोन मामले में रद्द की एफआइआर

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



मप्र हाईकोर्ट ने 970 लाख रुपए के बैंक लोन डिफॉल्ट से जुड़े एक मामले में बड़ा फैसला सुनाते हुए इलाहाबाद बैंक के खिलाफ दर्ज एफआइआर को रद्द कर दिया है। हाईकोर्ट ने स्पष्ट कहा कि यह पूरी तरह सिविल विवाद था, जिसे गलत तरीके से आपराधिक रंग दिया गया। जस्टिस बीपी शर्मा की सिंगल बेंच ने कहा कि रिकॉर्ड में कहीं भी बैंक की धोखाधड़ी की मंशा साबित नहीं होती। सभी प्रक्रिया नियमों और दस्तावेजों के अनुसार की गई। गारंटर ने खुद अपनी सहमति से संपत्ति गिरवी रखी थी।

***ये है पूरा मामला***- दरअसल वर्ष 2010 में स्पार्टा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के नाम पर 970 लाख रुपए का लोन इलाहाबाद बैंक से लिया गया था। लोन की गारंटी के तौर पर विदिशा स्थित संपत्ति गिरवी रखी गई। बाद में लोन का भुगतान नहीं हुआ और खाता नॉन-परफॉर्मिंग एसेट बन गया। जब बैंक ने वसूली प्रक्रिया शुरू की, तो बैंक अधिकारियों पर लोकायुक्त के डीएसपी राजकुमार शर्मा की शिकायत पर धोखाधड़ी, जालसाजी और विश्वासघात जैसे आरोप लगाकर एफआइआर दर्ज की गई। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि शिकायतकर्ता राजकुमार शर्मा का पुत्र लोन लेने वाली समिति में सेक्रेटरी था। एफआइआर 25 दिसंबर 2013 को दर्ज की गई। यह वही समय था जब बैंक ने रिकवरी शुरू की थी। इससे साफ है कि एफआइआर का उद्देश्य बैंक की कार्यवाही को रोकना और दबाव बनाना था। कोर्ट ने साफ किया कि यह मामला लोन वसूली से संबंधित सिविल प्रकृति का था, पर इसे गलत तरीके से आपराधिक केस में बदला गया। जो कि कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग है। इस मामले पर अपना फैसला देते हुए मप्र हाईकोर्ट ने हबीबगंज थाने में 25 दिसंबर 2013 को दर्ज हुई एफआइआर को दुर्भावनापूर्ण मानते हुए रद्द किया गया। हाईकोर्ट का यह फैसला साफ संकेत देता है कि हर वित्तीय विवाद को आपराधिक रंग नहीं दिया जा सकता और कानून का इस्तेमाल दबाव बनाने के लिए नहीं किया जा सकता।

## मजिस्ट्रेट से अभद्रता मामले में हाईकोर्ट सख्त

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मप्र हाईकोर्ट ने इंदौर के एक वकील पर मजिस्ट्रेट से अभद्रता के आरोपों को गंभीरता से लेते हुए सख्त रुख अपनाया है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने सुनवाई के दौरान कहा कि आप पहले जवाब दीजिए और हां, जवाब दाखिल करने से पहले किसी सीनियर को जरूर दिखाना। कोर्ट ने यह भी कहा कि वकील अपने सभी तर्क लिखित जवाब में पेश करें। मामले की अगली सुनवाई 28 अप्रैल को होगी। वकील को उस दिन फिर से कोर्ट में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। दरअसल इंदौर के अधिवक्ता मधुर तिवारी पर आरोप है कि उन्होंने 18 दिसंबर 2025 को एक मुकदमे की पेशी के दौरान न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी मृणाल मोहित के साथ अभद्रता और धमकी दी। इस घटना के बाद वकील मधुर तिवारी के खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्यवाही के लिए मामला हाईकोर्ट भेजा गया। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने बैंड और गाउन पहनकर वकील के कोर्ट में पेश होने पर नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा कि अवमानना मामलों में ऐसा ड्रेस कोड उपयुक्त नहीं है। जब वे बैंड उतारने लगे, तो बेंच ने उन्हें रोकते हुए समझाइश दी। कोर्ट ने पूछा कि आप कितने साल से प्रैक्टिस कर रहे हैं, वकील ने जवाब दिया 5 साल से। इसके बाद बेंच ने पूछा कि क्या उन्होंने किसी सीनियर के अधीन काम किया है। वकील ने बताया कि उन्होंने सीधे प्रैक्टिस शुरू की। इस पर कोर्ट ने उन्हें कहा कि वे अपना जवाब देकर अपनी बात रखें, लेकिन जवाब दाखिल करने से पहले किसी सीनियर से मार्गदर्शन जरूर लें।

# अंतिम छोर तक न्याय पहुंचाने 51 न्याय सारथी हुए रवाना

## मोबाइल विधिक सहायता क्लीनिक वाहनों को दिखाई गई हरी झंडी

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आमजन को सुलभ, त्वरित और प्रभावी न्याय उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए न्याय सारथी मोबाइल विधिक सहायता क्लीनिक का शुभारंभ किया गया। न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा, मुख्य न्यायाधिपति, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय एवं मुख्य संरक्षक, मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एक उच्च न्यायालय ने समारोह में 51 न्याय सारथी मोबाइल विधिक सहायता क्लीनिक वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस कार्यक्रम में न्यायमूर्ति विवेक रूसिया, प्रशासनिक न्यायाधिपति एवं कार्यपालक अध्यक्ष, मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा मप्र उच्च न्यायालय न्यायमूर्तिगण की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य न्यायाधिपति के दूरदर्शी नेतृत्व एवं न्यायमूर्ति विवेक रूसिया के कुशल मार्गदर्शन में यह महत्वपूर्ण पहल राज्य के दूरस्थ, ग्रामीण, जनजातीय एवं वंचित क्षेत्रों तक विधिक सेवाओं की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई है।

***गांव-गांव जाकर दी जाएगी विधिक सहायता***- मप्र के प्रत्येक जिले में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हेतु कुल 51 न्याय सारथी मोबाइल विधिक सहायता क्लीनिक वाहन उपलब्ध कराए गए हैं। बोलेरो नियो मॉडल के यह वाहन मोबाइल विधिक सहायता क्लीनिक के रूप में कार्य करेंगे, जिनके माध्यम से राज्य के सुदूर गांवों, पंचायतों एवं घर-घर तक विधिक सहायता और विधिक जागरूकता सेवाएं पहुंचाई जा सकेंगी। इन मोबाइल विधिक सहायता क्लीनिकों के माध्यम से शविर आयोजित कर सकेंगे, जमीनी स्तर पर हितग्राहियों की सहायता कर सकेंगे तथा सामुदायिक मध्यस्थ विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान हेतु समुदाय स्तर पर मध्यस्थता को प्रोत्साहित कर सकेंगे। शासकीय जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विधिक सेवा पहलों की जानकारी का प्रसार कर अंतिम छोर तक न्याय पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर ग्राम न्यायालय अधिनियम, 2008 के प्रावधानों के अंतर्गत स्थापित एवं संबंधित जिला न्यायालयों के अधीन संचालित ग्राम न्यायालयों हेतु उपलब्ध कराए गए वाहनों को भी विधिवत हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। समारोह में धरमिंदर सिंह, रजिस्ट्रार जनरल, मप्र उच्च न्यायालय, रजिस्ट्री के अधिकारीगण, उमेश पांडव आदि उपस्थित रहे।



## पटवारा स्टेशन पर नहीं रुकेंगी 6 ट्रेनें

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

जबलपुर मण्डल में प्री-नॉनइंटरलॉकिंग एवं नॉनइंटरलॉकिंग कार्य के चलते रेलवे प्रशासन द्वारा पटवारा रेलवे स्टेशन पर अधोसंरचनात्मक कार्य करने का निर्णय लिया गया हैं। इस दौरान पटवारा रेलवे स्टेशन पर अस्थाई तौर पर ठहराव नहीं रहेगा, जिसके चलते पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट एवं गुजरने वाली 6 ट्रेनें प्रभावित रहेगी। इसी कड़ी में गाड़ी संख्या 11274 प्रयागराज छिवकी - इटारसी एक्सप्रेस 5 से 7 तक, गाड़ी संख्या 11273 इटारसी-प्रयागराज छिवकी एक्सप्रेस 08 से 10 अप्रैल तक, गाड़ी संख्या 61606 सतना-कटनी मेमू ट्रेन 06 से 08 अप्रैल तक, गाड़ी संख्या 61605 कटनी - सतना मेमू ट्रेन 09 से 11 अप्रैल तक, गाड़ी संख्या 11705 जबपुर-रीवा शटल एक्सप्रेस 09 से 11 अप्रैल तक और गाड़ी संख्या 11706 रीवा-जबलपुर शटल एक्सप्रेस 06 से 08 अप्रैल तक प्रभावित रहेगी।

# एमपी ट्रांसको ने क्विक रिस्पांस अवार्ड से किया सम्मानित

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) सिवनी में कार्यरत दिनेश कुमार सनोडिया को ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस में उत्कृष्ट एवं त्वरित कार्य के लिए प्रदेश स्तरीय क्विक रिस्पांस अवार्ड से सम्मानित किया गया है। उल्लेखनीय है कि 132 के.व्ही. सिवनी-भोमा रेलवे ट्रेक्शन लाइन पर आकाशीय बिजली गिरने से हुए ब्रेकडाउन की सूचना मिलते ही वे 35 मिनट में स्थल पर पहुँचे। लाइन पेट्रोलिंग के दौरान सस्पेंशन पोलिमर स्ट्रिंग (टॉप फेज) में फाल्ट चिन्हित कर टीम के साथ मात्र 3 घंटे में सुधार कार्य पूर्ण किया और रेलवे की विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी, जबकि सामान्यतः इसमें लगभग 6 घंटे लगते । मुख्यालय जबलपुर में आयोजित एक विशेष समारोह में एमपी ट्रांसको के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी एवं सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता नीलकंठ गजानन टिकेकर ने उन्हें मेडल, ट्राफी एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

# पत्नी का केस लड़ने से नाराज पति ने अधिवक्ता को मारे चाकू

## जिला कोर्ट के बाहर हुई वारदात, जांच में जुटी पुलिस

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



जिला कोर्ट में दो वकील आपस में इस कदर भिड़ गए कि पहले दोनों के बीच जमकर बहस हुई और उसके बाद एक वकील ने दूसरे पर चाकू से हमला कर दिया। दरअसल यह घटना मंगलवार शाम की है। इस मामले में ओमती थाना पुलिस ने घायल वकील की शिकायत पर धारा 307 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जिला कोर्ट के बाहर हुई इस घटना ने सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस मामले में घायल अधिवक्ता रामलाल रजक ने बताया कि वे अधिवक्ता राकेश महोबिया की पत्नी की ओर से एक मामले की पैरवी कर रहे हैं। इसी मामले को लेकर राकेश ने उनपर केस न लड़ने का दबाव डाला। जिसपर उन्होंने मना कर दिया। कुद देर बाद जब वे कोर्ट के गेट नंबर 4 से जाने लगे तभी वहां पर पहले से मौजूद अधिवक्ता राकेश महोबिया ने उन्हें रोककर उनके ऊपर चाकू से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले में रामलाल को संभलने का मौका नहीं मिला। चाकू उनके गले के पास लगा, साथ ही हाथ और कान के पास भी चोट आई है। घटना होते ही अन्य अधिवक्ता मौके पर पहुंचे और घायल को तुरंत चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई। घायल वकील की शिकायत पर ओमती थाना में आरोपी राकेश महोबिया के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। मौके पर पहुंची ओमती थाने की पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

# भारतबोध विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



महाकौशल विचार मंच, प्रज्ञा प्रवाह और रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय के एकात्म भवन में व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया । विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्य एवं महत्व पर विस्तृत प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता के रूप में विनय दीक्षित ने 'भारतबोध' विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि 'भारत को जानना, समझना और उसके मूल्यों को आत्मसात करना ही सच्चे राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है।' उन्होंने धर्म की व्याख्या करते हुए स्पष्ट किया कि धर्म का वास्तविक अर्थ 'धारण करना' अथवा 'कर्तव्य का निर्वहन' है। कार्यक्रम में एड. राकेश सिंह, प्रो. राकेश बाजपेयी, डॉ. अश्वनी जायसवाल, डॉ. आशा रानी, डॉ. अजय मिश्रा, डॉ. धीरेंद्र मौर्य, डॉ. रिंकेश भट्ट एवं कामता प्रसाद मिश्रा, प्रो. सुरेंद्र सिंह,डॉ. निखिल चौरसिया की विशेष उपस्थिति रही।

## भिक्षा देने और लेने पर लगेगा एक हजार का जुर्माना

**जबलपुर।** शहर को भिक्षुक मुक्त करने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा विशेष अभियान चलाया गया है। इस दौरान नगर निगम द्वारा गौरीघाट, तिलवाराघाट, उमाघाट, जिलेहरीघाट, दरोगाघाट के अलावा शहर के अन्य सार्वजनिक स्थलों से भिक्षुकों को भिक्षावृत्ति का कार्य न करनें दी जा रही है समझाईश और स्थानीय भिक्षुकों को आश्रय स्थलों में किया जा रहा है। निगमायुक्त के निर्देश पर उपायुक्त एवं उनकी टीम ने गौरीघाट से 22 भिक्षुकों को किया शिफ्ट और बाहर के 7 भिक्षुकों को उनके गृहग्राम के लिए भेजा गया।

# विद्यार्थियों के लिए उत्साह और नई ऊर्जा का प्रतीक होता है विद्यालय का प्रथम दिवस

## जिले भर की शालाओं में मनाया गया प्रवेश उत्सव, छात्राओं को भेंट की साइकिलें

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



नये शैक्षणिक सत्र के साथ एक अप्रैल से शुरू हुये स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत जिले के सभी स्कूलों में प्रवेश उत्सव के कार्यक्रम आयोजित किये गये। प्रवेश उत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला मुख्यालय स्थित पं. लज्जा शंकर झा उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विधायक अशोक रोहाणी, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, कलेक्टर राघवेंद्र सिंह तथा शिक्षकों एवं विद्यालय के स्टाफ ने नव प्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं को एनएमएमएस परीक्षा एवं प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया तथा बालिकाओं को साइकिलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकें वितरित कर स्वागत किया गया। साथ ही एनएमएमएस परीक्षा एवं प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में बालिकाओं को नि:शुल्क साइकिलों का वितरण भी किया गया। विधायक अशोक रोहाणी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुये स्कूल चलें हम अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शासन चाहता है कि प्रत्येक बच्चे का शाला में प्रवेश सुनिश्चित हो। श्री रोहाणी ने कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थियों से कहा कि वे मन लगाकर पढ़ाई करें तथा बढ़े होकर परिवार, शहर, प्रदेश और देश का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि पढ़ाई में बच्चों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो, इसके लिए शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

***टॉपर्स विद्यार्थियों को मिलेगा हवाई यात्रा का मौका***- उन्होंने घोषणा की कि एनएमएमएस के टॉपर विद्यार्थियों को बरगी डेम में क्रूज यात्रा कराई जाएगी तथा जिला प्रशासन द्वारा चयनित टॉपर विद्यार्थियों को हवाई यात्रा का अवसर भी प्रदान किया जाएगा। अन्य विद्यार्थियों के लिए हेलीकॉप्टर यात्रा की भी व्यवस्था की जाएगी। नगर निगम अध्यक्ष रिंकूज विज ने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु प्रेरित किया तथा सभी को जल सरंक्षण की शपथ दिलाई। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि विद्यालय का प्रथम दिन प्रत्येक विद्यार्थी के लिए उत्साह और नई ऊर्जा का प्रतीक होता है। नये गणवेशए नई पुस्तकें एवं नए संकल्प के साथ विद्यार्थियों को सदैव श्रेष्ठ प्रदर्शन का प्रयास करना चाहिए और पढ़ाई के प्रति समर्पित रहना चाहिए। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने कहा कि विद्यार्थी अपनी मेहनत एवं लगन से विद्यालय, परिवार एवं देश का नाम रोशन करें। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## ओरिजिनेटिंग फ्रेट लोडिंग में पमरे ने तोड़ा रिकार्ड

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पश्चिम मध्य रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 58.07 मिलियन टन ओरिजिनेटिंग फ्रेट लोडिंग दर्ज की, जो पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि के 52.76 मिलियन टन की तुलना में 10.06 प्रतिशत अधिक है। यह उपलब्धि महाप्रबंधक के सतत मॉनिटरिंग एवं वाणिज्य तथा परिचालन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा जबलपुर, भोपाल और कोटा मंडलों में किए गए निरंतर प्रयासों का परिणाम है।







हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**